रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 25] नई दिल्ली, शनिवार, जून 17, 1972 (ज्येष्ठ 27, 1894)

No. 25] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 17, 1972 (JYAISTHA 27, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस

(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 24 जनवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 24th January 1972 :—

अंक Issue No	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject
1	2	3	4
8	सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-4/72 दिनांक 15 जनवरी 1972	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी में अतिरिक्त संशोधन।
8	No. DRAWBACK P N-4/72, dt. 15th Jan. 1972	Min of Finance	Further amendment in the table published in the public Notice No. DRAWBACK/P.N.-1, dt. the 15th Oct. 1971
	सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-5/72, दिनांक 15 जनवरी, 1972	तदैव	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन।
	No. DRAWBACK/PN-5/72 dated 15th Jan. 1972	Do.	Amendments in the table published in the Public Notice No. DRAWBACK/PN-1, dated the 15th Oct. 1971.
	सं० प्रति अदायगी/पी०एन०-6/72, दिनांक 15 जनवरी 1972	तदैव	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/पी० एन०1, दिनांक 15 अक्तूबर, 1971 मे प्रकाशित सारणी मे संशोधन।
	No. DRAWBACK/PN-6/72 dt. 15th Jan 72	Do.	Amendments in the table annexed to the Public Notice No. F. DRAWBACK/P.N.-1, dt. the 15th Oct. 1971.

1	2	3	4
	सं० प्रति अदायगी/पी०एन०-7/72, दिनांक 15 जनवरी 1972	वित्त मंत्रालय	सार्वजनिक सूचना सं० प्रति अदायगी/पी० एन०-1, दिनांक 15 अक्तूबर 1971 में प्रकाशित सारणी में संशोधन ।
	No. DRAWBACK/PN-7/72 dt. 15th Jan. 1972 .	Min. of Finance	Amendments in the table published in the Public Notice No. DRAWBACK/PN-1, dt. the 15th Oct. 1971.
9.	सं० 2-प्रेज़/72, दिनांक 15 जनवरी, 1972	राष्ट्रपति सचिवालय	राष्ट्रपति द्वारा पदक प्रदान ।
9.	No.2-Pres/72, dt. 15th Jan. 1972 . .	President's Secretariat	Making of Awards by the President.
10	सं० 5-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 17 जनवरी 1972	विदेश व्यापार मंत्रालय	संयुक्त राज्य अमरीका अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण कार्यक्रम महासागर जलयानों को अधिकार पत्र देना और अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण वित्तपुस माल के परिवहन के लिए कतिपय जलयानों पर व्यापार निषेध लगाना ।
10.	No.5-I.T.C.(P.N.)/72 dt. 17th Jan. 1972 .	Min. of Foreign Trade	U.S. AID Programme chartering of Ocean Vessels and Embargo on certain vessels for transport of AID financed goods.
11.	सं० 1/24/72-एम०, दिनांक 18 जनवरी 1972	परमाणु ऊर्जा विभाग	डाक्टर विक्रम अम्बालाल साराभाई का देहान्त ।
11.	No. 1/24/72-M, dt. 18th Jan. 1972 . .	Department of Atomic Energy	Death of Dr. Vikram Ambalal Sarabhai.
12.	सं० 37/1/IV/72/टी०, दिनांक 18 जनवरी 1972	लोक-सभा सचिवालय	लोक-सभा को सोमवार 13 मार्च, 1972 को 11 बजे नई दिल्ली में अधिवेशन के लिए राष्ट्रपति द्वारा आमन्त्रित आदेश ।
12.	No. 37/1/IV/72/T dt. 18th Jan. 1972 .	Lok Sabha Secretariat	Order by the President on summoning the Lok Sabha at New Delhi on Monday, the 13th March, 1972 at 11 A.M.
13.	सं० 6-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 18 जनवरी 1972	विदेश व्यापार मंत्रालय	अप्रैल 1971—मार्च 1972 वर्ष के लिए आयात नीति ।
13.	No. 6-ITC(PN)/72 dt. 18th Jan. 1972 .	Min. of Foreign Trade	Import Policy for the year April 1971—March 1972.
4.	सं० आर० एस० 1/1/72-एल०, दिनांक 19 जनवरी 1972	राज्य सभा सचिवालय	राज्य सभा को सोमवार 13 मार्च 1972 को 11 बजे नई दिल्ली में समवेत होने के लिए राष्ट्रपति द्वारा आमन्त्रित आदेश ।
14.	RS 1/1/72-L dt. 19th Jan. 1972 . .	Rajya Sabha Secretariat	Order by the President on summoning the Rajya Sabha at N. Delhi on Monday the 13th March 1972 at 11 A.M.
15.	सं० 7-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72 दिनांक 19 जनवरी 1972	विदेश व्यापार मंत्रालय	पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति—विदेशी यात्रियों द्वारा आंशिक या पूर्ण रूप में किये गए अग्रिम भुगतान के लिए दरियों के किए गए निर्यात के प्रति प्रतिपूर्ति प्रदान करना (संशोधन सं०-53)।
15.	No. 7-ITC(PN)/72 dt. 19th Jan. 1972 .	Min. of Foreign Trade	Import policy for Registered Exporters— Grant of Replenishment against export of carpet made against advance payments made in part or full by the Foreign tourists (Amendemet No. 53).

1	2	3	4
16.	सं० 8-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 21 जनवरी 1972	विदेश व्यापार मंत्रालय	अप्रैल 1971—मार्च 1972 वर्ष के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (संशोधन सं०-54)।
16.	No.8-ITC(PN)/72 dt. 21st Jan. 72 . . .	Min. of Foreign Trade	Import Policy for registered exporters for the period April 1971– March 1972 (Amendment No. 54).
16.	सं० 9-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72, दिनांक 21 जनवरी 1972	तदैव	अप्रैल 1971—मार्च 1972 वर्ष के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (संशोधन सं०-55)।
16.	No. 9-ITC(PN)/72 dt. 21st Jan. 1972 . .	Do.	Import policy for registered exporters for the year April 1971—March, 1972 (Amendment No. 55).
17.	सं० 3/2/72-पब्लिक II, दिनांक 22 जनवरी 1972	गृह मंत्रालय	दिल्ली के उपराज्यपाल डा० आदित्य नाथ झा का देहावसान।
17.	No. 3/2/72-Pub.II dt. 22nd Jan. 1972 . .	Min. of Home Affairs.	Death of Dr. Aditya Nath Jha Lt.-Governor of Delhi.
18	सं० ए० 21021/13/71-प्रशासन III B दिनांक 22 जनवरी 1972	वित्त मंत्रालय	सीमाशुल्क तथा केंद्रीय उत्पादन शुल्क विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की योजना की धारा (एफ०) और (जी०) का प्रतिस्थापन।
18.	No.A. 21021/13/71 Ad.III B, dt. 22nd Jan. 1972 .	Min. of Finance	Substitution of clauses (f) and (g) of the scheme for the grant of appreciation certificates to officers and staff of the Customs and Central Excise Departments.
19.	सं० 3 ए०-प्रेज०/72, 22 जनवरी 1972	राष्ट्रपति सचिवालय	राष्ट्रपति द्वारा उपाधियां प्रदान।
19.	No. 3A-Pres/72, dt. 22nd Jan. 1972 . . .	President's Secretariat	Making of awards by the President.
20	सं० 10-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72 दिनांक 22 जनवरी 1972	विदेश व्यापार मंत्रालय	अफगानिस्तान से सभी प्रकार के ताजे फलों का आयात किन्तु नारियल, काजू तथा खजूरों [क्रम सं० 21(ए०)(1)/4] को छोड़कर।
20.	No.10-ITC(PN)/72 dt. 22nd Jan. 1972 . .	Min. of Foreign Trade	Import of fresh fruits all sorts excluding coconuts, Cashew nuts and Dates [S.No. 21(a)(i)/IV] from Afganistan.
21.	सं० 11-आई०टी०सी० (पी०एन०)/72 दिनांक 24 जनवरी 1972	तदैव	अप्रैल 1971—मार्च 1972 वर्ष के लिए पंजीकृत निर्यातकों के लिए आयात नीति (संशोधन सं० 56)
21.	No. 11-ITC(PN)/72 dt. 24th Jan. 1972 . .	Do.	Import policy for registered exporters for the year April 1971—March 1972 (Amendment No. 56).

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पो से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	591
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयो और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियो आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाए	969
भाग I—खंड 3—रक्षा मत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	63
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियो आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	847
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मत्रालयो और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1459
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाए	2013
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	285
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	819
भाग III—खड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	191
भाग III—खड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाए	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल है	1091
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी सस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसे	119
पूरक संख्या 25—	
10 जून, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट	1125
20 मई, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरो मे जन्म तथा बड़ी बीमारियो से हुई मृत्यु सम्बन्धी आंकड़ें	1135

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	591
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	969
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	63
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	847
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories	1459
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	2013
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence	27
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	819
PART III—SECTION 2.—Noufications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta	191
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1091
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	119
SUPPLEMENT No. 25	
Weekly epidemiological Reports for week ending 10th June, 1972	1125
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 20th May 1972	1135

भाग I—खण्ड 1
(PART I—SECTION 1)

रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 1 जून 1972

सं० 71-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में उत्कृष्ट वीरता के लिए महावीर चक्र प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ब्रिगेडियर आनन्द सरूप (आई०सी०-4501), गोरखा राइफल्स।

ब्रिगेडियर आनन्द सरूप को पाठनगर और फेनी नगर के दक्षिणी क्षेत्र में दुश्मन पर हमला करने के लिए सैन्य दलों को सगठित करने और लड़ाई में उतारने का काम सौंपा गया। इन्होंने इस सैना को बहुत तेजी से सगठित किया और इनकी कमान में सैनिक नजीरहाट, कुमीरहाट और भटियारी की लड़ाइयों में बड़ी वीरता से लड़े। ब्रिगेडियर आनन्द सरूप लगातार आगे बढ़ते रहे और अपने सैनिकों के साथ अग्रिम पंक्ति में रहकर संक्रियाओं का निर्देशन करते रहे।

पूरी कार्यवाही में ब्रिगेडियर आनन्द सरूप ने प्रत्यक्ष वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

2. लेफ्टिनेन्ट कर्नल शमशेर सिह (आई०सी०-7018), ब्रिगेड आफ गार्ड्स।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल शमशेर सिह पूर्वी सेक्टर में एक हमले के दौरान ब्रिगेड आफ गार्ड्स की एक बटालियन की कमान कर रहे थे। दुश्मन ने सुरगों, तारों और छल बमों को छिपा कर और आर्टीलरी, टैंक और मशीनगन की गोलाबारी में अच्छा तालमेल कायम कर के बहुत मजबूत मोर्चाबन्दी कर रखी थी। दुश्मन के शक्तिशाली मुकाबले के बावजूद बटालियन लक्ष्य पर पाव जमाने और उस जगह पर कब्जा रखने में किसी तरह सफल हुई। इसके लिए जवानों को एक बकर से दूसरे बकर पर जाकर लड़ना पड़ा और हमारा भारी जानी नुकसान हुआ। दुश्मन ने बहुत से जवाबी हमले किए, जिनके दौरान बटालियन के पास गोला बारूद की कमी हो गयी। किन्तु जरा भी विचलित न होकर लेफ्टिनेन्ट कर्नल शमशेर सिह ने आमने-सामने होकर लड़ाई लड़ी। इन्होंने स्वय जगह-जगह जाकर अपने जवानों को निर्देश दिया और उन्हे अपने-अपने मोर्चे पर डटे रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इन्होने आर्टिलरी और मशीनगन की गोलाबारी की सहायता का बदोबस्त किया। अपनी बटालियन का पुनर्गठन करने के बाद इन्होंने एक और हमला किया और कड़े मकाबले के बावजूद दुश्मन को भारी जानी नुकसान पहुचा कर अपने लक्ष्य पर कब्जा करने में सफल हुए।

इस सक्रिया में लेफ्टिनेन्ट कर्नल शमशेर सिह ने प्रत्यक्ष वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया।

3. मेजर विजय कुमार बेरी (आई०सी०-11567), पैराशूट रेजीमेन्ट।

17 दिसम्बर, 1971 को युद्ध विराम के बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने पश्चिमी सैक्टर में हमारे प्रदेश के भीतर घुसकर लगभग 600 गज इलाके पर कब्जा कर लिया और चारों तरफ, सुरग बिछा कर इसे एक रक्षित इलाका बना लिया। सीमा पार अन्य रक्षित मोर्चों पर दुश्मन भारी तादाद मे था और वहा से वह इस इलाके पर हावी हो रहा था।

पैराशूट रेजीमेन्ट की एक बटालियन को दुश्मन के कब्जे से यह इलाका वापिस लेने का काम सौंपा गया। मेजर विजय कुमार बैरी को इस इलाके पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। इनकी कम्पनी को दुश्मन की भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ा। लेकिन बिना झिझके मेजर बैरी ने हमला जारी रखा। सुरग क्षेत्र मे अपने जवानों का नेतृत्व करते हुए इन्होंने अपनी जान की जरा भी परवाह न करके दुश्मन की पोजीशन पर हमला किया और लक्ष्य पर पहुंच गए। लेकिन दुश्मन ने इस पोजीशन पर अगले बारह घन्टे तक आर्टिलरी और मार्टर से धुआधार फायर किया। मेजर विजय कुमार बेरी इस से जरा भी विचलित नहीं हुए और हर शैक्शन के पास जाकर इन्होंने अपने जवानों का हौसला बढ़ाया। इस तरह वे कब्जे में आये इलाके पर डटे रहे और उस इलाके से दुश्मन को भगा दिया।

इस सक्रिया में मेजर विजय कुमार बेरी ने उत्कृष्ट वीरता और असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया।

4. 2850287 नायक सुरत सिह, राजपूताना राइफल्स।

मरणोपरान्त

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

9 दिसम्बर, 1971 को राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन को मैनामती में स्थित दुश्मन की मोर्चाबन्दी पर हमला करने का आदेश मिला। यहा अच्छी तरह तैयार कन्क्रीट के बंकर थे, जिनमें मिडियम मशीनगनें लगी हुई थी और जिनका दुतरफा फायर हर रास्ते पर आड किए हुए था। ज्यों ही प्रहार

करने वाले सैनिक लक्ष्य के करीब पहुंचे, मीडियम मशीन-गनों से गोलीबारी होने लगी जिससे प्रहार रुक गया। स्थिति की गम्भीरता महसूस करके नायक सुगन सिंह एक मीडियम मशीन-गन चौकी की तरफ लपके। इनके कन्धे पर गोलियों की बौछार पड़ी। लहूलुहान होने के बावजूद वह बंकर तक रेंग कर पहुंचे और इन्होंने एक हथगोला भीतर फेंका, जिससे दो पाकिस्तानी सैनिक मारे गये। दूसरी मीडियम मशीनगन अभी भी गोला-बारी कर रही थी। इनके शरीर से खून बहुत निकल चुका था फिर भी वह दूसरी मशीनगन की तरफ लपके। लेकिन वह आगे नहीं बढ़ सके और वहीं गिर पड़े। इसके बावजूद हाथ में हथगोला लिए वह दूसरे बंकर तक रेंग कर पहुंचे और इन्होंने हथगोला बंकर में मरका दिया, जिससे दुश्मन के तीन जवान मारे गये। इसके विस्फोट के कारण वह भी वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में नायक सुगन सिंह ने उत्कृष्ट वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

सं० 72-प्रेज/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को वीरता के लिए शौर्य चक्र प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर विष्णु दत्त शर्मा (आई०सी०-10048), रेजिमेंट आफ आर्टिलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

मेजर विष्णु दत्त शर्मा एयर डिफेंस रेजिमेंट की बैटरी की कमान कर रहे थे। इन्हें हलवाड़ा हवाई मैदान का हवाई हमलों से बचाव करने का कार्य सौंपा गया था।

इन्होंने अपनी बैटरी को कुशलता और दक्षता से तैनात किया और अपने मार्ग दर्शन से अपने सैनिकों को प्रेरणा दी जिससे कि वे दुश्मन के सीधे हवाई हमलों का बखूबी मुकाबला कर सकें। इनके प्रेरणादायक नेतृत्व में इनकी बैटरी 3 दिसम्बर 1971 को दुश्मन के वायुयानों के सामने डटी रही, जिससे बहुमूल्य संस्थापनों और उपस्करों को नुकसान न पहुंच सका। 4 दिसम्बर, 1971 को इस बात को अच्छी तरह जानते हुए भी कि हवाई मैदान में अनेकों बिना फटे बम पड़े हैं, अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना हवाई हमलों से पूरी तरह बचाव के लिए वे एक से दूसरी गन-पोजीशनों में गए। इस तरह एक से दूसरी गन-पोजीशन में जाते समय जब अचानक ही एक बिनफटा बम फट गया तो वह बुरी तरह जख्मी हुए।

इस पूरी सक्रिया के दौरान मेजर विष्णु दत्त शर्मा ने प्रणनीय साहस और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

2. लेफ्टिनेन्ट कमांडर सज्जन कुमार (एक्स०), भारतीय नौसेना।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कमांडर सज्जन कुमार, पाकिस्तान के खिलाफ हुई हाल की सक्रियाओं के दौरान विशाखापत्तनम् में "कमान क्लियरेंस डायविंग टीम" के इंचार्ज थे।

5 दिसम्बर, 1971 को लेफ्टिनेन्ट कमांडर सज्जन कुमार ने उस टीम का नेतृत्व किया, जिसने पाकिस्तानी पनडुब्बी गाजी का पता लगाकर उसका निशान लगाया, जो कि बाद में भारतीय नौसैनिक कार्यवाही की वजह से विशाखापत्तनम् के पास डूब गई। हालांकि, डूबी हुई पनडुब्बी के भीतर विस्फोट होने का खतरा था, फिर भी लेफ्टिनेन्ट कमांडर सज्जन कुमार ने गोताखोरी की संक्रियाओं का लगातार नेतृत्व किया, जिसकी वजह से न केवल पनडुब्बी को पहचानने में मदद मिली, बल्कि दूसरी महत्वपूर्ण संक्रियात्मक सूचनाएं भी प्राप्त हुई।

इस कार्यवाही में लेफ्टिनेन्ट कमांडर सज्जन कुमार ने उच्चकोटि के शौर्य का परिचय दिया।

3. स्क्वाड्रन लीडर गोपाल कृष्ण अरोड़ा (4864), फ्लाइंग (नेवीगेटर)।

मरणोपरान्त

दिसम्बर, 1971 में हुए पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान स्क्वाड्रन लीडर गोपाल कृष्ण अरोड़ा, दुश्मन के हवाई जहाजों को मार गिराने की कार्यवाही का नियंत्रण करने के लिए, जमीन से हवा में मार करने वाले गाइडेड वेपन्स स्क्वाड्रन के साथ थे। इन्होंने एक दिन में ही गाइडेड वेपन्स कमान पोस्ट कायम कर ली और इसका स्थानीय हवाई रक्षा व्यवस्था के साथ तालमेल बैठा लिया। ये अपनी चौकी पर हर समय मौजूद रहे और हमारी हवाई सीमा का अतिक्रमण करने वाले दुश्मन के विमानों को मार गिराने में स्क्वाड्रन का कुशलतापूर्वक मार्ग दर्शन किया। इनके प्रयत्नों की वजह से ही, हमारे हवाई मैदान पर बमबारी करने वाले दुश्मन के एक बामर-विमान को मार गिराया। ड्यूटी के दौरान, इनका पाव दुश्मन द्वारा हवाई हमले में गिराए हुए एक छिपे हुए विस्फोटक पर पड़ गया, जिसकी वजह से इन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही में स्क्वाड्रन लीडर गोपाल कृष्ण अरोड़ा ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विरसा सिंह मल (9602), एरोनोटिकल इंजीनियरिंग (इलैक्ट्रोनिक्स)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर 1971)

दिसम्बर 1971 में हुए पाकिस्तान के संघर्ष के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विरसा सिंह मल, हमारे अग्रिम हवाई मैदानों में से एक पर लड़ाकू बामर स्क्वाड्रन के साथ तकनीकी अफसर के रूप पर तैनात थे। इन्होंने संक्रियात्मक जरूरतों के लिए हवाई जहाजों की सेवा योग्यता अधिक से अधिक बढ़ाने और उनके जल्द से जल्द फिर उड़कर जाने का बन्दोबस्त किया।

9 और 10 दिसम्बर की रात को दुश्मन के विमानों ने हवाई मैदान पर एक के बाद एक, जल्द-जल्द तीन हमले किए और विसर्जन क्षेत्र में बम गिराए। इससे बंकर में रखी हुई हथियारों की पेटियों में आग लग गई, जिससे सारे विसर्जन क्षेत्र में रौशनी फैल गई। भौंप, दूसरे हवाई हमले की चेतावनी दे रहा था, फिर भी इन्होंने मुट्ठी भर वायु सैनिकों की सहायता से जलती हुई पेटियों को बंकर से निकाला और आग को मिट्टी फेंक कर बुझाया। इस प्रकार इन्होंने हथियारों को बरबाद होने से बचा लिया।

इस पूरी कार्यवाही में फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विरसा सिंह मल ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

5. सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्रनाथन मालेदाथ (एम०एस०-23795),
कोर आफ इंजीनियर्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर 1971)

सेकिण्ड लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्रनाथन मालेदाथ को यह आदेश दिया गया था कि वे पठानकोट हवाई मैदान के दौड़ पथ और इसके आस पास के क्षेत्र में से बिन फटे बमों को हटा दें ताकि हवाई अड्डे का सक्रियात्मक (आपरेशनल) उपयोग बना रहे। इन्होंने इस खतरनाक कार्य को प्रसंशनीय तरीके से किया। इन्होंने स्वयं अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना, अनेक बिन फटे बमो के फ्यूज निकाल लिए।

इस पूरी कार्यवाही मे, सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट रवीन्द्रनाथन मालेदाथ ने प्रशसनीय साहस, दृढ निश्चय और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

6. जे०सी० 33586 सूबेदार सेवा सिंह,
कोर आफ इंजीनियर्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार सेवा सिंह को फिरोजपुर के पास जीरा गाव में फूड कारपोरेशन आफ इंडिया के अहाते में से दुश्मन द्वारा डाले पांच बिन फटे बमों को ठिकाने लगाने का कार्य सौंपा गया था। इन बमों का फ्यूज और इसके कल पुर्जे नई तरह के थे और इनको बेअसर करने के तरीके के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इसके अतिरिक्त इनके पास न तो कोई खास तरह के बमों को ठिकाने लगाने के उपस्कर थे और न ही फ्यूजों को रक्षित करने का कोई सामान था। फिर भी सूबेदार सेवा सिंह निर्भीकता से अपनी सुरक्षा और जान को जोखिम में डालकर अपने हाथों से फ्यूज निकालने का निश्चय कर लिया। इसके बाद उन्होंने अपने हाथों से बिन फटे बमों के फ्यूज निकाल दिए।

इस पूरी कार्यवाही में सूबेदार सेवा सिंह ने प्रशंसनीय साहस, दृढ निश्चय और सैनिक चातुर्य का परिचय दिया।

7. बिप्र चरन महापात्र, एन०एम०,
मास्टर चीफ पेटी अफसर, द्वितीय श्रेणी,
सं० 60128, भारतीय नौसेना।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

मास्टर चीफ पेटी अफसर बिप्र चरन महापात्र के पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं के दौरान विशाखापत्तनम् में कमाड क्लियरेंस डाइविंग टीम के एक सदस्य थे।

भारतीय नौसेना की कार्यवाही के कारण जब पाकिस्तानी पनडुब्बी गाज़ी विशाखापत्तनम् के पास डूब गई तो 5 दिसम्बर 1971 को कमाड डाइविंग टीम से इसका पता और निशान लगाने के लिए कहा गया। हालांकि डूबी हुई पनडुब्बी में विस्फोट हो सकता था, फिर भी मास्टर चीफ पेटी अफसर बिप्र चरन महापात्र लगातार गोताखोरी की कार्यवाही करते रहे जिससे न सिर्फ पनडुब्बी को पहचान लिया गया बल्कि महत्वपूर्ण सांग्रामिक सूचना भी मिली।

पूरी संक्रिया के दौरान मास्टर चीफ पेटी अफसर बिप्र चरन महापात्र ने उच्चकोटि के वीरता का परिचय दिया।

8. मंगल भाई पटेल,
लीडिंग इंजीनियर मैकेनिक,
सं० 87199, भारतीय नौसेना।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान लीडिंग इंजीनियरिंग मैकेनिक मगल भाई पटेल भारतीय नौसेना के पोत के कर्मीदल के एक सदस्य थे।

4 दिसम्बर 1971 को जब इनका पोत अरब सागर आक्रामक संक्रिया में लगा हुआ था तो बाइलर रूम में बहुत ज्यादा गर्म स्टीम से पाइप फट गया जिससे बाइलर रूम में 398.5 डिगरी सैन्टीग्रेड गर्म भाप भर गई। बाइलर रूम को खाली करना था और चूंकि मशीनरी बन्द नहीं की जा सकती थी इसलिए मशीनरी को बड़ा खतरा था। अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह न करते हुए मंगल भाई पटेल ने दौड़ कर सभी इमरजैन्सी कन्ट्रोल वाल्व बन्द कर दिए। उनका पूरा बदन पूरी तरह झुलस गया मगर उन्होंने जहाज की मशीनरी को बचा लिया।

इस कार्यवाही में, लीडिंग इंजीनियरिंग मैकेनिक मंगल भाई पटेल ने सराहनीय साहस का परिचय दिया।

9. आयीरूकुजिल जोसफ बेबी,
लीडिंग मेडिकल असिस्टेन्ट,
सं० 80298, भारतीय नौसेना।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

आयीरूकुजिल जोसफ बेबी, लीडिंग मेडिकल असिस्टेन्ट उस भारतीय नौसेना के जहाज पर थे जो जल-थलीय सेना का भाग था। यह सेना बंगलादेश में पाकिस्तानी सेनाओं के विरुद्ध सक्रियाओं के दौरान काक्स बाजार के क्षेत्र में आर्मी यूनिटों को उतारने के काम पर लगी हुई थी।

15 दिसम्बर 1971 को जब आर्मी यूनिटो का पहला दल तट पर जाने के लिए पानी में कूदा तो कुछ जवान धारा के बहाव में ऐसे क्षेत्र में बह कर चले गए जहां पानी गहरा था और उनके डूबने का खतरा था। आयीरूकुजिल जोसफ बेबी, लीडिंग मेडिकल असिस्टेन्ट ऐसे क्षेत्र में अपने जहाज से कूद पड़े जहा पानी का उछाल बहुत ज्यादा था और ऊंची-ऊंची लहर उठ रहीं थी।

अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना इन्होंने एक जवान को डूबने से बचाया और उसे अपने जहाज पर वापिस लाए। इन्होंने तुरन्त ही कृत्रिम श्वास के तरीके से उस जवान की जान बचा ली।

इस कार्यवाही मे आयीरूकुजिल जोसफ बेबी, लीडिंग मेडिकल असिस्टेन्ट ने सराहनीय साहस का परिचय दिया।

10. 291190 लीडिंग एयरक्राफ्टसमैन ओंकार सिंह,
फिटर मैकेनिक एयरफ्रेम।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

8/9 दिसम्बर, 1971 की रात मे हमारे एक अग्रवर्ती हवाई मैदान पर दुश्मन के वायुयानो ने बहुत ज्यादा बम और गोलिया

बरसाई। इसमें राकेटों के ढेर में आग लग गई। आग बहुत तेजी से फैलने लगी और सारा विसर्जन क्षेत्र चमक उठा। भवन और अहाते भी साफ दिखाई देने लगे और उन पर दुश्मन के हवाई हमलों का खतरा पैदा हो गया। इसी बीच, हवाई हमले की सूचना देने वाला साइरन् दुबारा बज उठा। खतरे की परवाह किए बिना तुरन्त लीडिंग एयर क्राफ्टसमैन ओंकार सिंह खुद आग बुझाने के लिए आगे आए। इन्होंने इस काम को सफलतापूर्वक किया और गोला बारूद का ढेर और विसर्जन क्षेत्र दुश्मन के दूसरे हवाई हमले से बच गए।

इस कार्यवाही में, लीडिंग एयर क्राफ्टसमैन ओंकार सिंह ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

11. नारायण अत्ती मराद,
रेक्टिंग लीडिंग इंजीनियरिंग मैकेनिक,
सं० 56163 भारतीय नौसेना।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

नारायण अत्ती मराद, लीडिंग इंजीनियरिंग मैकेनिक पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान भारतीय नौसेना जहाज के कर्मीदल के सदस्य थे।

4 दिसम्बर, 71 को जब उनका जहाज अरब सागर मे आक्रामक कार्यवाही में लगा हुआ था तो बायलर रूम में बहुत अधिक गर्म स्टीम से पाइप फट गया और बायलर रूप में 398 5 डिग्री सेन्टीग्रेट गर्म भाप भर गई। बायलर रूम को खाली करना था और मशीनों को गम्भीर खतरा पैदा हो गया क्योंकि इन्हें बन्द नहीं किया जा सकता था। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना नारायण अत्ती मराद बायलर रूम में घुस गए और आइल स्प्रेयर और फरनैस पम्प को बन्द कर दिया और इस तरह जहाज की मशीन को गम्भीर खतरे से बचा लिया।

इस कार्यवाही मे नारायण अत्ती मराद, लीडिंग इंजीनियरिंग मैकेनिक ने सराहनीय साहस का परिचय दिया।

12. 246295 कारपोरल सरमुख सिंह,
इंस्ट्रूमेन्ट रिपेयरर-1।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

8/9 दिसम्बर 1971 की रात को हमारे एक अग्रवर्ती हवाई मैदान पर दुश्मन के वायुयानों ने बहुत ज्यादा बम और गोलिया बरसाई जिसकी वजह से विस्फोटक भण्डार में आग लग गई। आग बहुत तेजी से फैलने लगी और सारा विसर्जन क्षेत्र चमक उठा। भवन और अहाते भी साफ दिखाई देने लगे और उन पर दुश्मन के हवाई हमलों का खतरा पैदा हो गया। इसी बीच, हवाई हमले की सूचना देने वाला भोंपू दुबारा बज उठा। खतरे की परवाह किए बिना कारपोरल सरमुख सिंह खुद आग बुझाने के लिए तुरन्त आगे आए। इन्होंने इस काम को सफलतापूर्वक किया और गोलाबारूद का ढेर और विसर्जन क्षेत्र दुश्मन के दूसरे हवाई हमले से बच गए।

इस कार्यवाही में कारपोरल सरमुख सिंह ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

13. 5235359 लांस नायक भीम बहादुर थापा,
गोरखा राइफल्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर)

15 दिसम्बर 1971 को लांस नायक भीम बहादुर थापा गोरखा राइफल की बटालियन की एक कम्पनी के स्थानापन्न सैक्शन कमांडर थे। इस कम्पनी को पूर्वी सैक्टर में अवतरण जलयान द्वारा उतर कर "यूखिया" तट पर प्रहार करने का काम सौंपा गया था। यह सैक्शन लगभग 4 फीट गहरे पानी में उठती हुई लहरों के बीच उतरा। जैसे ही सैक्शन तट की ओर बढ़ा, इसके जवान ज्यादा गहरे पानी में चले गए। इस नाजुक समय में लांस नायक भीम बहादुर थापा अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना गहरे पानी में कूद गए और अपने तीन जवानों को डूबने से बचा लिया।

इस कार्यवाही में लांस नायक भीम बहादुर थापा ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

14. जी०/54982 ड्राइवर मैकेनिकल इक्विपमेंट,
सेवा सिंह,
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—24 दिसम्बर 1971)

24 दिसम्बर, 1971 को जनरल रिजर्व फोर्स की रोड मैन्टीनैन्स यूनिट के मैकेनिकल इक्विपमेंट के ड्राइवर सेवा सिंह को सड़क पर भारी जमी हुई बर्फ को साफ करने का काम सौंपा गया था। बर्फ से "जोजिला" के आगे सड़क बन्द हो गई थी, जिसकी वजह से युद्ध में घायल हुए सैनिकों को कारगिल सैक्टर से श्रीनगर ले जाने वाली गाड़ियों का काफिला रुक गया था। अपनी जान और आराम की तनिक परवाह किए बिना इन्होंने 27 किलोमीटर लम्बी सड़क पर जमी हुई बर्फ को साफ करने के लिए शून्य से भी कम तापमान में दिन-रात अपनी मशीन को चलाया।

इस पूरी कार्यवाही में श्री सेवा सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

15. 6582936 सिविल ड्राइवर कश्मन,
आर्मी सर्विस कोर।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसम्बर, 1971)

14 दिसम्बर, 1971 को आर्मी सर्विस कोर के सिविल ड्राइवर कश्मन जब राजस्थान सैक्टर की आर्टिलरी गन पोजीशनों के लिए अपनी गाड़ी में गोलाबारूद ले जा रहे थे, तो दुश्मन के हवाई जहाजों ने उनकी गाड़ी पर हमला किया। यद्यपि वह जख्मी हो गए थे फिर भी अपनी गाड़ी को बराबर चलाते रहे और अन्त में गोला-बारूद को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

इस कार्यवाही में सिविल ड्राइवर कश्मन ने प्रशंसनीय साहस, सूझ-बूझ और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

16. जी०/9898 पायनियर महावीर यादव,
पायनियर कम्पनी (जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स)
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसम्बर, 1971)

पायनियर महाबीर यादव चालीस पायनियरों या उस दल में से एक थे जिसे 14 दिसम्बर, 1971 को राजस्थान क्षेत्र में हथियाए गए प्रदेश में खोकरापार रेल स्टेशन पर वैगनों से लकड़ी के तख्ते और गोला-बारूद उतारने के लिए तैनात किया गया था। शाम को करीब 5 बजकर चालीस मिनट पर दुश्मन के चार बमवर्षक विमान इस इलाके पर उड़कर आए और रेल वैगनों पर बम बरसाना शुरू कर दिया। सभी पायनियर आड़ में छिप गए परन्तु पायनियर महाबीर यादव उस वक्त तक गोला बारूद उतारते रहे जब तक कि एक बम ने गिर कर उनकी जान न ले ली।

इस कार्यवाही में पायनियर महाबीर यादव ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. जी०/140069 पायनियर राजमल,
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

11 दिसम्बर, 1971 को जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स की एक पायनियर कम्पनी के पायनियर राजमल जब जम्मू हवाई अड्डे पर इंजन आर्टिफिसर किरपा राम के साथ मिलकर जमीन की सतह से 20 फीट की ऊंचाई पर एक भारी बोझ ट्रिस्टो पर जमाने के लिए ऊपर उठा रहे थे तो दुश्मन के चार हवाई जहाजों ने हवाई अड्डे पर हमला कर दिया। हालांकि उनके अधिकतर साथियों ने आड़ में शरण ली, मगर यह जानकर कि यदि यह बोझ यकायक गिरा दिया गया तो मशीन को भारी नुकसान पहुंचेगा और निर्धारित काम पूरा नहीं होगा सकेगा, वे अपनी जगह पर ही डटे रहे। वे और इंजन आर्टिफिसर किरपा राम इक्विपमेन्ट को धीरे-धीरे नीचे लाए और उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचा कर बचा लिया। इन्होने खुद अपने लिए खतरा मोल लिया। हालांकि बम फटने से वे घायल हो गए थे फिर भी शान्त रहे और विचलित नहीं हुए। इस तरह इन्होंने अपने साथियों को प्रोत्साहित किया और उनमें साहस और विश्वास भर दिया।

इस कार्यवाही में पायनियर राज मल ने सराहनीय साहस, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि के कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

18. जी०/104506 अधीक्षक, प्रथम श्रेणी,
श्री हरबंस सिंह,
जनरल रिज़र्व इंजीनियरिंग फोर्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-24 दिसम्बर, 1971)

24 दिसम्बर 1971 को जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स की रोड मेंन्टिनेंस यूनिट की प्रथम श्रेणी के अधीक्षक श्री हरबंस सिंह को, सड़क पर भारी जमी हुई बर्फ को साफ करने का काम सौंपा गया था। बर्फ से "जोजिला" में आगे सड़क बन्द हो गयी थी जिसकी वजह से युद्ध में घायल हुए सैनिकों को कारगिल सैक्टर से श्रीनगर ले जाने वाली गाड़ियों का काफिला रुक गया था। जो थोड़े से मैकेनिक इन्हें उस समय मिल सके उन्हीं को लेकर ये काम पर जुट गए। अपनी जान और आराम की तनिक परवाह किए बिना ये लगातार काम की देखरेख और संचालन करते रहे ताकि इनके मुश्किल क्षेत्र में दिन-रात काम होता रहे। इनके नेतृत्व, साहस और लगन से प्रेरित होकर इनके सैनिकों ने शून्य से भी कम तापमान में दिन-रात काम करके 26 दिसम्बर 1971 तक सड़क साफ कर दी। हालांकि इन्हें पता था मार गया था फिर भी वे यहां से उस समय तक हटाए जाने का राजी नहीं हुए जब तक हताहतों को ले जाने वाला काफिला आगे नहीं निकल गया।

इस पूरी कार्यवाही में श्री हरबंस सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

19. जी०/1131 इंजन आर्टिफिसर किरपा राम
जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स।
(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

जनरल रिज़र्व इंजीनियर फोर्स की एक सरफेसिंग कम्पनी के इंजन आर्टिफिसर किरपा राम जम्मू हवाई अड्डे पर हवाई पट्टी के एक हिस्से पर प्रीमिक्स कार्पेट बिठाने का काम कर रहे थे। वे जब पायनियर राज मल के साथ मिल कर, जमीन की सतह से 20 फीट की ऊंचाई पर ट्रिस्टो पर जमाने के लिए एक भारी बोझा ऊपर उठा रहे थे तो दुश्मन के चार हवाई जहाजों ने ट्रिस्टो मशीन पर हमला कर दिया। हालांकि उनके अधिकतर साथियों ने आड़ में शरण ली, मगर यह जानकर कि अगर यह बोझ यकायक गिरा दिया गया तो मशीन को जबर्दस्त नुकसान पहुंचेगा और निर्धारित काम पूरा नहीं हो सकेगा, वे अपनी जगह पर ही डटे रहे। ये और पायनियर राज मल इक्विपमेंट को धीरे-धीरे नीचे लाए और उसे सुरक्षित जगह पहुंचा कर बचा लिया। हालांकि ये बम फटने से घायल हो गये थे फिर भी शान्त रहे और विचलित नहीं हुए। इस तरह इन्होंने अपने साथियों को प्रोत्साहित किया और उनमें साहस और विश्वास भर दिया।

इस कार्यवाही में इंजन आर्टिफिसर किरपा राम ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

20. श्री अपार सिंह चीमा,
सहायक स्टेशन-मास्टर,
गुरदासपुर रेलवे स्टेशन।

दिसम्बर, 1971 में भारत-पाक संघर्ष के दौरान श्री अपार सिंह चीमा गुरदासपुर रेलवे स्टेशन पर सहायक स्टेशन मास्टर थे। अपने क्षेत्र में दुश्मन के हवाई जहाजों की नीची उड़ानों के बारे में सूचनाएं इकट्ठी करने के काम में तालमेल की जिम्मेदारी इन पर थी। इनके कुशल निदेशन में 3 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 1971 के बीच 110 प्रेक्षण-सूचनाएं भेजी गईं। इनमें से 90 प्रतिशत सूचनाएं नियंत्रण केन्द्र को तीस सैकिण्ड के भीतर भेज दी गईं। इनमें से इक्कीस सूचनाएं रात के समय आई थी और इन इक्कीस सूचनाओं में से बारह के अनुसार पठानकोट पर हवाई हमला हुआ। इनकी सतर्कता और कर्त्तव्यपरायणता के कारण पठानकोट को दुश्मन के हवाई हमलों की समय पर चेतावनी मिल सकी।

12 दिसम्बर, 1971 को गुरदासपुर रेलवे स्टेशन पर दुश्मन के पाक सेबरजेटों ने भारी बमबारी की। बमबारी के बावजूद

श्री अपार सिंह चीमा अपनी जगह पर जमे रहे और नियंत्रण-केन्द्र को लगातार सूचना भेजते रहे।

13 दिसम्बर 1971 को दिन के दो बजे कर दस मिनट पर इन्होंने नियन्त्रण-केन्द्र को सूचना भेजी कि इधर से दुश्मन के चार हवाई जहाजों को गुजरते देखा गया है। तुरन्त ही उन्हें रोकने के लिए दो हवाई जहाजों को भेजा गया और इस तरह गुरदासपुर पर दुश्मन के लगातार हवाई हमलों को रोका जा सका।

इस संपूर्ण कार्यवाही में, श्री अपार सिंह चीमा ने उच्च-कोटि के साहस व कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

21. श्री राम प्रकाश,
सहायक स्टेशन मास्टर,
उत्तरी रेलवे।

22. श्री बलवन्त सिंह,
इंजन ड्राइवर,
उत्तरी रेलवे।

23. श्री बलबीर सिंह,
लीडिंग फायरमैन,
उत्तरी रेलवे।

सर्वश्री राम प्रकाश, बलवत सिंह और बलबीर सिंह, तोपें, गाड़ियां और गोलाबारूद ले जाने वाली विशेष सैनिक रेलगाड़ी में सेवा नियुक्त थे। जब रेल गाड़ी "कोटकपुर" क्षेत्र में सड़क के किनारे पड़ने वाले स्टेशन से आगे बढ़ी रही थी, उस समय अचानक उस डिब्बे में आग लग गई जिसमें, सैनिक सामान और गोलाबारूद से लदी एक गाड़ी थी। रेलगाड़ी को तुरन्त रोक दिया गया। आग की तेजी और गाड़ी में भरे गोलाबारूद के फटने से जो खतरा होता उसकी परवाह किए बिना, सर्वश्री राम प्रकाश, बलवन्त सिंह, और बलबीर सिंह ने मिलकर जलते हुए डिब्बे को बाकी रेलगाड़ी से काट दिया। इसके बाद जलते हुए डिब्बे को ले जाकर इंजन से अलग कर दिया इस प्रकार विशेष सैनिक रेलगाड़ी को नष्ट होने से बचा लिया।

इस कार्यवाही में सर्वश्री राम प्रकार, बलवन्त सिंह और बलबीर सिंह ने उच्चकोटि की सूझ-बूझ, साहस और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

24. श्री चतर सिंह।

"थोक" गांव के सरपंच श्री चतर सिंह ने अपना ऊंट और अपने गांव से 10 ऊंट और लेकर राजस्थान सैक्टर के "छोटन" और "बाड़मेर" इलाके में पूरी संक्रियाओं के दौरान ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन के साथ काम किया। उनके दल ने अपनी निजी जान व सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना इस बटालियन का जरूरी सामान दुश्मन के प्रदेश के अन्दर लगभग 70 किलोमीटर दूर तक ढोया। संक्रियाओं के दौरान इनके दल पर दुश्मन के तोपखाने, मार्टरों, और स्वचालित हथि-यारों की भारी गोलाबारी होती रही मगर वे बटालियन के साथ काम करते रहे।

17 दिसम्बर 1971, को, जब बटालियन हैडक्वार्टर पर सबसे भारी गोलाबारी होने लगी और ऊंटों के चारों ओर गोले गिरने लगे तब भी किसी ऊंट या उसके सवार ने अपनी जगह नहीं छोड़ी। यह विशेषकर श्री चतर सिंह के प्रेरणादायक नेतृत्व, कर्त्तव्यपरायणता और सराहनीय साहस के कारण था।

25. श्री चीवंग नामग्याल,
नुब्रा गार्डस।

श्री चीवंग नामग्याल, नुब्रा गार्डस की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे जो पाइंट 18402 एरिया "गोल्ड पोस्ट" और "चालंका" गांव पर हमला करने वाली सेना के अन्तर्गत थी। यह स्वयं सेवकों की वह कम्पनी थी जिसे 15 दिन का सैनिक प्रशिक्षण मिला था। श्री चीवंग नामग्याल, महान साहस, दृढ़ संकल्प और प्रेरणादायक नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए अड्डे पर मजबूती से डटे रहे और साथ ही हमला करने वाली सैन्यदलों का बगली बचाव भी करते रहे। इनके योग्य नेतृत्व में इनकी कम्पनी ने बड़ी ऊंचाइयों पर गोलाबारूद ले जाकर सैन्यदलों को महत्वपूर्ण सहायता पहुंचाई और हताहतों को निकाल लाने में भी असाधारण कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

इन कार्यवाहियों के दौरान श्री चीवंग नामग्याल ने उच्चकोटि के साहस, निश्चय, और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

26. श्री स्टेनजिन तुनदुर,
नुब्रा गार्डस।

नुब्रा गार्डस के श्री स्टेजिन तुनदुर पश्चिमी सैक्टर के "अरानू" गांव में चिकित्सक थे। युद्ध छिड़ते ही ये, अपना पेशा छोड़कर इस सेना में भर्ती हो गए। पूरी संक्रियाओ के दौरान इन्होंने कठिन व नाजुक परिस्थियों में भी "लदाख स्काउट्स" और नुब्रा गार्डस को अथक डाक्टरी सहायता दी। श्री स्टेन-जिन तुनदुर की सेवाएं, कारगिल सेक्टर की संक्रियाओं की सफलता में बहुत अधिक सहायक सिद्ध हुई।

इस पूरी संक्रिया में श्री स्टेनजिन तुनदुर ने उच्चकोटि के साहस, और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

27. श्री मुन्शी राम,
सिविल मजदूर (टी०सं० 207)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

श्री मुन्शी राम पश्चिमी मोर्चे पर अखनूर में गोलाबारूद स्थल पर अनियत (कैजुअल) मजदूर थे। 5 दिसम्बर 1971 को इस गोलाबारूद स्थल पर दुश्मन ने भारी बम वर्षा की। उस समय जबकि अन्य मजदूर उस जगह को छोड़ कर चले गए, श्री मुन्शी राम अपने स्थान पर डटे रहे और अपने कर्त्तव्य का पालन करते रहे।

इस कार्यवाही में श्री मुन्शी राम ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

सं० 73-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओ में वीरता के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1—लेफ्टिनेंट कर्नल प्रकाश चन्द्र साहनी, आई० सी० 6797, बिहार रेजीमेन्ट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रकाश चन्द्र साहनी बिहार रेजीमेन्ट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे, जिसे पूर्वी सेक्टर के एक क्षेत्र में दुश्मन की एक मजबूत मोर्चाबंदी को समाप्त करने का काम सौंपा गया था। यह दुश्मन की सुदृढ़ मोर्चा था जिस पर वह भारी तादात में था। लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रकाश चन्द्र साहनी ने बड़ी सैनिक दक्षता के साथ हमले की योजना बनाई और दुश्मन को भारी जानी नुकसान पहुंचाते हुए पोजीशन पर कब्जा करने के लिए अपने जवानों को प्रोत्साहित किया। इस संक्रिया के दौरान दुश्मन के छोटे हथियारों और आर्टिलरी द्वारा गोलाबारी के बावजूद इन्होंने अपनी बटालियन का नेतृत्व साहस और दृढ़ निश्चय से किया।

इस कार्यवाही में, लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रकाश चन्द्र साहनी ने नेतृत्व और उच्चकोटि की सैनिक दक्षता का परिचय दिया।

2. लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज कुमार सूरी (आई० सी० 8126), जाट रेजीमेन्ट।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल राजकुमार सूरी जाट रेजीमेन्ट की एक बटालियन की कमान कर रहे थे जो फाजिल्का सैक्टर के एक मोर्चे पर तैनात थी। 3 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 1971 तक इनकी बटालियन पर दुश्मन ने आर्टीलरी और मार्टरों से भारी गोलाबारी की। 9 दिसम्बर को दुश्मन की गोलाबारी से घायल होने के बावजूद भी वे अपने सैनिकों का निदेशन करते रहे और उन्हें मोर्चे पर जमे रहने को प्रोत्साहित करते रहे। इस प्रकार बटालियन ने दुश्मन के दो जोरदार हमलों को विफल कर दिया।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल राज कुमार सूरी ने उच्चकोटि की वीरता, और नेतृत्व का परिचय दिया।

3. मेजर अनन्त नारायण कृष्णास्वामी (आई० सी० 11114) जम्मू एवं काश्मीर राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

मेजर अनन्त नारायण कृष्णास्वामी जम्मू एवं काश्मीर राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर सड़क को बन्द करने का आदेश मिला था। 16 दिसम्बर, 1971 को सड़क पर रुकावट खड़ी कर दिए जाने के बाद टैंकों के साथ दुश्मन के लगभग 500 जवानों का एक दस्ता इस बटालियन की तरफ बढ़ता देखा गया। दुश्मन ने हमारी अग्रिम कम्पनियों पर जिनमे से एक कम्पनी की कमान मेजर कृष्णास्वामी कर रहे थे, गोलाबारी करना शुरू कर दिया। मेजर कृष्णास्वामी ने हर खाई में जाकर अपने जवानों को मोर्चे पर जमे रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी बीच देखा गया कि दुश्मन हमले के लिए इकट्ठा हो रहा है। मेजर कृष्णास्वामी ने सड़क पर छोड़ी गई गोलाबारूद की दो गाड़ियों को अपने कब्जे में कर लिया और उनमें आग लगा दी। इन्होंने एक मेगाफोन का भी बंदोबस्त किया और दुश्मन को हथियार डालने के लिए कहा। यह बात बार-बार दोहरा कर और जवाबी कार्यवाही की धमकियां देकर इन्होंने ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि दुश्मन ने टोलियों में बट कर हथियार डालने शुरु कर दिए अंत में सभी दुश्मनों ने हथियार डाल दिए।

इस कार्यवाही में मेजर अनन्त नारायण कृष्णास्वामी ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

4. मेजर रविंदर दत्त ला (आई० सी० 11655) केवेलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

मेजर रविंदर दत्त ला एक आर्मर्ड स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे, जिसे राजस्थान क्षेत्र के लोंगेवाला स्थान पर दुश्मन की घुस आई सेना को आगे बढ़ने से रोकने का काम सौंपा गया था। इन्होंने दुश्मन को आगे बढ़ने से रोकने के लिए अपने टैंकों का नियोजन बड़े प्रभावीकारी तरीके से किया 6 दिसम्बर से 10 दिसम्बर, 1971 तक की लड़ाई के दौरान मेजर रविंदर दत्त ला ने भारी संख्या में दुश्मन के टैंकों को तबाह किया और अपनी इन्फैन्ट्री को बहुमूल्य सहायता पहुंचाई।

मेजर रविंदर दत्त ला ने आद्योपान्त वीरता, नेतृत्व और उच्चकोटि की सैनिक दक्षता का परिचय दिया।

5. मेजर प्रदीप कुमार शर्मा, (आई० सी० 13172), रेजीमेंट आफ आर्टिलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

मेजर प्रदीप कुमार शर्मा 3/4 दिसम्बर, 1971 की रात को डेरा बाबा नानक पुल पर हमले के दौरान गोरखा राइफल्स की एक तोपखाना बटालियन के कमाडर थे। हमले की योजना में परिवर्तन के कारण तोपखाने की गोलाबारी की योजना को फिर से पूरी तरह बतलाना पड़ा और मेजर प्रदीप कुमार शर्मा ने बहुत ही जल्दी और बारीकी से योजना को तैयार किया। हमले के दौरान इन्होंने देखा कि दुश्मन की एक मीडियम मशीन गन हमारे सैनिकों को भारी जानी नुक्सान पहुंचा रही है। अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए वे दुश्मन के बंकर की तरफ लपके और इन्होंने चालक को मार कर मशीन गन को शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में मेजर प्रदीप कुमार शर्मा ने वीरता, नेतृत्व और उच्चकोटि की सैनिक दक्षता का परिचय दिया।

6. जे० सी० 38368 रिसालदार ब्रह्मानंद केवेलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर, 1971 को केवेलरी के एक स्क्वाड्रन की एक टुकड़ी की कमान करते हुए रिसालदार ब्रह्मानन्द छम्ब सैक्टर में पाकिस्तानी आक्रमण को रोक रहे थे। उनकी टुकड़ी पर दुश्मन की बख्तरबन्द और पैदल सेना ने भारी हमला किया परन्तु वे अपने मोर्चे पर डटे रहे और जब

तक हमारी टुकड़ियां सुरक्षित रूप से फायरिंग के पार न पहुंच गई दुश्मन के उस पर कब्जा करने के सारे प्रयत्नों को विफल करते रहे। इस लड़ाई में उन्होंने दुश्मन के पांच टैंक नष्ट किए।

इस कार्यवाही में रिसालदार ब्रह्मा नन्द ने सराहनीय पहल, साहस और उच्चकोटि के दृढ़ संकल्प का परिचय दिया

7 जे० सी० 28067 सूबेदार हरी सिंह,
महार रेजीमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर 1971)

महार रेजीमेंट की एक बटालियन को पश्चिमी क्षेत्र में फतेवाला चौकी के गिर्द सुरंग-क्षेत्र बनाने का आदेश दिया गया था। एक गश्ती दल को सुरंग बिछाने वाली इंजीनियरों की पार्टी की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया। जब सुरंग बिछाने का कार्य शुरू हुआ तो दुश्मन ने भारी तोपखाने से गोलाबारी शुरू कर दी जिसकी वजह से एक सिपाही मारा गया और किर्चों की वजह से चार और जवान जख्मी हुए। गश्ती दल घायल जवानों को सुरक्षित स्थानों पर ले आया, परन्तु दुश्मन की मशीन गनों के भारी और कारगर गोलाबारी के कारण मृत सैनिक की लाश को कोशिशों के बावजूद वहां से न लाया जा सका। सूबेदार हरी सिंह को आदेश दिया गया कि वे दूसरे गश्ती दल साथ लेकर मृत शरीर को लाने के लिए जाएं। जब गश्ती दल उस क्षेत्र में पहुंचा तो उस पर दुश्मन ने मशीन गन व तोपखाने से भारी गोलाबारी शुरू कर दी। सूबेदार हरी सिंह ने अपनी पार्टी को तो आड़ लेने को कहा और स्वयं रेंग कर आगे बढ़े और उस लाश को ले आये।

इस कार्यवाही में सूबेदार हरी सिंह ने उच्च कोटि के साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

8. सं० 1027089 दफादार पृथी सिंह,
केवेलरी।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

4/5 दिसम्बर 1971 की रात में दुश्मन हमारे प्रदेश में घुस आया और हल्की मशीन गनों से लैस एक कम्पनी के साथ सियालकोट सैक्टर में नवान पिन्ड सीमा की बाहरी चौकी पर कब्जा कर लिया। 5 दिसम्बर, 1971 को गढ़वाल राइफल की एक बटालियन की दो प्लाटूनों को टैंक सहित इस चौकी पर दुबारा कब्जा करने का आदेश दिया गया। हमले के दौरान, दुश्मन के स्वाचालित हथियारों के भारी और सही गोलाबारी के कारण इन्फेन्ट्री की गति रुक गई। दफादार पृथी सिंह को आदेश दिया गया कि वे अपने टैंक के साथ आगे बढ़ें और दुश्मन का सफाया कर दें। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना और भारी गोलाबारी और टैंक रोधी फायर के बावजूद वे चतुराई से अपने टैंक को दुश्मन के करीब ले गये और चौकी को तबाह कर दिया जिसकी वजह से इस पर कब्जा किया जा सका।

इस कार्यवाही में दफादार पृथी सिंह ने वीरता, दृढ़ संकल्प और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

9. जे० सी० 41312 सूबेदार लाल बहादुर पुन
गोरखा राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार लाल बहादुर पुन गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक राइफल कम्पनी के सैकण्ड-इन-कमांड थे। कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक मोर्चे पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। लक्ष्य से 75 मीटर की दूरी तक कोई आड़ नहीं थी। सूबेदार लालबहादुर पुन ने बगल की तरफ से बंकर तक जाने के लिए अपने आप को प्रस्तुत किया और धुएं का पर्दा बनाने के लिए वहां धूम्र बत्तियां फेंकी। धूम्र बत्ती फेंकने के पश्चात् हवा दूसरी तरफ चलने लगी। जिसकी वजह से धुएं का असर कम हो गया। धुएं के पर्दे के महत्व को समझते हुए वह रेंग कर एक और अच्छे स्थान पर पहुंचे और दूसरी धूम्र बत्ती फेंकी। इससे जो धुएं का पर्दा बना, जिसके कारण दुश्मन के मोर्चे पर कब्जा करने में मदद मिली।

इस कार्यवाही में सूबेदार लालबहादुर पुन ने सराहनीय साहस और पहल का परिचय दिया।

10. 1311154 नायब सूबेदार दोराय स्वामी,
इन्जीनियर कोर।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

11 दिसम्बर, 1971 की रात को शकरगढ़ सैक्टर के एक क्षेत्र में से हमारे टैंकों का आना जाना इसलिए रुक गया कि सुरंग क्षेत्र के बीच जाने वाले एक नाले में हमारा ट्राल धंस गया था। दुश्मन का जवाबी हमला होने ही वाला था और इसलिए यह जरूरी हो गया कि सुरंग क्षेत्र में से रास्ते को तुरन्त चालू किया जाए। नायब सूबेदार दोराय स्वामी ने तुरन्त इस कार्य को अपने जिम्मे लिया। इनकी पार्टी पर दुश्मन भारी और सही गोलाबारी कर रहा था, परन्तु इसके बावजूद वे हर सैनिक के पास गए और उन्हें हिदायतें दी। अन्त में रास्ता खुल गया और टैंक और दूसरे टैंक रोधी साज सामान आगे तक जा सके।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार दोराय स्वामी ने सराहनीय साहस, पहल और नेतृत्व का परिचय दिया।

11. जे सी 42500 नायब सूबेदार गुरचरण सिंह
सिख रेजीमेंट

नायब सूबेदार गुरचरण सिंह पूर्वी सेक्टर में एक रक्षित क्षेत्र में सिख रेजीमेन्ट की एक बटालियन के प्लाटून कमांडर थे। अंधेरे में मीडियम मशीन गनों से लैस दुश्मन की दो प्लाटूनों ने दो कम्पनियों से रक्षित इलाकों के बीच मोर्चा जमा लिया और उनकी कम्पनी पर भारी और सही गोलाबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार गुरचरण सिंह को इन मोर्चों से दुश्मन को निकाल बाहर करने का आदेश दिया गया। उन्होंने बिजली की सी तेजी से प्लाटून द्वारा हमला किया परन्तु दुश्मन की

चले और भारी गोलाबारी के कारण वे लक्ष्य से कुछ दूर रह गये। दुश्मन के हथियारों को बे-असर करने के लिए बड़े ही कौशल से उन्होंने अपनी हल्की मशीन गन को एक उपयुक्त स्थान पर लगाया। वे रेंग-रेंग कर एक-एक जवान के पास गये और उन्हें प्रेरित करते हुए आगे बढ़ कर प्रहार करने के लिए जोश दिलाया। दुश्मन की गोलाबारी के बावजूद और अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना उन्होंने स्वयं हमले का नेतृत्व किया। इस निश्चित हमले से दुश्मन घबरा गया और झटपट पीछे हट गया।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार गुरचरण सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

12. म० 1169089 हवलदार (जी० डी०) थपासी चेटियार रामास्वामी चेटियार,
एयर डिफैन्स रेजीमेंट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

हवलदार (जी० डी०) थपासी चेटियार रामास्वामी चेटियार एयर डिफैन्स बैटरी की एक टुकड़ी की कमान कर रहे थे, जो अमृतसर हवाई अड्डे की रक्षा कर रही थी। 5 दिसम्बर, 1971 को दुश्मन के लड़ाकू विमानों ने अमृतसर हवाई मैदान पर कई बार हमले किए। हवलदार रामास्वामी चेटियार ने अपने तोपखाने से सही गोलाबारी करके दुश्मन का एक स्टार फाइटर गिरा दिया और उसके चालक को भी पकड़वाने में भी वे सहायक हुए।

आद्योपान्त हवलदार (जी० डी०) थपासी चेटियार रामास्वामी चेटियार ने उच्चकोटि के साहस और सैनिक कौशल का परिचय दिया।

13. सं० 3140746 हवलदार हेम चन्दर,
जाट रेजीमेन्ट।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

4 दिसम्बर, 1971 को राजस्थान क्षेत्र में जाट रेजीमेंट की एक बटालियन को दुश्मन को उसकी चौकी से मार भगाने का आदेश दिया गया। इस चौकी पर दुश्मन भारी संख्या में था। दुश्मन की हल्की मशीन गन के भारी और सही गोलाबारी के कारण हमारा हमला रुक गया। हवलदार हेम चन्दर अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना रेंग कर आगे बढ़े और एक ग्रेनेड से दुश्मन के हल्के मशीन गन बंकर को नष्ट कर दिया। उनकी इस कार्यवाही की वजह से हमारा हमला सफल हो सका।

इस कार्यवाही में हवलदार हेम चन्दर ने सराहनीय साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

14. 2743482 हवलदार कृष्ण गुराव,
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

हवलदार कृष्ण गुराव मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन के उस मीडियम मशीनगन सैक्शन के कमांडर थे, जिसने पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर सड़क पर रुकावट खड़ी की। 10/11 दिसम्बर, 1971 की रात को इस ठिकाने पर दुश्मन ने भारी संख्या में हमला किया। हवलदार कृष्ण गुराव ने दुश्मन पर भारी और सही गोलाबारी करके उसके हमले को छिन्न-भिन्न कर दिया। बाद में दुश्मन ने पुनर्गठित होकर उस तरफ से फिर हमला किया, जहां हमारी मीडियम गन फायर की जद नहीं थी। हवलदार कृष्ण गुराव ने अपनी जान की परवाह न करते हुए खुले में अपनी मशीनगन फिर से लगाई और दुश्मन के दूसरे धावे को भी छिन्न-भिन्न कर दिया। इस कार्यवाही में दुश्मन के 77 सिपाही मारे गए।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान हवलदार कृष्ण गुराव ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

15. 5431807 हवलदार दलबहादुर गुरंग,
गोरखा राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

हवलदार दलबहादुर गुरंग गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की उस प्लाटून के प्लाटून हवलदार थे, जिसे दुश्मन के 3 इंची मार्टरों और एक टैकरोधी गन पर कब्जा करने का आदेश मिला। हवलदार दलबहादुर गुरंग को उनके सैक्शन के साथ टैकरोधी गन और बाकी प्लाटून को 3 इंची मार्टरों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। दुश्मन के भारी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने अपने सैक्शन का नेतृत्व किया और इन्होंने न केवल टैकरोधी गन पर भी कब्जा किया, बल्कि रेंगते हुए आगे बढ़कर दुश्मन को मारकर एक हल्की मशीनगन को भी शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में हवलदार दलबहादुर गुरंग ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

16. 2440669 हवलदार लेख राज,
पंजाब रेजीमेंट।

पंजाब रेजीमेंट के हवलदार लेख राज पूर्वी क्षेत्र में जब एक रिकायललेस गन टुकड़ी की कमान कर रहे थे, तब दुश्मन ने भारी संख्या में, टैंकों की स्वचालन की मदद से, उनकी बटालियन पर हमला कर दिया। सुबह की धुंध की आड़ में दुश्मन के टैंक गोले बरसाते हुए अग्रिम रक्षित इलाकों में 20 गज की दूरी तक आ गए। सेना को जो खतरा पैदा हो गया उसे देखकर हवलदार लेख राज ने बगल की तरफ से दुश्मन के टैंकों पर हमला करने के लिए अपनी रिकायललेस गन से काम लिया। दुश्मन के मशीनगन की भारी गोलाबारी के बावजूद उन्होंने पहले ही गोले से दुश्मन के टैंक को निशाना बनाया और नष्ट कर दिया। जब वे दूसरे टैंक को निशाना बनाने वाले थे तो दुश्मन के एक टैंक से मीडियम मशीनगन की गोलियां उन्हें लगीं और वे गंभीर रूप से घायल हो गये।

इस कार्यवाही में हवलदार लेख राज ने संयमित साहस, सराहनीय, पहल और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

17. 3140688 हवलदार रघवीर सिंह,
पैराशट रेजीमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

16 दिसम्बर, 1971 को हवलदार रघवीर सिंह फिरोजपुर सैक्टर के एक क्षेत्र में दुश्मन की चौकी के पीछे संक्रिया कर रही एक प्लाटून के साथ थे । आधी रात के समय दुश्मन ने अपनी इस चौकी को सुदृढ़ करने के लिए एक प्लाटून और दो मीडियम मशीनगनें और भेज दी, जिस पर हमारी टुकड़ियां हमला कर रही थी । दुश्मन की प्लाटून ने हवलदार रघवीर सिंह के सैक्शन की स्थिति पर मशीनगनों की सहायता से हमला किया जो बहुत नजदीक से गोलाबारी कर रही थी । अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना इन्होंने मीडियम मशीनगन पर धावा बोला । उसके कार्मिक को संगीन से मार दिया, एक मशीन गन पर कब्जा किया और दुश्मन के एक सैनिक को कैदी बना कर ले आए । यह देखकर दूसरी मशीनगन टुकड़ी घबरा कर भाग खड़ी हुई ।

इस कार्यवाही में हवलदार रघवीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

18. 9205717 हवलदार खजान सिंह संगवान,
गार्ड्स ब्रिगेड ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

हवलदार खजान सिंह संगवान गार्ड्स ब्रिगेड की एक बटालियन की एक कम्पनी के सैक्शन की कमान कर रहे थे, जो छम्ब सैक्टर में फागला रिज पर तैनात सिख रेजीमेंट की एक बटालियन की मदद के लिए तैनात था । 6 दिसम्बर, 1971 को दुश्मन ने बख्तर सेना से इस स्थान पर जबर्दस्त हमला किया । उन्होंने दुश्मन की बख्तर सेना पर कमान्डो छापे किये और 600 मीटर की दूरी से टैंकरोधी मिसाइल से दुश्मन के दो टैंकों को नष्ट कर दिया । उनकी निर्भीक और साहसिक कार्यवाही दुश्मन के हमले को विफल बनाने में सहायक सिद्ध हुई ।

इस कार्यवाही में हवलदार खजान सिंह संगवान ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया ।

19. 4141549 लांस हवलदार किशन सिंह,
कुमायू रेजीमेंट ।

लांस हवलदार किशन सिंह पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन के एक बहुत मजबूत किलाबन्द इलाके पर हमले के दौरान कुमायू रेजीमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ थे । प्रहार के दौरान दुश्मन की एक भारी मशीन गन ने उनकी कम्पनी पर सही और प्रभावी गोलाबारी शुरू कर दी । लांस हवलदार किशन सिंह तुरन्त मशीन गन बंकर की तरफ अकेले आगे बढ़े और बंकर में एक ग्रेनेड फका । गन को शान्त करने के बाद वे फिर अकेले आगे बढ़े और उन्होंने दुश्मन के सैनिक को मार कर मशीन गन छीन ली ।

उनका संयमित साहस, पहल और जान की तनिक परवाह न करने के कारण ही लक्ष्य पर कब्जा हो सका ।

20. 5833405 लांस हवलदार जोगिन्दर सिंह सेन,
गोरखा राइफल्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

लांस हवलदार जोगिन्दर सिंह शकरगढ़ क्षेत्र के एक स्थान में दुश्मन की स्थिति पर हमले के दौरान गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी के मीडियम मशीनगन सैक्शन कमांडर थे । इनके द्वारा लक्ष्य पर कब्जा कर लेने के बाद दुश्मन ने भारी संख्या में जवाबी हमला किया और वह मीडियम मशीनगन को घेर लेने में सफल हुआ । दुश्मन के तीन सिपाहियों ने मशीनगन चौकी पर हमला किया और मशीनगन छीनने की कोशिश की । लांस हवलदार जोगिन्दर सिंह सेन अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करके खाई में से कूद कर बाहर आए और इन्होंने अपनी खुकरी से दुश्मन के तीनो सिपाहियों को मार गिराया । इस कार्यवाही से न केवल मीडियम मशीनगन छिनने से बच गई, बल्कि दुश्मन के जवाबी हमले को भी विफल किया जा सका ।

इस कार्यवाही से लांस हवलदार जोगिन्दर सिंह सेन ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया ।

21. 92306050 नायक फतह मोहम्मद,
लद्दाख स्काउट्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

नायक फतह मोहम्मद पश्चिमी क्षेत्र में दुश्मन की एक स्थिति पर हमले के दौरान लद्दाख स्काउट्स की एक कम्पनी के अग्रिम सैक्शन की कमान कर रहे थे । दुश्मन की दो हल्की मशीनगनों ने एक बंकर से भारी गोलाबारी शुरू कर दी, जिससे इनके सैक्शन का प्रहार रुक गया । नायक फतह मोहम्मद ने जवाबी गोलाबारी के लिए तुरन्त ही अपने सैक्शन को तैनात किया और अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए वे बंकर तक रेंग कर गए और इन्होंने बंकर के भीतर दो हथगोले फैंके । इस तरह इन्होंने गन पर तैनात सभी सिपाहियों को मार कर गनें शान्त कर दीं ।

इस कार्यवाही में नायक फतह मोहम्मद ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया ।

22. 2552653 नायक जजुला संयासी
मद्रास रेजीमेंट ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

नायक जजुला संयासी शकरगढ़ क्षेत्र में मद्रास रेजीमेंट की एक बटालियन की रिकायललैस गन टुकड़ी के कमांडर थे । 17 दिसम्बर, 1971 को दुश्मन के दो बंकरों से मीडियम मशीनगन की गोलाबारी के कारण हमारे सैनिकों का आगे बढ़ना रुक गया । नायक जजुला संयासी अपनी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए अपनी गन को बाजू की तरफ निकाल ले गए और इन्होंने दोनों मीडियम मशीनगन बंकरों को नष्ट कर दिया ।

इस कार्यवाही में नायक जजुला संयासी ने उच्चकोटि की वीरता, पहल शक्ति और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

23. 2651351 लांस नायक रघुनाथ सिंह,
ग्रेनेडियर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

लांस नायक रघुनाथ सिंह 5 दिसम्बर, 1971 की रात को राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन की पोजीशन पर हमले के दौरान ग्रेनेडियर्स, बटालियन की एक कम्पनी की मीडियम मशीनगन टुकड़ी में थे। दुश्मन की भारी गोलाबारी और मशीनगन के फायर के बावजूद इन्होंने बहुत ही साहसिक प्रभावी ढंग से हमले में योग दिया। आग की तरह जलती हुई बैरल को उठाते हुए इनके हाथ जल गए, लेकिन इसके बावजूद भी वे भारी मात्रा में लगातार गोलाबारी करते रहे, जिसके कारण हमले के सफल होने में काफी मदद मिली।

इस कार्यवाही में लांस नायक रघुनाथ सिंह ने उच्च-कोटि की वीरता, पहल शक्ति और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

24. 2660579 ग्रेनेडियर मंगल सिंह
ग्रेनेडियर्स ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर, 1971)

ग्रेनेडियर मंगल सिंह राजस्थान क्षेत्र में दुश्मन की एक पोजीशन पर हमले के दौरान प्रहार सैन्य दलों में थे। दुश्मन की मशीनगनों की भारी और सही गोलाबारी के कारण हमला रुक गया। ग्रेनेडियर मंगल सिंह अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए अपनी हल्की मशीनगन लेकर अग्रिम पोजीशन पर आ गए और ऐसा करते समय वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद वे रैंग कर आगे बढ़ते गए और अपनी मशीनगन से दुश्मन पर तब तक गोलीबारी करते रहे, जब तक वे घावों की वजह से बेहोश न हो गए।

इस कार्यवाही में ग्रेनेडियर मंगल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, पहलशक्ति और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

25. 4443902 सिपाही स्वर्ण सिंह
सिख लाइट इन्फैन्ट्री ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर 1971)

सिपाही स्वर्ण सिंह पश्चिमी क्षेत्र में दुश्मन की एक स्थिति पर हमले के दौरान सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी में थे। बाजू की तरफ स्थित दुश्मन के के एक बंकर से मीडियम मशीनगन की भारी और सही गोलाबारी के कारण कम्पनी का प्रहार रुक गया। सिपाही स्वर्ण सिंह अपनी निजी सुरक्षा की जरा परवाह न करते हुए मशीनगन चौकी तक रैंग कर पहुंचे और इन्होंने एक हथगोला फैंक कर उसे शान्त कर दिया। इसके तुरन्त बाद दुश्मन का एक सिपाही इनकी तरफ झपटा। सिपाही स्वर्ण सिंह ने दुश्मन को अपनी संगीन से मार डाला।

इस कार्यवाही में सिपाही स्वर्ण सिंह ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

सं० 74-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टन कुमार माधव वेलप्पन नायर (एक्स),
भारतीय नौसेना ।

कैप्टेन कुमार माधव वेलप्पन नायर, उस "टास्क फोर्स" के कमांडर थे, जिसने 8/9 दिसम्बर, 1981 की रात को कराची पर हमला किया था। हालांकि दुश्मन के तुरन्त हवाई हमले का अंदेशा था और दुश्मन ने किनारे पर तोपें लगा रखीं थीं, फिर भी ये अपनी "टास्क फोर्स" को दुश्मन से लड़ने के लिए कराची से कुछ दूर ले गए। यह जानते हुए भी कि, दुश्मन के एक पिकेट-जहाज ने इनके दल का पता लगा लिया है और इसकी सूचना कराची भेज दी है, फिर भी ये अपने जहाज को कार्यवाही के लिए कराची से कुछ दूर समुद्री क्षेत्र में ले गए, और कार्यवाही करके पाकिस्तान की बहुत सी नौसेना यूनिटों को डुबा दिया और नुकसान पहुंचाया।

इस कार्यवाही में कैप्टन कुमार माधव वेलप्पन नायर ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

2. कमांडर विनय राय चौधरी (एस०),
भारतीय नौसेना ।

कमांडर विनय राय चौधरी, भारतीय नौसैनिक जहाज विक्रान्त के इंजीनियर अफसर थे। दिसम्बर, 1971 में, पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान, इन्हें बंगला देश के समुद्र में गश्त लगाने के लिए कहा गया था। इस कार्य में दुश्मन के जहाजों पर हमला करने और गश्त लगाने के लिए भारतीय नौसैनिक जहाज विक्रान्त से लड़ाकू बमवर्षक और पनडुब्बी विरोधी हवाई जहाजों की संक्रियाओं भी शामिल थीं। कमांडर विनय राय चौधरी ने अपनी लगातार कोशिशों से इन हमलों के लिए हर प्रकार के उपस्करों को सुलभ बनाए रखा। इनकी कोशिश का ही परिणाम था कि इस जहाज पर दुश्मन की पनडुब्बियों का हमला नहीं होने पाया, जबकि दुश्मन के हर बंदरगाह पर भारतीय नौसैनिक हवाई जहाज लगातार हमले करते रहे।

पूरी संक्रियाओं के दौरान कमांडर विनय राय चौधरी ने सराहनीय साहस और सैन्य कौशल का परिचय दिया।

3. कमांडर राय जोसफ मिलेन (एक्स),
भारतीय नौसेना ।

कमांडर राय जोसेफ मिलेन, उस भारतीय नौसैनिक पन-डुब्बी के कमान अफसर थे जिसने पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में बंगला देश के समुद्र में गश्त की थी यह जानते हुए भी कि इनके जहाज की गश्तों पर दुश्मन अपनी हवाई और सरफेज फोर्स के जरिए लगातार निगरानी कर रहा है तो भी इन्होंने अपनी जोखिम भरी गश्तें जारी रखी। जिसकी वजह से दुश्मन को पानी के भीतर हमारा डर बना रहा। बंगला देश में जिन बंदरगाहों पर दुश्मन का कब्जा था उन तक पहुंचने वाले उन रास्तों की

इन्होंने जाच की, जिनमें नौ-चालन के लिए कुशलता की जरूरत थी। इस प्रकार इन्होंने भारतीय नौसेना के लिए महत्वपूर्ण आसूचना प्राप्त की।

पूरी संक्रियाओं में कमांडर राय जोसेफ मिलेन ने सराहनीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

1. लेफ्टिनेन्ट कमांडर (स्पेशल ड्यूटी गोमन) इंदर सिंह, भारतीय नौसेना।

लेफ्टिनेन्ट कमांडर इंदर सिंह, पूर्वी बेड़े के एक नौसैनिक यूनिट के कमान अफसर थे। दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध छिड़ने पर, इनको विशाखापत्तनम् की ओर आने वाले रास्तों पर दुश्मन की पनडुब्बी के हमले के विरुद्ध गश्त लगाने का आदेश दिया गया। 3/4 दिसम्बर 1971 की रात को उन्होंने विशाखापत्तनम् की ओर आने वाले रास्ते में घुसने की कोशिश कर रही एक पाकिस्तानी पनडुब्बी पर हमला कर दिया। इनका हमला कामयाब रहा और पाकिस्तानी पनडुब्बी डुबो दी गयी। बाद में पता चला कि वह पनडुब्बी गाजी थी। बाद की संक्रियाओं में इन्होंने एक पाकिस्तानी जहाज को भी पकड़ा।

पूरी संक्रियाओं में लेफ्टिनेन्ट कमांडर इंदर सिंह ने सराहनीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

5. लेफ्टिनेन्ट कमांडर अश्वनी कुमार मेहरा (एक्स), भारतीय नौसेना।

लेफ्टिनेन्ट कमांडर अश्वनी कुमार मेहरा उस भारतीय नौसेना हवाई जहाज के पायलट थे, जिसने दिसम्बर, 1971 के दौरान बंगला देश में दुश्मन के बन्दरगाहों पर लगातार हमले किए। इन्होंने चटगांव, मंगला और खुलना के रक्षित बंदरगाहों पर हमले की नौ उड़ानों में हिस्सा लिया। इनमें से छः सफल उड़ानों का नेतृत्व इस अफसर ने किया। इनके हवाई जहाज पर भारी विमानभेदी तोपों की गोलीबारी के बावजूद वे लक्ष्यों पर उड़ानों का नेतृत्व करते रहे, जिससे बन्दरगाहों में खड़े जहाजों और संस्थापनों को भारी नुकसान पहुंचा। 13 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने दुश्मन के एक ऐसे भारी रक्षित जहाज पर हमला कर दिया, जिसमें सेना जा रही थी। इनके हमले के कारण दुश्मन के जहाज में आग लग गई और बाद में वह कर्णफूली नदी में डूब गया।

पूरी संक्रियाओं के दौरान, लेफ्टिनेन्ट कमांडर अश्वनी कुमार मेहरा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और सैनिक चातुर्य का परिचय दिया।

6. मेघ नाथ संगल, मास्टर चीफ इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (पावर) सेकण्ड क्लास (नं० 50896), भारतीय नौसेना।

मेघ नाथ संगल, मास्टर चीफ इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (पावर) सेकण्ड क्लास, उस भारतीय नौसैनिक जहाज के कर्मीदल में शामिल थे जिसने 4--5 दिसम्बर, 1971 की रात को कराची पर हमला किया था। हालांकि दुश्मन के तुरन्त हवाई हमले का अंदेशा था और दुश्मन ने किनारे पर तोपें लगा रखी थी, फिर भी इन्होंने अपने नौसैनिक द्वारा आक्रमण कर दिया। इनकी बहादुरी और प्रेरक नेतृत्व की वजह ही से इनके मातहत नौसैनिकों ने अपनी नौसैनिक यूनिटों का इस लायक बनाया कि वे पाकिस्तान का सरफेसफ्लीट को करारी चोट पहुंचा सकी।

इस कार्यवाही में मेघ नाथ संगल, मास्टर चीफ इलेक्ट्रिकल आर्टिफिसर (पावर) सेकण्ड क्लास ने सराहनीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

7. मुधिलिस्सेरी औसेफ थोमाचन, पैटी अफसर (सं० 46337) भारतीय नौसेना।

मुधिलिस्सेरी औसेफ थोमाचन, पैटी अफसर, उस भारतीय नौसैनिक जहाज के कर्मीदल में शामिल थे, जिसने 4-5 दिसम्बर 1971 की रात को कराची पर हमला किया था। हालांकि दुश्मन के तुरन्त हवाई हमले का अंदेशा था और दुश्मन ने किनारे पर तोपें लगा रखी थी, फिर भी मुधिलिस्सेरी औसेफ थोमाचन, पैटी अफसर, ने अत्यन्त साहस के साथ अपने नौसैनिकों द्वारा आक्रमण किया। इनकी बहादुरी और प्रेरक नेतृत्व की वजह ही से इनके मातहत नौसैनिकों ने अपनी नौसैनिक यूनिटों को इस लायक बनाया कि वे पाकिस्तान की सरफेस फ्लीट को करारी चोट पहुंचा सकी।

इस कार्यवाही में, मुधिलिस्सेरी औसेफ थोमाचन, पैटी अफसर ने सराहनीय, साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

8. रविन्द्रनाथ शर्मा, एक्टिंग पैटी अफसर (टेलीग्राफ) (सं० 88301), भारतीय नौसेना।

रविन्द्रनाथ शर्मा, पैटी अफसर (टेलीग्राफिस्ट), उस भारतीय नौसैनिक जहाज के कर्मीदल में शामिल थे, जिसने 4-5 दिसम्बर, 1971 की रात को कराची पर हमला किया था। हालांकि दुश्मन के तुरन्त हवाई हमले का अंदेशा था और दुश्मन ने किनारे पर तोपें लगा रखी थी, फिर भी रविन्द्र नाथ शर्मा ने अत्यन्त साहस के साथ अपने नौसैनिकों द्वारा आक्रमण किया। इनकी बहादुरी और प्रेरक नेतृत्व की वजह ही से इनके मातहत नौसैनिक ने अपनी नौसैनिक यूनिटों को इस लायक बनाया कि वे पाकिस्तान की सरफेस-फ्लीट को करारी चोट पहुंचा सकी।

इस कार्यवाही में रविन्द्रनाथ शर्मा, पैटी अफसर (टेलीग्राफिस्ट) ने, सराहनीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. कापल्ली साईं राजू, लीडिंग इलैक्ट्रिकल मैकेनिक (पावर), (सं० 89148), भारतीय नौसेना।

कापल्ली साईं राजू, बंगला देश में पाकिस्तानी सेनाओं के विरुद्ध संक्रियाओं में, उस नौसैनिक यूनिट के साथ थे, जिसने खुलना बंदरगाह पर हमला किया था। 10 दिसम्बर, 1971 को खुलना बन्दरगाह पर जब यह दल दुश्मन के हवाई

और किनारे वाली सेनाओं से लोहा ले रही थीं, उस समय कापल्ली साई राजू, लीडिंग इलैक्ट्रिकल मैकेनिक (पावर) उस जहाज में थे जिस पर दुश्मन ने भारी हवाई हमला कर दिया था। एक भिडंत के दौरान, जहाज के कुछ कर्मी खुलना बन्दरगाह पर कब्जा करने के लिए उतरे। यह जानते हुए भी कि इनके दल के कुछ लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं और यह भी कि उस पर दुश्मन की थलसेना अपनी भारी मशीन गनों से गोलीबारी कर रही है, इन्होंने अपने नौसैनिकों का नेतृत्व करते हुए दुश्मन से आमने-सामने लड़ते रहे, जिसकी वजह से खुलना बन्दरगाह पर हमारा अधिकार हो गया।

इस कार्यवाही में कापल्ली साई राजू, लीडिंग इलैक्ट्रिकल मैकेनिक (पावर) ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

10. लक्ष्मण कुमार चक्रवर्ती, मेकेनिशियन तृतीय श्रेणी (सं० 48830),
भारतीय नौसेना।

लक्ष्मण कुमार चक्रवर्ती, मेकेनिशियन तृतीय श्रेणी, उस भारतीय नौसैनिक जहाज के कर्मीदल में शामिल थे, जिसने 4/5 दिसम्बर, 1971 की रात में कराची पर हमला किया था। हालांकि दुश्मन के तुरन्त हवाई हमले का अंदेशा था और दुश्मन ने किनारे पर तोपें लगा रखीं थी, फिर भी इन्होंने अत्यन्त साहस के साथ अपने नौसैनिकों द्वारा आक्रमण कर दिया। इनकी बहादुरी और प्रेरक नेतृत्व की वजह ही से इनके मातहत नौसनिकों ने अपनी यूनिटों को इस काबिल बनाया कि वे पाकिस्तान की मरफेम-फ्लीट को करारी चोट पहुंचा सकीं।

इस कार्यवाही में लक्ष्मण कुमार चक्रवर्ती, मैकेनिशियन, तृतीय श्रेणी ने सराहनीय साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

सं० 75-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. ग्रुप कैप्टेन राबर्ट अर्नोल्ड वेयर (3881),
फ्लाइंग (पायलट)।

दिसम्बर, 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान ग्रुप कैप्टेन राबर्ट अर्नोल्ड वेयर पश्चिमी क्षेत्र में एक संक्रियात्मक स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। यह जानते हुए भी कि हवाई जहाज पर छोटे हथियारों तक से फायर किया जा सकता है और जहाज को नुकसान पहुंचने की स्थिति में पैराशूट से नहीं उतारा जा सकता और न ही हवाई जहाज को मजबूरन जमीन पर उतारा जा सकता है, इन्होंने पुंछ क्षेत्र में जमीन की सतह से 30-50 फुट तक की ऊंचाई पर काफी तादाद में संक्रियात्मक उड़ानें कीं। 8 से 11 दिसम्बर 1971 के बीच इन्होंने भारी जमीनी गोलाबारी के बीच में से दुश्मन की बहुत सारी गन पोजीशनों पर बममारी की और उन्हें बरबाद कर दिया इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी सेना की सहायता में भी बहुत सी दूसरी उड़ानें की और इन्होंने दुश्मन की पोजीशनों को भारी नुकसान पहुंचाया। क्षेत्र में घुसपैठियों का पता लगाने के लिए भी इन्होंने टोह उड़ानें कीं।

संक्रियाओं के दौरान ग्रुप कैप्टेन राबर्ट अर्नोल्ड वेयर ने उच्चकोटि की व्यावसायिक दक्षता और नेतृत्व का परिचय दिया।

2. विंग कमांडर केशव चन्द्र अग्रवाल (4434),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 को भारत-पाक युद्ध के दौरान विंग कमांडर केशव चन्द्र अग्रवाल एक संक्रियात्मक लड़ाकू स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। अपनी थल सेनाओं की सहायता में इन्होंने दुश्मन की बख्तरबंद और थल सेना के जमाव क्षेत्रों पर की गई अनेक संक्रियात्मक उड़ानों का नेतृत्व किया। भारी जमीनी गोलीबारी और हवाई विरोध के बावजूद इन्होंने हमले किए और बहुत सी गाड़ियों और पैट्रोल भंडारो को बर्बाद किया। 4 दिसम्बर, 1971 और फिर 8 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने चोर-दोरोनारा क्षेत्रों में टोह उड़ाने कीं, और गोलाबारूद से लदी दो रेल गाड़ियों का पता लगा कर उन्हें नष्ट कर दिया। 6 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने एक फार्मेशन का नेतृत्व किया और चोर-दोरोनारा-हसीसार क्षेत्र में एक रेलवे इंजिन और गोलाबारूद से लदे पंद्रह डिब्बों को नष्ट किया। फिर 9 दिसम्बर, 1971 को पंद्रह मालगाड़ी के डिब्बे नष्ट किए और मीर-पुरखास के स्थान पर लगभग चालीस डिब्बों को नुकसान पहुंचाया। इस तरह इन्होंने दुश्मन को महत्वपूर्ण रसद से वंचित कर दिया।

इन संक्रियाओं के दौरान विंग कमांडर केशव चन्द्र अग्रवाल ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और उड़ान कौशल का परिचय दिया।

3. विंग कमांडर कृष्ण कुमार बधवार (4669),
फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष के दौरान विंग कमांडर कृष्ण कुमार बधवार पश्चिमी क्षेत्र में एक बममार स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। 3 दिसम्बर से 14 दिसम्बर, 1971 के दौरान इन्होंने दुश्मन के ऐसे हवाई अड्डों और बंदरगाह संस्थापनों के विरुद्ध अनेक उड़ानें कीं, जो मिसाइल और विमान भेदी गनों से बहुत ज्यादा रक्षित थे। अपनी निजी सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए, बहुत साहस और कौशल से इन्होंने मसरूर और द्रिग रोड़ के हवाई अड्डों और कराची के बंदरगाह संस्थापनों पर हमला किया। इस प्रकार दुश्मन के तेल-भंडारों को कम और कराची की बंदरगाह-सुविधाओं को अपंग करने में इनका हाथ है।

संक्रियाओं के दौरान विंग कमांडर कृष्ण कुमार बधवार ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

4. विंग कमांडर नरेन्द्र चतरथ (3959),
फ्लाइंग (पायलट)

4 दिसम्बर, 1971 को विंग कमांडर नरेन्द्र चतरथ ने ढाका के निकट अच्छी तरह से रक्षित कुर्मीटोला हवाई अड्डे पर किए गए हमले का नेतृत्व किया। लक्ष्य के निकट पहुंचते ही पाकिस्तानी सैबरों ने इनकी फार्मेशनों को आ घेरा। हमलावर सैबरों से निबटने के लिए विमानों ने फार्मेशन से हट कर कार्यवाही शुरू की। विंग कमांडर नरेन्द्र चतरथ ने एक सैबर पर हमला किया और कुछ देर की आकाशीय लड़ाई के बाद सैबर पीछे हट गया और अपने अड्डे को लौटने लगा। मौसम खराब होने और पैट्रोल की कमी के बावजूद उन्होंने दुश्मन के प्रदेश में भीतर तक जाकर उस सैबर का पीछा किया और उसे एक दूसरी आकाशीय लड़ाई में उलझा कर उसे मार गिराया। दुश्मन का जहाज जमीन पर गिर पड़ा और जल कर ध्वस्त हो गया।

इस कार्यवाही में विंग कमांडर नरेन्द्र चतरथ ने उच्चकोटि की वीरता और उड़ान कौशल का परिचय दिया।

5. विंग कमांडर डोनाल्ड मैल्विन कन्क्वेस्ट (4692), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष के दौरान विंग कमांडर डोनाल्ड मैल्विन कन्क्वेस्ट संक्रियात्मक प्रशिक्षण यूनिट की कमान कर रहे थे। 4 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने एक फार्मेशन का नेतृत्व किया, जिसने कराची बंदरगाह के भारी तेल संस्थापन पर हमला किया और उसमें आग लगा दी। 5 दिसम्बर को उन्होंने मौरीपुर हवाई अड्डे पर हमला किया और जमीन पर खड़े हवाई जहाजों में से 6 को नष्ट कर दिया और दूसरों को भारी नुकसान पहुंचाया। फिर 6 दिसम्बर, 1971 को उन्होंने पुनः विंग रोड़ हवाई अड्डे के गोदामों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया। इसके अलावा इन्होंने निकट के से हवाई सहायता और विभंजन मिशनों पर अनेक उड़ानें कीं। लोंगेवाला क्षेत्र में दुश्मन की बख्तरबंद सेना के भारी हमले को बेअसर करने और बहुत सी माल गाड़ियों में आग लगाने का श्रेय इन्हीं को है। एक बार वे दुश्मन की गोलीबारी से घायल हुए। बुरी तरह लहुलुहान होने के बावजूद भी वे अपनी फार्मेशन को सफलता से अड्डे पर लौटा लाए।

सम्पूर्ण संक्रियाओं में विंग कमांडर डोनाल्ड मैल्विन कन्क्वेस्ट ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

6. विंग कमांडर रविन्द्र नाथ डोगरा (4725), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के दौरान विंग कमांडर रविन्द्र नाथ डोगरा एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। इन्होंने दुश्मन के अति रक्षित प्रदेश के भीतर तक कई उड़ाने की और कई बार वे गोलियों से छिदा विमान वापस लाये। अपनी निडरता और आदर्श से इन्होंने अपनी स्क्वाड्रन के पायलटों में विश्वास जगाया, जिन्होंने अपने आप को कठिन उड़ानों पर जाने के लिए प्रस्तुत किया और सफलतापूर्वक उन्हें पूरा किया।

संक्रियाओं के दौरान विंग कमांडर रविन्द्र नाथ डोगरा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और उड़ान-कौशल का परिचय दिया।

7. विंग कमांडर अरुण कांति मुखर्जी, वी० एम० (4416), फ्लाइंग (पायलट)

पाकिस्तान के साथ हुए हाल के युद्ध में विंग कमांडर अरुण कांति मुखर्जी एक टैक्टीकल फ्लाइंग यूनिट की कमान कर रहे थे। इन्होंने बहुत सी संक्रियात्मक उड़ानें कीं और दुश्मन के अति रक्षित हवाई अड्डों पर हमला किया। इनकी यूनिट को सौंपे गए सभी कार्य इनकी ठोस योजना के कारण अनुकरणीय ढंग से पूरे हुए। दुश्मन द्वारा भारी रक्षा बचाव बंदोबस्त के बावजूद इनकी यूनिट ने रात के समय उसके इलाके में बहुत भीतर तक उड़ानें भरीं। इस यूनिट ने रात के समय दुश्मन को परेशान रखने में बहुत महत्वपूर्ण काम किया।

संक्रियाओं के दौरान विंग कमांडर अरुण कांति मुखर्जी ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

8. विंग कमांडर रामनाथन सुन्दरमन (4574), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संघर्ष के दौरान विंग कमांडर रामनाथन सुंदरमन पूर्वी क्षेत्र में एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में थे। ढाका के निकट तेजगांव हवाई अड्डे पर हमला करने वाली फार्मेशन का यह नेतृत्व कर रहे थे कि दुश्मन के चार हवाई जहाजों की एक फार्मेशन इनको रोकने के लिए लपकी। जमीन से भारी गोलीबारी के बावजूद वे दुश्मन से जूझे और चार में से एक सैबर को मार गिराया।

इस कार्यवाही में विंग कमांडर रामनाथन सुंदरसन ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

9. विंग कमांडर मुरारी लाल लेहन (4577), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 के भारत-पाक संघर्ष के दौरान विंग कमांडर मुरारी लाल लेहन पश्चिमी क्षेत्र में एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। इन्होंने अनेक संक्रियात्मक उड़ानें की और जमीनी भारी गोलाबारी के बीच में से दुश्मन के अनेकों टैंकों, बंकरों और गन ठिकानों को नष्ट किया। इनके स्क्वाड्रन ने दुश्मन के प्रदेश में भीतर तक बहुत सी लड़ाकू टोह उड़ानें कीं, जिनसे बाद की संक्रियाओं की योजना बनाने और उस पर अमल करने में बहुत मदद मिली।

संक्रियाओं के दौरान विंग कमांडर मुरारी लाल लेहन ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

10. स्क्वाड्रन लीडर रमेश चन्द्र कोहली (4891), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध के दौरान स्क्वाड्रन लीडर रमेश चन्द्र कोहली को एक सक्रियात्मक बममार स्क्वाड्रन के साथ तैनात किया गया था। इन्होंने दुश्मन के प्रदेश में बहुत भीतर तक कई उड़ानें की, जिनके दौरान इन्हें अति रक्षित टार्गेटों पर दुश्मन रडार के घेरे को पार करके जाना पड़ा। यूनिट में अपने साथियों और जूनियर पायलटों के लिए वे हमेशा प्रेरणा के स्रोत रहे।

सक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर रमेश चन्द्र कोहली ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक दक्षता और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

11 स्क्वाड्रन लीडर आर्य भूषण लाबा (4713), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान स्क्वाड्रन लीडर आर्य भूषण लाबा एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर थे। 4 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने रिसालवाला और चंदर हवाई अड्डों पर की गई उड़ानों का नेतृत्व किया और विसर्जन-स्थलों को एकदम तबाह कर दिया। 5 दिसम्बर 1971 को इन्होंने दुश्मन के एक टैंक और टैंक ढोने वाली गाड़ी को नष्ट किया। 6 दिसम्बर 1971 को उन्होंने नरोवाल के निकट दुश्मन की पोजीशनों को बर्बाद किया। 7 दिसम्बर 1971 को पहले इन्होंने दुश्मन की सेना के जमाव पर और बाद में उसकी गन और टैंक पोजीशनों पर बममारी की। 9 दिसम्बर 1971 को इन्होंने इछोगिल नहर पर बने एक पुल को उड़ा दिया। तकनीकी स्टाफ से निकट सपर्क बना कर इन्होंने स्क्वाड्रन में अपने जहाजों को बहुत अच्छी चालू हालत में रखा।

सक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर आर्य भूषण लाबा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया।

12. स्क्वाड्रन लीडर फारुख जहांगीर मेहता (4906), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध सक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर फारुख जहांगीर मेहता ने एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के सीनियर पायलट के रूप में बाटस सक्रियात्मक उड़ानें की जिनमें कच्छ और बाड़मेर क्षेत्र में निकट से हवाई सहायता और मीरपुर तथा बदिन पर सफल बममारी की कार्यवाहियां शामिल हैं। इन्होंने बदिन, तालाहर और ममरूर हवाई अड्डों पर पांच जवाबी हवाई उड़ानें की। 13 दिसम्बर 1971 को जब वे तालाहर हवाई अड्डे पर बममारी उड़ान पर थे तो एक सैबर ने इन्हें घेर लिया। बाद में हुई इस हवाई लड़ाई में इन्होंने दुश्मन के उस हवाई जहाज को मार गिराया। एक और मौके पर जब वे नयाचोर क्षेत्र में निकट से हवाई सहायता के मिशन पर थे तो इन पर एक सैबर ने हमला किया। इन्होंने बड़ी दक्षता से अपने हवाई जहाज को घुमाया और दुश्मन के जहाज पर सीधी मार की, जो उसी समय जमीन पर गिरता देखा गया।

इन सभी कार्यवाहियों में स्क्वाड्रन लीडर फारुख जहांगीर मेहता ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक दक्षता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

सं० 76-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की सक्रियाओं में वीरता के लिए "वीर चक्र का वार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. विंग कमांडर भूपेन्द्र कुमार विश्नोई, वीर चक्र (4594), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर, 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान विंग कमांडर भूपेन्द्र कुमार विश्नोई पूर्वी क्षेत्र में एक सक्रियात्मक लड़ाकू स्क्वाड्रन की कमान कर रहे थे। इन्होंने तेजगाव हवाई अड्डे पर बममारी की सबसे पहली दो उड़ानों का नेतृत्व किया और भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद तेजगाव हवाई पट्टी पर बममारी की और साथ ही जमीन पर खड़े दुश्मन के एक बड़े परिवहन विमान को नष्ट कर दिया। बममारी के लिए की गई इन उड़ानों में से एक उड़ान पर इन के जहाज को एक भारी गोला लगा और उसे बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा। लेकिन इसके बावजूद भी इन्होंने सफलता से हमला किया। 14 दिसम्बर 1971 को भारी जमीनी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने ढाका में सैनिक लक्ष्यों पर हमले किये। इन्होंने ढाका के गवर्नमेंट हाउस और दूसरे लक्ष्यों पर बहुत ही सही निशाने से हमले किए। भारतीय थल सेना की सहायता में की गई उड़ानों में से इन्होंने दस उड़ानें कोमिला सैक्टर में दुश्मन की अति रक्षित पोजीशनों के खिलाफ की और दुश्मन के बंकरों तथा मजबूत ठिकानों को नष्ट किया।

इन सक्रियाओं में विंग कमांडर भूपेन्द्र कुमार विश्नोई ने उच्चकोटि की वीरता, व्यावसायिक दक्षता और नेतृत्व का परिचय दिया।

2. स्क्वाड्रन लीडर विनोद कुमार भाटिया, वीर चक्र (6497), फ्लाइंग (पायलट)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध सक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर विनोद कुमार भाटिया एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन के फ्लाइट कमांडर थे। इन्होंने दुश्मन के प्रदेश में बहुत अन्दर तक कई उड़ानें की और उपयोग जानकारी अपने साथ लाए। विमान भेदी तोपों से अति रक्षित दुश्मन के हवाई अड्डों पर इन्होंने जवाबी हवाई बममारी की। अपनी बाद की उड़ानों पर भारी जमीनी गोलाबारी और दुश्मन के जहाजों की गश्त के बावजूद इन्होंने सफलता से हमले किए। इन्होंने दुश्मन के तीन हवाई जहाज और बहुत से जमीनी सैनिक संस्थापनों को नष्ट किया। दुश्मन की संचार लाइनों को अस्तव्यस्त करने के लिए भी इन्होंने कई विभंजन उड़ानें की। इसके अतिरिक्त इन्होंने हमारे जमीनी सैन्य दलों को भी निकट से हवाई सहायता दी।

संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर विनोद कुमार भाटिया ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया ।

3. फ्लाइट लेफ्टिनेंट विनोद कुमार नेब, वीर चक्र (8189), फ्लाइंग (पायलट)

4 दिसम्बर, 1971 को फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार नेब चार बममार हवाई जहाजों की फार्मेशन में नम्बर 3 थे, जो ढाका में कुर्मीटोला हवाई अड्डे पर बममारी के मिशन पर थी । ज्योंही फार्मेशन लक्ष के नजदीक पहुंची तो तीन सैबर विमानों ने उसे रोका । फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार नेब ने दुश्मन के एक हवाई जहाज पर हमला किया और उसे मार गिराया । इसके बाद इनकी निगाह एक और सैबर पर पड़ी । हालांकि इनके जहाज में पैट्रोल कम रह गया था, लेकिन वे चतुराई से अपने जहाज को लाभ-प्रद स्थिति में लाये जिससे कि दुश्मन के सैबर पर गोली चलाई जा सके । इस बीच हवाई जहाज की चेतावनी बत्ती जल उठी और इनके नेता ने पैट्रोल की कमी का ध्यान करते हुए इन्हें मुठभेड़ से हट जाने का आदेश दिया । इंजन की गड़बड़ी के बावजूद यह अपने हवाई जहाज को अड्डे पर सुरक्षित लौटा लाए । इसके बाद अड्डे से अलग, स्क्वाड्रन की टुकड़ी से संयुक्त होकर उन्होंने उड़ान संक्रियाएं की और कोमिला क्षेत्र में जमीन पर बममारी की उड़ानों पर गए । अपने नेता के साथ इन्होंने बरकाल क्षेत्र में अपने सैन्य दलों के सामने पड़ने वाली पहाड़ियों पर ऊंचे में बने दुश्मन के बंकरों और गन ठिकानों को नष्ट किया जिससे हमारी सेना उन पर कब्जा कर सकी ।

संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट विनोद कुमार नेब ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया ।

सं० 77-प्रेज/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिए 'वीर चक्र' प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं।—

1. मेजर रमेश कुमार दादकर, आई० सी०-14290, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—26 नवम्बर, 1971)

(मरणोपरान्त)

मेजर रमेश कुमार दादकर मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे जो कि हाल की पाकिस्तान के विरुद्ध कार्यवाहियों के दौरान पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर तैनात थी। जब एक जूनियर कमीशन्ड अफसर सुरंग के फट जाने से घायल हो गया तो मेजर रमेश कुमार दादकर शत्रु की भारी गोलीबारी के बावजूद, कुछ स्ट्रेचर वाहकों को साथ लेकर, उसकी मदद के लिए फौरन आगे बढ़े। जब जूनियर कमीशन्ड अफसर को उस जगह से निकाला जा रहा था तो एक स्ट्रेचर वाहक शत्रु की गोली से घातक रूप से घायल हो गया। बिना डरे, उन्होंने जूनियर कमीशन्ड अफसर को सुरंग क्षेत्र से बाहर निकालने के, अपने प्रयत्न जारी रखे। ऐसा करते हुए, शत्रु की एक मशीन गन की गोली की बौछार उन पर पड़ी, जिसके कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही में मेजर रमेश कुमार दादकर ने सराहनीय साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

2. मेजर हरदेव सिंह ग्रेवाल, आई० सी०-21289, जाट रेजिमेंट,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसंबर 1971)

(मरणोपरान्त)

7 दिसंबर 1971 की रात को मेजर हरदेव सिंह ग्रेवाल, जाट रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे, जो कि छम्ब क्षेत्र में रक्षात्मक मोर्चे पर तैनात थी। शत्रु ने तोपखाने की भारी गोलाबारी की सहायता से तीन बार इस मोर्चे पर हमला किया। उन्होंने अपने तोपखाने से शत्रु पर भारी गोलाबारी करवा कर अपने सैनिकों को उसके हमले को विफल करने की प्रेरणा दी। अपने तीसरे प्रबल प्रयास में शत्रु हमारे इलाके में एक जगह अपने पांव जमाने में सफल हो गया था। उन्होंने फौरन उस पर जवाबी हमला कर दिया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाकर वे पुनः पूर्व स्थिति को बहाल करने में सफल हुए। 9 दिसंबर 1971 की रात को शत्रु ने इन्फैन्ट्री और आर्मर की मदद से दुबारा कई हमले किए। अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना वे खुले में ही एक जवान से दूसरे जवान के पास जाकर उन्हें प्रोत्साहित करते रहे और उन्होंने शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा कर उसके सभी हमलों को विफल कर दिया। 10 दिसंबर, 1971 को यद्यपि उनकी जांघ पर घाव हो गया, फिर भी, वे लड़ाई का निर्देश करते रहे। पुनः उन पर शत्रु की मशीन गन की गोलियों की बौछार पड़ी जिसके कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर हरदेव सिंह ग्रेवाल ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

3. मेजर हरपाल सिंह ग्रेवाल (आई० सी०-18061) बिहार रेजिमेंट **(मरणोपरांत)**

मेजर हरपाल सिंह ग्रेवाल बिहार रेजिमेंट की बटालियन की एक कंपनी के कमान अफसर थे और इन्हें पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी को नष्ट करने का काम सौंपा गया था। चौकी पर दुश्मन भारी तादाद में था और यहां उसने खूब अच्छी तरह मोर्चाबंदी कर रखी थी और उनके पास मीडियम मशीन गनें भी थीं। हमले के दौरान इनकी कंपनी दुश्मन की मशीनगनों और छोटे हथियारों के भारी गोलीबारी के बीच आ गई, किन्तु उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर अपने जवानों को प्रोत्साहित किया ताकि हमले को जारी रखा जा सके। हमले का नेतृत्व करते हुए मेजर ग्रेवाल मशीनगनों की गोलियों की एक बौछार से घायल हो गए फिर भी इन्होंने आगे बढ़ना जारी रखा और चौकी का खात्मा कर दिया। लक्ष्य पर कब्जा करने के बाद घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में मेजर हरपाल सिंह ग्रेवाल ने उच्चकोटि की वीरता के और नेतृत्व का परिचय दिया।

4. मेजर लील बहादुर गुरंग (आई० सी०-14532), महार रेजिमेंट **(मरणोपरांत)**

मेजर लील बहादुर गुरंग पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की एक चौकी पर हमला करने के दौरान महार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी के कमान-अफसर थे। दुश्मन ने चौकी की खूब अच्छी तरह मोर्चाबंदी कर रखी थी और उसके पास मीडियम मशीनगनें

भी थीं। हमले के दौरान इनकी कंपनी दुश्मन की मीडियम मशीन गनों के रेंज और सही गोली बारी के बीच आ गई। जोरदार गोली-बारी के बावजूद मेजर गुरंग ने पक्के इरादे से हमले का नेतृत्व किया और स्वयं आगे बढ़कर हमले को जोरदार बनाए रखने के लिए अपने जवानों को जोश दिलाया। एक टांग बुरी तरह घायल हो जाने के बावजूद वे दुश्मन के मीडियम मशीन गन के एक बंकर तक रेंग कर पहुंचे और इसी दौरान इनकी टांग पर गोलियों की एक और बौछार पड़ी। गंभीर रूप से घायल होने पर भी इन्होंने दुश्मन के बंकर में एक हथ गोला फेंका और मशीन गन को शांत कर दिया। फलस्वरूप इनकी कंपनी लक्ष्य पर कब्जा करने में सफल हुई। लड़ाई के मैदान में घावों से शहीद होने के अंतिम क्षण तक ये अपने जवानों का हौसला बढ़ाते रहे।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर लील बहादुर गुरंग ने उच्चकोटि की वीरता और अटल निश्चय का परिचय दिया।

5. मेजर गुरदेव सिंह जसवाल, (आई० सी०—16008), पंजाब रेजिमेंट (मरणो परान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसंबर, 1971)

मेजर गुरदेव सिंह जसवाल, पश्चिमी क्षेत्र में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान, पंजाब रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। इनकी बटालियन को शकरगढ़ क्षेत्र में 'चक अमरू' रेल स्टेशन पर दुश्मन की स्थिति पर कब्जा करने का आदेश मिला। मेजर गुरदेव सिंह जसवाल ने 600 गज दूर तक की सामरिक सुरंग क्षेत्र में से होकर प्रहार किया। इनके इस बड़े तेज प्रहार के कारण दुश्मन चकरा गया और भाग खड़ा हुआ। पुनर्गठन के दौरान इनकी कंपनी पर दुश्मन की मीडियम मशीन गनों और तोपखाने का सही और घना फायर पड़ने लगा। मेजर गुरदेव सिंह जसवाल, दुश्मन के छोटे हथियारों के फायर और गोलाबारी के बावजूद खाई-खाई जाकर अपने जवानों को उत्साहित करते रहे। ऐसा करते हुए उन्हें दुश्मन की मीडियम मशीन गन की गोलियों की बौछार लगी जिसकी वजह से वे शहीद हो गए।

इस पूरी कार्यवाही में मेजर गुरदेव सिंह जसवाल ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

6. मेजर नारायण सिंह (आई०सी०—18086), जाट रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसंबर, 1971)

5 दिसंबर, 1971 को मेजर नारायण सिंह जो जाट रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे, फाजिलका क्षेत्र में एक स्थान पर शत्रु को इलाके को अधिकार में लेने का कार्य सौंपा गया था। जब जवाबी हमला शुरू किया गया तो शत्रु ने तोपखाने और छोटे हथियारों से जोरदार गोलाबारी शुरू कर दी जिससे हमारे बहुत से सैनिक हताहत हुए। बिना डरे, मेजर नारायण सिंह ने अपने जवानों को लेकर लक्ष्य पर हमला किया। ऐसा करते समय उन पर शत्रु की मशीन गन की गोलियों की बौछार पड़ी, लेकिन वे हमले का निर्देश करते रहे और दुश्मन को उलझा कर उससे गुत्थम गुत्था करते रहे जिसमें वे घातक रूप से घायल हुए।

इस कार्यवाही में मेजर नारायण सिंह ने उच्चकोटि की वीरता दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

7. मेजर वेत्री नाथन (आई० सी०—13991), गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसंबर, 1971)

मेजर वेत्री नाथन कारगिल क्षेत्र में गोरखा राइफल की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। 6/7 दिसंबर, 1971 की रात को उनकी कंपनी को एक ऐसी पहाड़ी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया, जहां दुश्मन भारी तादाद में था। हमले के दौरान दुश्मन ने हमारे जवानों पर छोटे हथियारों और तोपखाने से भारी और सही गोलीबारी शुरू कर दी। मेजर वेत्री नाथन अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना एक जवान से दूसरे जवान के पास गए और हमले का दबाव बढ़ाने के लिए उन्हें उत्साहित किया। बुरी तरह घायल होने के बावजूद उन्होंने हमले का नेतृत्व किया और घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले ही लक्ष्य पर कब्जा कर लिया।

इस कार्यवाही में मेजर वेत्री नाथन ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

8. मेजर देविंदरजीत सिंह पन्नू (आई० सी०—13158), सिख रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसंबर, 1971)

3/4 दिसंबर, 1971 की रात को दुश्मन ने जब हमला किया तो मेजर देविंदरजीत सिंह पन्नू सिख रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे, जो छंब की रक्षा के लिए एक मुख्य स्थान पर डटी हुई थी। मेजर पन्नू तत्काल 'मोयल' सीमा चौकी की एक स्क्रीन पोजीशन पर तैनात अपनी एक प्लाटून के पास तेजी से पहुंचे और दुश्मन के भारी दबाव के बावजूद रात भर वहीं डटे रहे। उसके बाद भी सोलह घंटे तक चौकी के पूरी तरह घिरे जाने के बाद भी उन्होंने दुश्मन के हमले को रोके रखा। इसके बाद वह अपनी मुख्य चौकी पर पीछे हट गए, जहां लगातार दो रात उनकी कंपनी पर दुश्मन बटालियन की तादाद में हमला करता रहा था। मेजर पन्नू दुश्मन को पीछे धकेलने के लिए अपने जवानों को प्रोत्साहित करने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान की तरफ जाते रहे और इस दौरान दुश्मन के छोटे हथियारों और आर्टीलरी की गोलीबारी के सामने वे कई बार खुद खुले में आए। इस चौकी के महत्व को समझते हुए दुश्मन ने तोपखाने से भारी गोलाबारी के बाद बटालियन की तादाद में 5 दिसंबर की सुबह इस पर फिर हमला किया। अपने जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए मेजर पन्नू जब एक खाई से दूसरी खाई की तरफ जा रहे थे तो वह एक गोले से घायल हो गए और अपनी चौकी पर ही शहीद हो गए।

इस कार्यवाही में मेजर देविंदरजीत सिंह पन्नू ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. मेजर राजेन्द्र सिंह रजावत, (आई०सी०—18128), राजपूताना राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसंबर, 1971)

मेजर राजेन्द्र सिंह रजावत शकरगढ़ क्षेत्र में राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन की आर्मर्ड पर्सनल कैरियर कंपनी की कमान कर रहे थे। इनकी कंपनी को शत्रु के एक इलाके पर कब्जा करने का कार्य सौंपा गया था। इस पोजीशन पर शत्रु भारी संख्या में था। मेजर राजेन्द्र सिंह रजावत ने हमले में अपने जवानों का नेतृत्व किया और दुश्मन की भारी गोलाबारी और कड़े प्रतिरोध के बावजूद घमासान मुठभेड़ के बाद सुदृढ़ इलाके से उसको निकाल दिया। जब शत्रु ने जवाबी हमला किया तो उसके भारी गोलेबारी के बावजूद वे एक खाई में से दूसरी खाई में जाकर शत्रु के हमले को विफल करने के लिए अपने जवानों को प्रात्साहित करते रहे। ऐसा करते हुए उनको शत्रु का एक गोला लगा, जिसके कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान मेजर राजेन्द्र सिंह रजावत ने सराहनीय साहस, दृढ़-निश्चय और उच्चकोटि के नेतृत्व का परिचय दिया।

10. मेजर शशि पाल सिंह, (आई० सी०—18798), राजपूत रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—14 दिसंबर, 1971)

14 दिसंबर, 1971 को मेजर शशि पाल सिंह राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे, जोकि पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर रेल के एक पुश्ते पर हमला करने में लगी हुई थी। शत्रु भारी संख्या में सुदृढ़ खाइयों में मोर्चाबंदी किए हुए था। हमले के दौरान शत्रु ने तोपखाने और छोटे हथियारों से भारी और अचूक गोलाबारी करना शुरू कर दिया। अविचलित मेजर शशि पाल सिंह ने लक्ष्य की ओर बराबर आगे बढ़ना जारी रखा। ऐसा करते हुए वे घायल हुए और उनके अगले दस्ते को भारी जानी नुकसान उठाना पड़ा, जिससे हमले की प्रगति रुक गई। घावों के बावजूद, वे संक्रियाओं का निदेश करते रहे और अंत में लक्ष्य पर कब्जा करने में सफल हुए। बाद में, घावों के कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान, मेजर शशि पाल सिंह ने उच्च कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

11. मेजर सुरिन्दर वत्स (आई० सी०—15055), इंजीनियर्स कोर (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसंबर, 1971)

13 दिसंबर, 1971 को, इंजीनियर रेजिमेंट के मेजर सुरिन्दर वत्स, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन के साथ तैनात थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में कमालपुर-बखशीगंज अक्ष पर दुश्मन के इलाके में छापा मारने का काम सौंपा गया था। छापा सफल रहा और साथ ही दुश्मन की 130 मि० मी० की चार मार्टारों को भी कब्जा कर लिया। दुश्मन की कुमुक के आने की आशंका थी, इसलिए मेजर सुरिन्दर वत्स को यह आदेश दिया गया कि छापा मारने वाला कालम अड्डे से वापस लौटने पर पहले मार्टारों को बर्बाद कर दें। मेजर सुरिन्दर वत्स ने विस्फोटकों से दो मार्टारों को उड़ा दिया। लेकिन जब वे तीसरी मार्टार को उड़ाने के लिए चार्ज तैयार कर रहे थे उस समय दुश्मन के एक व्यक्ति ने उन्हें छिप कर गोली का निशाना बना दिया। हालांकि वे बुरी तरह जख्मी हो गए था फिर भी इस काम के महत्व को समझते हुए और घावों के कारण वीरगति पाने से पहले उन्होंने बची हुई मार्टारों के बैरल में ग्रेनेडों का विस्फोट करके उन्हें भी नष्ट कर दिया।

इस कार्यवाही में मेजर सुरिन्दर वत्स ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

12. कैप्टन रवीन्दर नाथ गुप्त (आई० सी०—16871) इंजीनियर्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसंबर, 1971)

कैप्टन रवीन्दर नाथ गुप्त उन उप-टास्क फोर्स कमांडरों में से एक थे जिन्हें पश्चिमी क्षेत्र में एक इलाके में बिछाए सुरंगों को तोड़ने का काम सौंपा गया था। इस सक्रिया की सफलता इस बात पर निर्भर थी कि दुश्मन के सुरंग क्षेत्र में से गाड़ियों के गुजरने के लिए, गलियां इतनी तेजी से बनाई जाएं कि अपनी आर्मर्ड रेजिमेंट दुश्मन के जवाबी हमले से पहले इस इलाके में पहुंच जाएं। इस इलाके में दुश्मन तोपखाने और मार्टर से लगातार गोले बरसा रहा था और इस बात की खबर नहीं मिल रही थी कि सुरंग क्षेत्र कितना गहरा है। चूंकि समय बहुत कम था अतः कैप्टन रविन्दर नाथ गुप्त ने सुरंग क्षेत्र के दूसरे किनारे का पता लगाने के लिए अपने साथ छोटी सी टोली ली, और पैदल काफी बड़े इलाके के गिर्द से होकर एक घंटे के अंदर-अंदर यह महत्वपूर्ण खबर प्राप्त कर ली। बाद में जब दुश्मन ने हमला कर दिया तो इन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना साफ किए हुए सुरंग क्षेत्र में से होकर अपने टैंकों का खुद मार्ग दर्शन किया। ऐसा करते हुए दुश्मन के तोपखाने का एक गोला उन्हें लगा जिसकी वजह से वे शहीद हो गए।

इस कार्यवाही में कैप्टन रविन्दर नाथ गुप्त ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

13. कैप्टन अशोक कुमार करकारे (आई०सी०—21909), आर्टिलरी रेजिमेंट (मरणोपरांत),

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसंबर, 1971)

आर्टिलरी रेजिमेंट के कैप्टन अशोक कुमार करकारे अगले प्रेक्षण अधिकारी थे। पश्चिमी क्षेत्र में 'खलारा' पर हमले के दौरान वे राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कंपनी के साथ थे। कंपनी ने जम कर हमला किया और बड़े-बड़े मुकाबले के बावजूद लक्ष्य के कुछ हिस्से पर कब्जा कर लिया। दुश्मन ने तुरंत तोपखाने की भारी गोलाबारी शुरू कर दी जिससे हमारे काफी जवान हताहत होने लगे। इसी बीच कैप्टन अशोक कुमार करकारे ने दुश्मन के एक तोपखाने के रेडियो सेट को हथिया लिया और उसके जरिए दुश्मन को गुमराह करके उसके तोपखाने की गोलाबारी अन्यत्र करवा कर अपने जवानों को हताहत होने से बचाया। 8 दिसंबर, 1971 की सुबह दुश्मन ने इन्फैन्ट्री से, टैंकों की मदद लेकर कड़ा जवाबी हमला किया। भारी गोलाबारी और छोटे हथियारों के फायर के बावजूद कैप्टन अशोक कुमार करकारे अपने तोपखाने से सही गोलाबारी करवाते रहे। परिणामस्वरूप वे हमले को पछाड़ने में सहायक हुए। उसी दिन दुश्मन ने दुबारा जमकर जवाबी हमला किया और एक बार फिर कैप्टन करकारे ने तोपखाने में प्रभावकारी सहयोग के लिए अपने को खतरे में डाला। वे दुश्मन पर तब तक गोले बरसाते रहे जब तक कि हमारे सैनिक उस स्थान से निकल न गए। लेकिन जब वे खुद पीछे हट रहे थे तो उन्हें मशीन गन की गोलियों की बौछार लगी जिससे उसी क्षण उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में कैप्टन अशोक कुमार करकारे ने उच्च कोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

14. कैप्टन रविन्द्र खौरा (एस० एस०—20095), आर्टिलरी रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसंबर, 1971)

कैप्टन रविन्द्र खौरा लंबा क्षेत्र के एक सुरक्षित इलाके में आर्टिलरी रेजिमेंट के प्रेक्षण चौकी अधिकारी थे। 3/4 दिसबर, 1971 को भारी संख्या में दुश्मन ने तोपखाने की भारी और सही गोलाबारी की मदद से इस चौकी पर कई बार हमले किए। भारी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने अपनी जान की जरा भी परवाह न की और दुश्मन पर तोपखाने की सही गोलाबारी करने के लिए अपने को कई बार खतरे में डाला। अपने जवानों में जोश भरा और उन्हें अपनी पोजीशन पर डटे रहने के लिए उत्साहित किया और वे तब तक तोपखाने की कारगर गोलाबारी करके दुश्मन के हमलों को विफल बनाते रहे जबकि दुश्मन का एक गोला लगने से उनकी मृत्यु न हो गई।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन रविन्द्र खौरा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

15. कैप्टन मदन पौल (आई० सी०—18747), हवाई प्रेक्षण चौकी स्क्वाड्रन (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसबर, 1971)

कैप्टन मदन पौल पश्चिमी क्षेत्र में तैनात एक हवाई प्रेक्षण चौकी स्क्वाड्रन के हवाई प्रेक्षण चौकी पायलट थे। कार्यवाहियों के दौरान चौबीसों घंटे दुश्मन के इलाके में काफी अदर तक उड़ाने भरते रहे ताकि दुश्मन के सैनिक जमावों के बारे में जरूरी सूचना प्राप्त करके दुश्मन के लक्ष्यों पर अपने तोपखाने से गोलाबारी कर सकें। कई बार दुश्मन की मशीन गन की गोलियों से उनके हवाई जहाज में छेद हो गए पर इसकी परवाह किए बिना वे तब तक अपने काम में लगे रहे जब तक उन्हें जरूरी सूचनाएं प्राप्त न हो गईं। 14 दिसबर, 1971 को उड़ान के दौरान दुश्मन के वायु विस्फोट गोले से उनका हवाई जहाज बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पर अपनी जान की परवाह न करते हुए वे लक्ष्यों पर उड़ते रहे और अपने तोपखाने से सही गोलाबारी करवाते रहे। 16 दिसंबर, 1971 को काम पूरा करके लौटते समय कैप्टन मदन पौल ने देखा कि दुश्मन हमारे सैनिक ठिकानों पर गोलाबारी कर रहा है। उन्होंने तुरंत अपना हवाई जहाज दुश्मन के ठिकाने की तरफ मोड़ा जिससे वे अपने तोपखाने की गोलाबारी का निर्देशन कर सके। ऐसा करते समय दुश्मन की मशीन गन की एक गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई।

पूरी कार्यवाही के दौरान कैप्टन मदन पौल ने उच्चकोटि के साहस, दृढ़-निश्चय और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

16 कैप्टन सतीश चन्द्र सहगल (आई० सी०—20044), आर्टिलरी रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसबर, 1971)

16 दिसबर, 1971 को कैप्टन सतीश चन्द्र सहगल शकरगढ़ क्षेत्र में आर्मर्ड रेजिमेंट के साथ अग्रिम प्रेक्षण चौकी अफसर थे। अगला स्कावड्रन 'मराज चक' के जगल में परिचालन में व्यस्त था, जबकि इसको अचानक करीब 200 गज की दूरी पर गाजीपुर जंगल में धुंए की आड़ में पीछे हटते दुश्मन के टैंक दिखाई दिए। फौरन ही कैप्टन सतीश चन्द्र सहगल ने मीडियम तोपखाने से बहुत ज्यादा गोले फायर कराकर शत्रु के टैंकों के संकेन्द्रण को बेअसर कर दिया। जब उन्होंने शत्रु के एक टैंक को गाजीपुर जंगल के किनारे पर बच कर निकल भागने का प्रयत्न करते हुए देखा तो उन्होंने आगे बढ़कर उस पर हमला कर दिया और अपने प्रेक्षण चौकी टैंक की गन से भागते हुए शत्रु के टैंक को नष्ट कर दिया। ऐसा करते हुए उनके टैंक पर गोला लगा जिससे उसमें आग लग गई। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना उन्होंने रेडियो आपरेटर के सहयोग से जलते हुए टैंक में से ड्राइवर और गनर को बाहर निकालने में मदद की। इसी बीच उनको दुश्मन की मशीन गन की गोलियां लगीं जिसके कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टन सतीश चन्द्र सहगल ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

17 कैप्टन विजय प्रताप सिंह (आई सी—22198), (मरणोपरान्त)

कैप्टेन विजय प्रताप सिंह माउन्टेन रेजिमेंट की एक कंपनी के अग्रिम प्रेक्षण अफसर थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में दुश्मन की चौकी पर हमला करने का काम सौंपा गया था। हमले के दौरान कंपनी कमाडर बुरी तरह घायल हो गए। कैप्टेन विजय प्रताप सिंह ने कंपनी की कमान सभाल ली और दुश्मन की चौकी पर हमले का नेतृत्व किया। उन्होंने प्लाटून-प्लाटून जाकर अपने जवानों को उत्साहित किया। भारी तोपखाने, मार्टर और स्वचालित हथियारों से गोलाबारी के बावजूद बुरी तरह घायल होते हुए भी इन्होंने दुश्मन पर अपनी गनों से सही और केन्द्रित गोलाबारी की। इनके उदाहरण से प्रेरित होकर कंपनी ने इस चौकी पर कब्जा कर लिया। कैप्टेन विजय प्रताप सिंह अंत में घावों के कारण वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में कैप्टेन विजय प्रताप सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

18. कैप्टेन सुरेन्द्र नाथ (एम एस—8540), आर्मी मेडिकल कोर (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसंबर, 1971)

16 दिसबर, 1971 को शकरगढ़ क्षेत्र में बसन्तार नदी की लड़ाई के दौरान कैप्टेन सुरेन्द्र नाथ मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन के साथ रेजिमेंट के चिकित्सा अफसर थे। बसंतार नदी पर पुल का पदाधार स्थापित करते हुए बटालियन को भारी जानी नुकसान उठाना पड़ा। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना वे थैला उठाए एक घायल से दूसरे घायल तक जाकर डाक्टरी सहायता देते रहे। ऐसा करते हुए वे एक गोले की किर्च से घायल हुए और घावों के कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान कैप्टेन सुरेन्द्र नाथ ने सराहनीय साहस, दृढ़-निश्चय और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

19. सेकंड लेफ्टिनेंन्ट परमजीत सिंह चीमा, (आई सी—23365) इंजीनियर्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसंबर, 1971)

सैकंड लेफ्टिनेन्ट परमजीत सिंह चीमा राजस्थान क्षेत्र के नयाछोर इलाके में एक इंफैंट्री ब्रिगेड ग्रुप की मदद के लिए तैनात की गई एक फील्ड कंपनी के साथ थे। नयाछोर की तरफ बढ़ने के दौरान एक टैंक के ट्रैक, टैंक-रोधी सुरंग से खराब हो गए। सैकंड लेफ्टिनेन्ट परमजीत सिंह चीमा को इस नकारा किए टैंक को निकालने के लिए सुरंग क्षेत्र में से एक सुरक्षित मार्ग बनाने का आदेश मिला। अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना वे मार्ग बनाने के लिए अपना दल ले गए। दुश्मन ने इस सुरंग क्षेत्र साफ करने वाले दल पर मशीन गनों और राइफलों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सेकंड लेफ्टिनेन्ट परमजीत सिंह चीमा बड़ी हिम्मत के साथ काम करते रहे और अपने टैंक को निकाल लाने का काम पूरा कर लिया। बाद में परवत अली के पास सुरंग साफ करते हुए वे एक सुरंग फटने से शहीद हो गए।

इन कार्यवाहियों में सैकंड लेफ्टिनैन्ट परमजीत सिंह चीमा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

20. सेकंड लेफ्टिनेन्ट डेविड एलेक्जैन्डर डेवडसन (एस एस—22831),
महार रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसंबर, 1971)

पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं में सेकड लेफ्टिनेन्ट डेविड एलेक्जैन्डर डेविडसन महार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 10/11 दिसंबर, 1971 की रात को उनकी बटालियन को शकरगढ़ क्षेत्र के एक स्थान पर शत्रु के मोर्चे पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया था। इस मोर्चे पर शत्रु बड़ी तादाद में था और सुरंग-क्षेत्र में रक्षित था। हमले के दौरान, प्रहार करने वाले हमारे सैनिक शत्रु की मशीनगन की भारी गोलाबारी के कारण रुक गए थे। यह जान कर कि दुश्मन की इस गन को शांत करना कितना जरूरी है, सेकंड लेफ्टिनेन्ट डेविड एलैक्जैन्डर डेवडसन अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना लक्ष्य की ओर आगे बढ़े और प्लाटून को अपने पीछे आने की प्रेरणा दी। शत्रु ने उनकी प्लाटून पर छोटे हथियारों और तोपखाने से जोरदार और सही गोलाबारी शुरू कर दी जिससे उनकी प्लाटून को भारी जानी नुकसान उठाना पड़ा। लेकिन बिना डरे, उन्होंने शत्रु की मशीन गन स्थिति पर धावा बोल कर उसकी मशीन गन को शांत कर दिया जिससे कि लक्ष्य पर हमारा कब्जा हो गया। ऐसा करते हुए शत्रु की मशीन गन की गोलियों की बौछार उन पर पड़ी जिसके कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान सेकंड लेफ्टिनेन्ट डेविड एलेक्जैन्डर डेवडसन ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

21. सेकंड लेफ्टिनेन्ट सतीश कुमार जसवाल (आई सी —23805),
डोगरा रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसंबर, 1971)

सेकंड लेफ्टिनेन्ट सतीश कुमार जसवाल शकरगढ़ क्षेत्र में बिम्मो बुजुर्ग और धींगर के इलाके में दुश्मन के प्रदेश में काफी भीतर तक अपना गश्ती दल ले गए। 15 दिसंबर, 1971 की रात के लगभग 11 बजे जब इनका गश्ती दल धींगर गांव पहुंचा तो दुश्मन की घात टुकड़ी ने नजदीक से स्वचालित हथियारों और ग्रनेडों से उन पर गोली चलानी शुरू कर दी। सेकंड लेफ्टिनेन्ट सतीश कुमार जसवाल ने अपनी गश्ती दल को दुश्मन की इस घात टुकड़ी पर टूट पड़ने का आदेश दिया। इस कार्यवाही मे उनके एक गोली लगी। घायल हो जाने के बावजूद भी वे अपने गश्ती दल को निदेश देते रहे और घावों के कारण शहीद होने से पहले दुश्मन की घात टुकड़ी को हराने मे सफल हुए।

इस कार्यवाही में, सेकंड लेफ्टिनेन्ट सतीश कुमार जसवाल ने उच्च कोटि की वीरता दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

22. सेकंड लेफ्टिनेन्ट भारत सिंह कसना, (एस एस—24026)
डोगरा रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसंबर, 1971)

सेकंड लेफ्टिनेन्ट भारत सिंह कसना डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन के एक प्लाटून कमांडर थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में मादुरवेर पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इस बटालियन की एक कंपनी ने मादुरवेर के उत्तर में एक रेल पुल पर कब्जा करने के लिए हमला किया लेकिन पुल से ऊंचाई पर बने दुश्मन के बंकरो से आने वाले तेज स्वचालित गोलीबारी के कारण इसका बढ़ना रुक गया। जब इस कंपनी ने एक बंकर को बेअसर कर दिया तो दूसरे ने, जो लगभग 150—200 गज की दूरी पर खुला था, इनका आगे बढ़ना रोक दिया ऐसी सूरत मे सेकंड लेफ्टिनेन्ट भारत सिंह कसना ने अपने प्लाटून को इकठ्ठा किया और तोपखाने तथा स्वचालित हथियारो के बहुत भारी गोलाबारी के बावजूद दुश्मन के बंकरों पर प्रहार कर दिया। इस कार्यवाही में उनकी टांग में मिडियम मशीन गन की गोलियो की एक बौछार लगी मगर अपनी चोट की परवाह न करते हुए उन्होने प्रहार का दबाव बढ़ाए रखा। फिर इनके माथे पर भी स्वचालित हथियारों की गोलियां लगी और घावो के कारण वे शहीद हुए।

इस कार्यवाही मे सेकंड लेफ्टिनेन्ट भारत सिंह कसना ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

23. सेकंड लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार ननछहल (एस एस —23228')
राजपूत रेजिमेंट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसंबर, 1971)

सेकंड लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार ननछहल पश्चिमी क्षेत्र में खलरा इलाके में छीना बीडी चांद पर मौजूद दुश्मन की स्थिति पर किए गए एक हमले के दौरान राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के प्लाटून कमांडर थे। हमले के दौरान उनकी बटालियन पर तेज गोलाबारी और स्वचालित हथियारो की अधिक गोलियां चलाई जाने लगी पर सेकंड लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार ननछहल ने अपने जवानों को हमले का दबाव बढ़ाने के लिए जोश दिलाया। इस नाजुक मोर्चे पर उन्होने शत्रु के बंकरों से फायरिंग करने वाली उन दो मशीन गनो को देखा जो भारी तादाद में हमारे जवानो को हताहत कर रही थीं। अपनी जान की जरा परवाह न करते हुए इन्होने अकेले मशीन गन चौकी पर हमला किया। इन्होंने एक छेद से ग्रेनेड

फेंक कर दुश्मन को मार गिराया और गनों को शांत कर दिया। लेकिन इस कार्यवाही में वे बुरी तरह घायल हो गए और घावों के कारण शहीद हो गए। उनकी इस दिलेरी से उनके जवानों में जोश भरा और वे लक्ष्य पर हमला करके उसे हासिल करने और दुश्मन को नुकसान पहुंचाने में सफल हो गए।

इस कार्यवाही में सैकंड लेफ्टिनेन्ट अशोक कुमार ननछहल ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

24. सैकंड लेफ्टिनेन्ट शेशप्पा मंजू नाथ (आई सी—24877), राजपूत रेजिमेंट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसंबर, 1971)

3 दिसंबर, 1971 को राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन पूर्वी क्षेत्र में पछागढ़—ठाकुरगांव अक्ष के साथ-साथ आगे बढ़ रही थी। सैकंड लेफ्टिनेन्ट शेशप्पा मंजू नाथ अग्रिम प्लाटून की कमान कर रहे थे। आगे बढ़ने के दौरान दुश्मन ने एक मीडियम मशीन गन से गोली चलाना शुरू कर दिया जिससे हमारे काफी जवान हताहत होने लगे। मशीन गन को शांत करना जरूरी समझ कर इन्होंने मशीन गन की चौकी पर हमला किया इस दौरान इन्हें मशीन गन की गोलियों की बौछार लगी जिसके कारण वे शहीद हुए। लेकिन शहीद होने से पहले वे मशीन गन को शांत कर चुके थे।

इस कार्यवाही में सैकंड लेफ्टिनेन्ट शेशप्पा मंजू नाथ ने उच्चकोटि के साहस, दृढ़-निश्चय और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

25. सैकंड लेफ्टिनेन्ट हरदेव पाल नय्यर (एस एस—23397), सिख लाइट इन्फैन्ट्री। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसंबर, 1971)

11/12 दिसंबर 1971 की रात को, सैकंड लेफ्टिनेन्ट हरदेव पाल नय्यर एक कंपनी में प्लाटून कमांडर थे जिसे पश्चिमी क्षेत्र में दुश्मन की चौकी पर हमला करने का काम सौंपा गया था। प्रहार के दौरान, प्लाटून दुश्मन के बंकरों से किए गए स्वचालित गोली बारी के कारण रुक गया। सैकंड लेफ्टिनेन्ट हरदेव पाल नय्यर, अपनी निजी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना दोनों बंकरों तक रेंग कर पहुंच गए और ग्रेनेड फेंक कर उनको शांत कर दिया। तीसरे बंकर की तरफ जाते समय उन्हें दुश्मन की मीडियम मशीन गन की गोलियों की एक बौछार लगी। हालांकि वे बुरी तरह घायल हो चुके थे फिर भी चौकी पर कब्जा कर लेने तक उन्होंने अपने जवानों को उत्साहित किया। बाद में घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, सैकंड लेफ्टिनेन्ट हरदेव पाल नय्यर ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

26. सैकंड लेफ्टिनेन्ट जयेंद्र जयसिंह राने (आई सी—24201), गढ़वाल राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसंबर, 1971)

5 दिसंबर, 1971 को सैकंड लेफ्टिनेन्ट जयेंद्र जयसिंह राने गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन की एक कंपनी की कमान कर रहे थे। जिसे पूर्वी क्षेत्र में दिल्ली के निकट शत्रु की चौकी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। शत्रु अच्छी तरह तैयार मोर्चों में था और मीडियम मशीन गन, मार्टर और आर्टिलरी से लैस था। सैकंड लेफ्टिनेन्ट राने ने हमले का नेतृत्व किया, किन्तु उनकी कंपनी तीन तरफ से पड़ने वाले स्वचालित, सही और भारी गोलाबारी से एक स्थान पर ही अटक गई। यद्यपि टांग में बुरी तरह घायल हो गए थे किन्तु इन्होंने अपनी एक प्लाटून को बाजू की तरफ से आगे बढ़ाया ताकि दूसरी फंसी हुई दो प्लाटूनों को निकाला जा सके। ऐसा करते हुए इनकी दूसरी टांग में भी गोली लगी किन्तु अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए वे अपने फंसे हुए जवानों को निकालने के लिए तब तक लड़ाई का संचालन करते रहे, जब तक कि लड़ाई के मैदान में ही घावों से उनकी मृत्यु न हो गई।

इस कार्यवाही में सैकंड लेफ्टिनेन्ट जयेंद्र जयसिंह राने ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

27. सैकंड लेफ्टिनेन्ट बहादुर सिंह (आई सी—24250), सिख लाइट इन्फैन्ट्री। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसंबर, 1971)

15 दिसंबर, 1971 को, सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन को, राजस्थान क्षेत्र में पर्वतअली पर शत्रु के रक्षात्मक मोर्चों पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। हमले के दौरान प्रहार करने वाले सैन्य दल पर शत्रु ने तोपखाने और मीडियम मशीन गन से भारी गोलाबारी की और उससे भारी जानी नुकसान पहुंचाया। सैकंड लेफ्टिनेन्ट बहादुर सिंह ने देखा कि शत्रु बगल की एक बंकर से लगी मीडियम मशीनगन से गोलीबारी कर रहा है। मशीनगन को शांत करने के महत्व को समझते हुए अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना उन्होंने उस चौकी पर एक धावे का नेतृत्व किया और गन को शांत कर दिया। ऐसा करते समय इन पर मीडियम मशीन गन की गोलियों की बौछार पड़ी जिसकी वजह से लक्ष्य पर पहुंचने के तुरंत बाद वे वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लेफ्टिनेंट बहादुर सिंह ने उच्चकोटि के साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

28. सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट हवा सिंह (एस०एस०-23003), गोरखा राइफल्स। (मरणोपरान्त)

गोरखा राइफल्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक मोर्चे पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। शत्रु ने इस मोर्चे पर खूब अच्छी तरह मोर्चाबन्दी कर रखी थी और उसके पास मीडियम मशीनगनें भी थीं। हमले के दौरान सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट हवा सिंह शत्रु की गोलाबारी से गम्भीर रूप से घायल हो गए। अपनी जान की तनिक भी परवाह न करते हुए वे अविचलित शत्रु की तरफ बढ़ते चले गए। इन्होंने शत्रु के पांच बंकर तबाह कर दिए और उसके बहुत से जवानों को मौत के घाट उतार दिया। इनके इस दिलेर कारनामे ने लक्ष्य पर कब्जा करने के लिए इनकी कम्पनी का हौसला बढ़ाया। बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट हवा सिंह ने प्रशंसनीय साहस, पहल शक्ति और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

29. सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट कंवरजीत सिंह (आई०सी०-24921), सिन्ध हार्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर, 1971)

सैकण्ड लेफ्टिनेंट कंवरजीत सिंह शकरगढ़ क्षेत्र में सिन्ध हार्स के एक स्क्वाड्रन के एक ट्रूप की कमान कर रहे थे। 12 दिसम्बर, 1971 को स्क्वाड्रन को बन नदी के पास चक्रा नामक स्थान के सामने शत्रु से जो इस स्थान पर अधिकार किए हुए था, निबटने के लिए तैनात किया गया था। तगड़े मुकाबले और सही टैन्करोधी और तोपखाने के गोलाबारी के बावजूद सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट कंवरजीत सिंह दुश्मन के मोर्चों के पास पहुंच गए। लड़ाई में इन्होंने अपने ट्रूप का कारगर ढंग से परिचालन और इस्तैमाल किया जिससे बाकी का स्क्वाड्रन दुश्मन का पता लगाने, गोलाबारी करने और भारी तादाद में नुकसान से पहुचाने में समर्थ हुआ। सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट कंवरजीत सिंह ने खुद दुश्मन के दो मोर्चों और एक टैन्करोधी मिसाइल फैंकने के ठिकाने को नष्ट कर दिया। वे स्क्वाड्रन को लड़ाई के मैदान से निकालने मे संलग्न थे तो उनके टैन्क पर शत्रु ने भारी गोलाबारी कर दी। वे बिना डर अपने टैंक के खुले कुपोला में डटे रहे और स्क्वाड्रन को लड़ाई के मैदान से निकलने के काम का निर्देशन करते हुए अपने टैंक से सही गोलाबारी कराते रहे। जब वे इस काम में लगे हुए थे तो शत्रु की टैंकरोधी गन का एक गोला आकर उन्हें लगा और वे घातक रूप से घायल हो गए।

इस कार्यवाही में सैकण्ड लेफ्टिनेन्ट कंवरजीत सिंह ने सराहनीय साहस, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

30. जे०सी० 17910 सूबेदार रजब अली,
राजपूताना राइफल्स। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

7/8 दिसम्बर 1971 को रात को सूबेदार रजब अली राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन की एक राइफल कम्पनी की कमान कर रहे थे। उन्होंने शत्रु की सुरक्षित चौकी शेशालैड पर किए गए आक्रमण का नेतृत्व किया। प्रहार के दौरान यह गम्भीर रूप से घायल हुए, किन्तु अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए इन्होंने हमले का दबाव बनाए रखा और शत्रु के मोर्चे के मजबूत स्थल पर धावा बोला। जहां पर यह लड़ते हुए शहीद हो गए।

इस कार्यवाही में सूबेदार रजब अली ने उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता, प्रेरक नेतृत्व और साहस का परिचय दिया।

31. जे०सी० 39418 सूबेदार श्रीधर दास,
मद्रास रेजिमेन्ट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार श्रीधर दास मद्रास रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी में प्लाटून कमान्डर थे। 16 दिसम्बर, 1971 को इनकी बटालियन ने पश्चिमी क्षेत्र में हिंगोरा तार के रक्षित इलाके को ले लिया। 17 दिसम्बर, 1971 के प्रातःकाल शत्रु ने भारी संख्या में एक हमला कर दिया। सूबेदार श्रीधर दास ने अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना खाई-खाई जाकर अपने जवानों को शत्रु के हमले को पछाड़ने के लिए उत्साहित किया। यद्यपि वे बुरी तरह घायल हो गए थे फिर भी उन्होंने वहां से हटाया जाना अस्वीकार कर दिया। शत्रु ने आधे घन्टे बाद दूसरा हमला किया और इस बार वह हमारे मोर्चों के बिल्कुल पास आ गया। यह देख कर कि उनकी एक हल्की मशीनगन का चालक मारा गया है उन्होंने स्वयं हल्की मशीन गन संभाली और शत्रु के कई जवानों को मार डाला। लड़ाई में वे बुरी तरह घायल हो गए जिसके कारण वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, सूबेदार श्रीधर दास ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

32 जे०सी० 15901 सूबेदार गुरचरन सिंह, एस०एम०
सिख रेजिमेन्ट। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार गुरचरन सिंह, राजस्थान क्षेत्र में पर्वत अली पर शत्रु के मोर्चों पर हमले के दौरान सिख रेजिमेंट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। ये अपने जवानों को शत्रु के इलाके में सुरंग क्षेत्र के पार 600 मीटर अन्दर तक ले गए और साहस और दृढ़-संकल्प के साथ उससे आमने सामने की लड़ाई लड़कर लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। जब ये लक्ष्य पर अपनी टुकड़ी का पुनर्गठन कर रहे थे उस दौरान इन्होंने शत्रु की दो कम्पनियों को जवाबी हमले के लिए इकट्ठा होते देख लिया। उन्होंने अपनी प्लाटून के साथ शत्रु पर धावा बोल दिया। तेजी और दृढ़ता के साथ किए गए अचानक हमले से शत्रु का हमला छिन्न-भिन्न हो गया और वह घबराहट में पीछे हट गया।। इस हमले के दौरान वे घातक रूप से घायल हो गए और युद्ध के मैदान में ही वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में सूबेदार गुरचरन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, पहल और नेतृत्व का परिचय दिया।

33. जे०सी० 33019 सूबेदार प्रीतम सिंह,
सिख लाइट इन्फैन्ट्री। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—16 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार प्रीतम सिंह शकरगढ़ क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी के वरिष्ठ जे० सी० ओ० थे। सूबेदार प्रीतम सिंह की कमान में एक कम्पनी के एक प्लाटून को पिला डोगरान गांव को साफ करने का आदेश दिया गया। प्लाटून शत्रु की सही गोलाबारी में आ गया जिससे पांच जवान, जिसमें हल्की मशीनगन की एक टीम भी शामिल थी, मारे गए। परिस्थति की गम्भीरता को समझते हुए सूबेदार प्रीतम सिंह ने जल्दी से हल्की मशीनगन लेकर प्लाटून को फिर से संगठित किया। और अपने जवानों को हमला जारी रखने के लिए उत्साहित किया। इन की हल्की मशीनगन की गोलीबारी से दुश्मन की एक मीडियम मशीनगन शांत हो गई। इसी समय वे बुरी तरह घायल हो गए लेकिन उन्होंने वहां से हटाए जाने के लिए मना कर दिया। बाद में, घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस कार्यवाही में, सूबेदार प्रीतम सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

34. जे० सी० 35308 सूबेदार राज बहादुर सिंह,
ब्रिगेड आफ गार्डस

(मरणोपरान्त)

सूबेदार राज बहादुर सिंह ब्रिगेड आफ गार्ड्स की एक बटालियन की एक कम्पनी के सहायक कमांडर थे। हमारी रक्षात्मक कार्यवाही के तौर पर इनकी कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का आदेश मिला। हमले के दौरान सूबेदार राज बहादुर सिंह एक सुरंग के फटने से घायल हो गए। शत्रु की मशीन गन की गोलीबारी ने उनकी कम्पनी के हमले को रोक दिया। अविचलित, अपने घावों की जरा भी परवाह न करते हुए सूबेदार राज बहादुर सिंह सुरंग क्षेत्र और तारों की रुकावट में से रेंग कर आगे बढ़े और इन्होंने बंकर के भीतर एक हथगोला फैंक कर उस मशीन गन को शान्त कर दिया। किन्तु घायल होने के कारण वे वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में सूबेदार राज बहादुर सिंह ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

35. जे० सी० 16783 सूबेदार सीता राम,
ग्रेनेडियर्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर, 1971)

सूबेदार सीता राम, शकरगढ़ क्षेत्र में चक्रा पर हमले के दौरान ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की बाईं ओर की अग्रिम प्लाटून की कमान कर रहे थे। इस मोर्चे की शत्रु ने अच्छी तरह किलाबन्दी कर रखी थी और वहां वह भारी संख्या में मौजूद था। इससे आगे 800 गज तक सुरंग क्षेत्र भी था। प्लाटून के संगठन और हमले के दौरान शत्रु ने छोटे हथियारों और तोपखाने से भारी और सही गोलाबारी शुरू कर दी। शत्रु की भारी गोलाबारी और अपने जवानों के जानी नुकसान की परवाह किये बिना सूबेदार सीता राम अपने जवानों को सुरंग क्षेत्र के पार ले गए और भयंकर लड़ाई लड़ कर लक्ष्य पर कब्जा कर लिया। हालांकि ये बुरी तरह घायल हो गए थे, फिर भी उन्होंने वहां से हटाये जाने से इंकार कर दिया। शत्रु ने निर्णित जवाबी हमला कर दिया और एक बार फिर सूबेदार सीता राम ने अपने घावों पर ध्यान दिए बिना ही, एक खाई से दूसरी खाई में कूद-कूद कर अपने जवानों को डटे रहने के लिए प्रेरित किया और शत्रु के हमले को विफल कर दिया। ऐसा करते समय ये पुनः घायल हो गए और अंत में इनको वहां से हटा दिया गया। लेकिन घावों के कारण वे वीर गति को प्राप्त हुए।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान सूबेदार सीता राम ने उच्चकोटि की वीरता और नेतृत्व का परिचय दिया।

36. 2544424 नायब सूबेदार चेरियन,
मद्रास रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक इलाके को मुक्त कराने का आदेश दिया गया था। जब सैनिक हमले के लिए विरचना कर रहे थे तो शत्रु ने मीडियम मशीन गन से सही और प्रभावी गोलीबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार चेरियन को शत्रु की मशीन गन को शान्त करने का कार्य सौंपा गया। वह छः जवानों को लेकर शत्रु की मशीन गन की चौकी की तरफ गये। जब वह टुकड़ी उस ठिकाने से लगभग 50 गज से कम फासले पर रह गई तो शत्रु ने उन पर मशीन गन से गोली चलाना शुरू कर दिया जिससे नायब सूबेदार चेरियन की बाजू और छाती पर गोलियां लगी और वे घायल हो गए। अविचलित, उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना जारी रखा और कार्यवाही का निर्देशन करते रहे। यद्यपि उनको पुनः एक गोली लगी, फिर भी वह अपनी टुकड़ी का नेतृत्व करते रहे जो कि शत्रु की मशीन गन को शान्त करने में सफल हुई। नायब सूबेदार चेरियन ने अपने घावों के कारण वीर गति पाई।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार चेरियन ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

37. जे० सी० 225 नायब सूबेदार सुल्तान मुहम्मद खां,
जम्मू और कश्मीर मिलिशिया

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—8 दिसम्बर, 1971)

नायब सूबेदार सुल्तान मुहम्मद खां को कारगिल क्षेत्र के एक इलाके में शत्रु के एक सुदृढ़ ठिकाने की टोह लगाने के लिए, गश्ती दस्ता ले जाने का आदेश दिया गया था। 8 दिसम्बर 1971 को शत्रु के मोर्चों की खोज लगाते हुए, हल्की मशीन गन ले जाने वाली एक टुकड़ी भटक कर शत्रु के सुरंग क्षेत्र में चली गई और उसके सदस्य सुरंग के फट जाने से घायल हो गए। इससे शत्रु चौकन्ना हो गया और उसने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। नायब सूबेदार सुल्तान मुहम्मद खां खतरा महसूस करते हुए अपनी मशीन गन को बाहर निकाल लाने के लिए दौड़े। गम्भीर रूप से घायल होने के बावजूद, वे रेंगते हुए हल्की मशीन गन तक जा पहुंचे और शत्रु से उस समय तक लड़ते रहे, जब तक कि उनकी टुकड़ी ने शत्रु के बंकर को नष्ट न कर दिया। फिर उन्होंने अपनी हल्की मशीन गन को एक उपयुक्त स्थान पर लगाया और शत्रु पर गोलाबारी करते रहे और इस तरह इस कार्यवाही की सफलता में अपना महत्वपूर्ण योग दिया। बाद में जब उन्हें युद्ध स्थल से बाहर निकाला जा रहा था तो विमान दुर्घटना में उन्होंने वीर गति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान, नायब सूबेदार सुल्तान मुहम्मद खां ने उच्चकोटि की वीरता दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

38. जे० सी० 46727 नायब सूबेदार माम चन्द शर्मा
महार रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

नायब सूबेदार माम चन्द शर्मा पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर हमले के समय महार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी की प्लाटून की कमान कर रहे थे। शत्रु बहुत ही अधिक सुदृढ़ मोर्चों पर जमा हुआ था और उसके पास मीडियम मशीन गनें भी थीं। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना हमले का नेतृत्व किया। हमले के दौरान उनकी प्लाटून पर एक मकान की ऊपरी मंजिल से भारी और सही मशीन गन की गोलीबारी होने लगी, जिससे उनकी प्लाटून का भारी जानी नुकसान होने लगा। नायब सूबेदार माम चन्द शर्मा ने अपने जवानों का स्वयं नेतृत्व किया और मशीन गन चौकी पर हमला कर दिया। इस हमले के दौरान उनके वक्षस्थल पर गोली लगी परन्तु फिर भी वे अविचलित रहे और वह प्रहार करते रहे और युद्ध क्षेत्र में घावों के कारण वीरगति प्राप्त करने से पहले उन्होंने शत्रु की मशीन गन को शान्त कर दिया।

उस कार्यवाही में नायब सूबेदार राम चन्द शर्मा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

39. 3141913 कम्पनी हवलदार मेजर कृष्ण सिंह,
जाट रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

जाट रेजिमेंट की एक बटालियन को कोमिला हवाई मैदान से शत्रु को हटाने का कार्य सौंपा गया था। शत्रु ने इस ठिकाने की पूरी तरह किलेबन्दी कर रखी थी और भारी संख्या में उसके सिपाही वहां मौजूद थे। प्रहार के दौरान बटालियन की एक कम्पनी पर शत्रु की दो मशीन गनों से बहुत भारी और सही गोलीबारी शुरु कर दी। इन मशीन गनों को शान्त करने की जरूरत को समझकर कम्पनी हवलदार मेजर कृष्ण सिंह ने एक मशीन गन चौकी पर अकेले ही हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। शत्रु की दूसरी मशीन गन बराबर गोलाबारी कर रही थी और हमारी टुकड़ियों को जानी नुकसान पहुंचा रही थी। उन्होंने दूसरी मशीन गन चौकी पर भी अकेले ही हमला बोल दिया और शत्रु के हाथ से मशीनगन छीन ली। जब वह इसे वापस ला रहे थे तो उन्हें गोली लगी और उन्होंने युद्ध क्षेत्र में वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान कम्पनी हवलदार मेजर कृष्ण सिंह ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

10. 9201205 हवलदार बुद्धि बल्लभ,
महार रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

हवलदार बुद्धि बल्लभ महार रेजिमेंट की एक बटालियन में प्लाटून हवलदार थे। पूर्वी क्षेत्र में अधिकृत चौकी पर हमले के दौरान इनकी प्लाटून को शत्रु के दो बंकरों के सामने उसके भारी और सही गोलाबारी के कारण रुकना पड़ा। इनकी प्लाटून के आधे सैनिक या तो मारे गए या घायल हो गए। फिर भी वे निडर हो कर इधर मरे और घायल सैनिक के पास जा-जाकर उसका गोला बारूद इकट्ठा किया और उसे उन सैनिकों को दिया जो अब भी लड़ रहे थे। जब उन्होंने देखा कि उनकी प्लाटून शत्रु की गोलीबारी और उसके बहुत अधिक निकट आने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही है तो हवलदार बुद्धि बल्लभ शत्रु के बंकर को नष्ट करने के लिए उसकी ओर रेंग कर पहुंचे, परन्तु उन्हें मशीन गन की गोलियों की बौछार लगी जिससे वे वहीं पर शहीद हो गए। उनकी दृढ़ता, साहस और निजी उदाहरण ने उनके सैनिकों को शत्रु पर हमला करने और लक्ष्य पर कब्जा करने की प्रेरणा दी।

इस कार्यवाही के दौरान हवलदार बुद्धि बल्लभ ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

41. 2240521 हवलदार दयानन्द राम,
राजपूताना राइफल्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

हवलदार दयानन्द राम राजस्थान क्षेत्र में इस्लामगढ़ के स्थान पर, शत्रु की एक चौकी पर अपनी बटालियन के हमले में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। इस चौकी पर शत्रु भारी तादाद में था और उसने इसकी खूब मजबूत मोर्चा-बंदी कर रखी थी। हमले के दौरान इनकी प्लाटून शत्रु के छोटे हथियारों की भारी और प्रभावी गोली-बारी के बीच आ गई। घायल होने के बाजजूद हवलदार दयानन्द राम अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए शत्रु की चौकी पर हमला बोल दिया और घावों के कारण शहीद होने से पहले उस पर कब्जा करने में सफल हुए।

इस कार्यवाही में हवलदार दयानन्द राम ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-संकल्प और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

42. 1026586 दफादार हरबीर सिंह
आर्मर्ड डिलीवरी रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

दफादार हरबीर सिंह, आर्मर्ड डिलीवरी रेजिमेंट के ट्रूप के आगे वाले टैंक के कमांडर थे, जिसे शत्रु के एक बड़े बख्तरबन्द सैनिक हमले को विफल करने के लिए राजस्थान क्षेत्र में लोंगेवाला को भेजा गया था। वह अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना वे शत्रु के टैंकों से भिड़ गए और उन पर सही और भारी गोलीबारी करके शत्रु के दो टैंक नष्ट कर दिए। इनके टैंक पर बाजू से शत्रु के टैंक का गोला लगा जिसके फलस्वरूप वे शहीद हो गए।

इस कार्यवाही में दफादार हरबीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

43. 4039278 हवलदार देवेन्द्र सिंह कन्दारी,
कुमाऊं रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1972)

10 दिसम्बर 1971 को हवलदार देवेन्द्र सिंह कन्दारी कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी में प्लाटून हवलदार थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में एक स्थान पर शत्रु के मोर्चों पर हमला करने के लिए तैनात किया गया था। हमले के दौरान कम्पनी के प्लाटून कमांडर मारे गए और उन्होंने प्लाटून की कमान सम्भाल ली। जब वे लक्ष्य पर पहुंचे तो शत्रु ने भीतरी इलाकों से छोटे हथियारों से उन पर बिल्कुल पास से गोलबारी कर दी। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना वे शत्रु के सुदृढ़ बंकरों की ओर लपके और शत्रु से गुत्थम-गुत्था हो गये। उन्होंने शत्रु की एक गन डिटैचमैन्ट को मौत के घाट उतार कर उसकी एक हल्की मशीन गन छीन ली। ऐसा करते हुए उनके पेट में गहरा घाव लगा, जिसके कारण उन्होंने वीर गति पाई।

इस कार्यवाही, के दौरान हवलदार देवेन्द्र सिंह कन्दारी ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

44. 13652879 हवलदार हरी दास नाग,
ब्रिगेड आफ गार्डस

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—13 दिसम्बर 1971)

हवलदार हरी दास नाग, ब्रिगेड आफ गार्डस की एक बटालियन को उस प्लाटून के प्लाटून हवलदार थे जिसे कारगिल क्षेत्र में एक स्थान पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इन्होंने अपनी इच्छा से शत्रु की उस मशीन गन-पोजीशन को नष्ट करने का बीड़ा उठाया जो हमारी कम्पनी के हमले को रोके हुए थी। वे शत्रु बंकर तक गए, उसमें एक ग्रेनेड फैंका और अकेले ही निडर होकर मशीन गन के चालक को मार डाला। ऐसा कर चुकने के बाद इन्होंने खड़े हो कर अपनी कम्पनी को इशारा किया कि मशीन गन बंकर नष्ट हो चुका है। इसी बीच शत्रु का फैंका हुआ एक ग्रेनेड उनके पास फटा जिसकी वजह से वे वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में हवलदार हरी दास नाग ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

45. 5334168 हवलदार सोम बहादुर थापा,
गोरखा राइफल्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5/6 दिसम्बर 1971 की रात को गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी को पश्चिमी क्षेत्र में चक पूरा पर शत्रु की एक सीमा चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया। यह एक अच्छी तरह मोर्चाबंद मजबूत चौकी थी, जिस पर दुश्मन भारी तादाद में था और जिसके पास मीडियम मशीन गनें, रिकाइ लैस गनें और मोटर थे। जैसे ही कम्पनी हमले के लिए एकत्रित हुई, बाएं वाली अगली प्लाटून पर, जिसकी कमान हवलदार सोम बहादुर थापा कर रहे थे, शत्रु ने तोपखाने और छोटे हथियारों से भारी और सही गोलीबारी शुरू कर दी और बहुत ज्यादा जानी नुकसान पहुंचाया बिना घबराये हवलदार सोम बहादुर थापा ने जल्दी से अपनी प्लाटून को संगठित किया और हमला बोल दिया। तोपखाने के एक गोले से बुरी तरह घायल हो जाने के बावजूद भी इन्होंने अपने जवानों को लक्ष्य पर धावा बोलने और उस पर कब्जा करने के लिए प्रेरित किया। लक्ष्य पर पहुंचते ही, हवलदार सोम बहादुर थापा घायल होने की वजह से वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में, हवलदार सोम बहादुर थापा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया

46. 2444085 लांस हवलदार दिलबाग सिंह,
पंजाब रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-12 दिसम्बर, 1971)

लांस हवलदार दिलबाग सिंह शकरगढ़ क्षेत्र में सक्रियाओं के दौरान पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन के पायनियर प्लाटून में सैक्शन कमांडर थे। शावाजपुर मोर्चे पर कब्जा कर लेने के बाद, लांस हवलदार दिलबाग सिंह को 600 गज फासले तक बिछे सुरंग क्षेत्र में से एक निरापद रास्ता बनाने का काम सौंपा गया। शत्रु की गोलीबारी के बावजूद और अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना इन्होंने सुरंगों का पता लगाना और उन्हें हटाना जारी रखा। लांस हवलदार दिलबाग सिंह करीब-करीब सुरक्षित रास्ता बना चुके थे कि तभी एक टैंकरोधी सुरंग बेकार करते समय इनके चिथड़े उड़ गए।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार दिलबाग सिंह ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

47. 3144417 लांस हवलदार गंगा धर,
जाट रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-4/5 दिसम्बर, 1971)

4 दिसम्बर 1971 को, पश्चिमी क्षेत्र में गुरमुख खेड़ा स्थान पर जाट रेजिमेंट की एक बटालियन ने कब्जा कर लिया। इस ठिकाने पर हमारा कब्जा होने के तुरन्त बाद ही शत्रु ने पिलबाक्स में लगी मीडियम मशीन गन से इस क्षेत्र के मुहाने पर भारी गोलबारी करके हमारी सेना का आगे बढ़ना रोक दिया। शत्रु के पिलबाक्स को शान्त करने के लिए जाने वाली आत्मघाती स्कवाड में लांस हवलदार गंगा धर स्वेच्छा से शामिल हो गए वे अपने दो और साथियों के साथ शत्रु के बंकर की ओर रेंग कर जाने लगे और जब वे तीनों उस बंकर से लगभग 10-15 गज ही दूर रह गए थे, लांस हवलदार गंगाधर बंकर की ओर तेजी से लपके और उसमें ग्रेनेड फैंक कर उसे शान्त कर दिया। इस कार्यवाही में उन्हें शत्रु ने करीब से गोली मार दी जिसकी वजह से वे वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार गंगा धर ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

48. 2951066 लांस हवलदार ज्ञान चंद,
राजपूत रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि-15 दिसम्बर, 1971)

लांस हवलदार ज्ञान चंद रराजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की प्लाटूनों में से एक प्लाटून के कमांडर थे, जिसे पूर्वी क्षेत्र के एक स्थान पर सड़क पर रुकावट खड़ी करने का काम सौंपा गया था। शत्रु ने आर्टीलरी, मोटरों और स्वचालित हथियारों से सही गोलाबारी करके हमारे जवानों को सड़क पर की गई रुकावट से हटाने का बार बार प्रयास किया। लास हवलदार ज्ञान चंद की निगाह शत्रु के उस बंकर पर पड़ी, जहां से भारी मशीन गन की गोलीबारी हमारे जवानों को जानी नुकसान पहुंचा रही थी। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए इन्होंने एक हलकी मशीन गन उठाई और शत्रु के बंकर की तरफ रेंगना शुरू किया। ऐसा करते हुए वे गंभीर रूप से घायल हुए, लेकिन अपने घावों की परवाह न करके वे आगे बढ़ते गए। जब वे बंकर से कुछ गज के फासले पर रह गए तो इन्होंने अपनी हल्लकी मशीन गन से गोलियों की वारिश की और वहां तनात पांचों सिपाहियों को मार डाला। उन्होंने शत्रु की इस बंकर पर कब्जा करने की सब कोशिशों को असफल कर दिया। बंकर तक डाक्टरी सहायता पहुंचने से पहले ही लांस हवलदार ज्ञान चंद घावों के कारण शहीद हो गए।

इस कार्यवाही में लास हवलदार ज्ञान चंद ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

49. 5233730 लांस हवलदार टेक बहादुर गुरंग,
पैराशूट रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

लांस हवलदार टेक बहादुर गुरंग पैराशूट रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी के सैक्शन कमांडर थे जिसे गंगा नगर के एक क्षेत्र पर अधिकार करने का कार्य सौंपा गया था। कम्पनी पर तोपखाने और मशीन गनों से भारी गोलाबारी की गई। जब हमला करने वाले सैनिक लक्ष्य से लगभग 50 गज की दूरी पर रह गए थे तो हल्की मशीन गन का चालक घातक रूप से घायल हो गया। लांस हवलदार टेक बहादुर गुरंग ने फौरन ही मशीन गन को उठा लिया और शत्रु पर हमले का दबाव जारी रखा। लक्ष्य पर पहुंचते ही उन्होंने शत्रु की मशीन गन बंकर पर धावा बोल दिया, इसके अन्दर हथगोला फैंका और मशीन गन को शान्त कर दिया। ऐसा करते समय शत्रु की दूसरी मशीन गन की गोलियों की एक बौछार उनकी छाती पर लगी जिसके कारण उन्होंने वीरगति पाई।

इस कार्यवाही के दौरान लांस हवलदार टेक बहादुर गुरंग ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

50. 1021241 लांस हवलदार लक्ष्मण राणे,
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—11 दिसम्बर 1971)

लांस हवलदार लक्ष्मण राणे मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन में एक सैक्शन कमांडर थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में जमालपुर में शत्रु के मोर्चों के दक्षिण में एक सड़क को रोके रखा था। 10/11 दिसम्बर 1971 की रात को लांस हवलदार लक्ष्मण राणे के सैक्शन पर शत्रु ने भारी संख्या में हमला कर दिया। शत्रु दल के पहले हमले को बेकार कर देने पर शत्रु ने नये सैनिकों से फिर आक्रमण कर दिया। लांस हवलदार राणे अपनी खाई से कूदकर बाहर आ गए और शत्रु पर संगीन लेकर टूट पड़े और शत्रु के तीन सैनिकों को मार कर खुद संगीन लगने से शहीद हो गए।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार लक्ष्मण राणे ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

51. 13710771 लांस हवलदार रघबीर सिंह,
जम्मू और कश्मीर राइफल्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—03 दिसम्बर, 1971)

लांस हवलदार रघबीर सिंह, जम्मू और कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन में सैक्शन कमांडर थे। उन को, खालड़ा-हुड़ियारा अक्ष पर स्थित अपर बारी दोआब नहर पर बने खालड़ा पुल की सुरक्षा का काम सौंपा गया था। 3 दिसम्बर 1971 को अंधेरा होने पर शत्रु ने खालड़ा में हमारे मोर्चों पर भारी संख्या में हमला कर दिया। हालांकि शत्रु संख्या में कई गुना था और उसने उन्हें पूरी तरह से घेर लिया था फिर भी इन्होंने अपने सैक्शन को ठिकाने पर जमे रहने के लिए उत्साहित किया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया। ऐसा करते समय ये बुरी तरह घायल हो गये और अन्त में घावों की वजह से ही वीर गति को प्राप्त हुए, लेकिन उनका सैक्शन अपने ठिकाने पर डटा रहा और पुल को शत्रु के कब्जे में नहीं जाने दिया।

इस कार्यवाही में लांस हवलदार रघबीर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

52. 2747481 नायक एकनाथ करदेव,
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—4 दिसम्बर, 1971)

4/5 दिसम्बर 1971 की रात को मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। एक बंकर से मीडियम मशीन गन का लगातार सही गोलीबारी के कारण हमारे जवानों का हमला रुक गया। नायक एकनाथ करदे ने शत्रु के बंकर पर हमला करके मशीन गन को शान्त कर दिया और इस तरह शत्रु के इलाके पर कब्जा किया जा सका। इसी दौरान इन्हें मशीन गन की गोलियों की बौछार लगी जिसके कारण इनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में नायक एकनाथ करदेव ने उच्चकोटि की वीरता, और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

53. 2550237 नायक मणी,
मद्रास रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

नायक मणी मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन में एक सैक्शन कमांडर थे जिसे राजस्थान क्षेत्र के एक इलाके में तैनात किया गया था। 16 दिसम्बर 1971 को शत्रु ने इनके बटालियन के ठिकाने पर बड़े जोर की गोलाबारी की। नायक मणी ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, एक खाई से दूसरी खाई में जाकर मोर्चे खोदने का काम पूरा कराया। 17 दिसम्बर 1971 की सुबह ही शत्रु ने भारी तोपखाने और मीडियम मशीन गनों से गोलीबारी करते हुए भयंकर हमला कर दिया। उनके सैक्शन की हल्की मशीन गन चौकी पर गोला लगा और वह बेकार हो गई। उन्होंने फौरन हल्की मशीन गन सम्भाल ली और तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक कि वे घायल होने के कारण शहीद न हो गए।

इस कार्यवाही में नायक मणी ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

54. 2956048 नायक रमेश चन्द,
राजपूत रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

नायक रमेश चन्द राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के एक सैक्शन की कमान कर रहे थे, जब कि पूर्वी क्षेत्र में एक स्थान पर शत्रु के ठिकानों से किए जाने वाले प्रभावी मशीन गन की गोलीबारी से अगली प्लाटून का आगे बढ़ना रुक गया। नायक रमेश चन्द को पुल पर से शत्रु का सफाया करने का आदेश दिया गया। ज्योंही इस सैक्शन ने हमला किया उस पर शत्रु ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। नायक रमेश चन्द ने एक हल्की मशीन गन उठा ली और रेंगते हुए शत्रु की मशीन गन के बंकर की ओर बढ़कर उसमें हथगोले फैंके। लेकिन ऐसा करते समय उनके बाजू पर शत्रु की गोली लगी। शत्रु ने शीघ्र ही एक दूसरे बंकर में जा कर वहां से गोलीबारी शुरू कर दी।

अपने घाव की तनिक भी परवाह किए बिना, वे दूसरी मशीन गन को नष्ट करने की कोशिश में रेंगते हुए दोबारा आगे बढ़े । अपनी हल्की मशीन गन को जमा कर उन्होंने शत्रु पर भारी कारगर गोली-बारी की जिसने हमलावर सैनिकों की ओर गोलीबारी बन्द करके, नायक रमेश चन्द पर गोलीबारी करना शुरू कर दिया । ऐसा करते हुए शत्रु की मशीनगन की गोलियों की एक बौछार नायक रमेश चन्द पर पड़ी जिसके कारण उन्होंने वीर गति पाई ।

इस कार्यवाही के दौरान नायक रमेश चन्द ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय, और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

55. 2558988 नायक सहदेवन,
मद्रास रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर, 1971)

नायक सहदेवन पश्चिमी क्षेत्र में तैनात मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी में सैक्शन कमांडर थे । 15/16 दिसम्बर, 1971 की रात को सबसे आगे वाली कम्पनी के हमले में शत्रु की एक मीडियम मशीन गन रुकावट डाल रही थी । नायक सहदेवन, अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किए बिना दौड़कर मीडियम मशीन गन की चौकी पर पहुंचे और ग्रेनेड फैंक कर उसे शान्त कर दिया । इस कार्यवाही में उन्हें एक गोली लगी और वे शहीद हो गए ।

इस कार्यवाही में नायक सहदेवन ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया ।

56. 5437972 लांस नायक गोबर्धन अधिकारी,
गोरखा राइफल्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

15 दिसम्बर 1971 को गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी पूर्वी क्षेत्र में एक स्थान पर शत्रु के बचे-खुचे सैनिकों का सफाया कर रही थी । लांस नायक गोबर्धन अधिकारी को जो एक सैक्शन की कमान कर रहे थे मकानों से शत्रु को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया था । जब वे आगे बढ़ रहे थे तो उनके सैक्शन पर शत्रु ने एक खिड़की से मीडियम मशीन गन से गोलीबारी शुरू कर दी । वे अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना, शत्रु की मीडियम मशीन गन की गोलीबारी के बीच रेंग कर उस खिड़की तक जा पहुंचे और वहां जाकर खिड़की के अन्दर उन्होंने हथगोला फेंका, जिससे गन को क्षति पहुंची और उस पर काम करने वाले शत्रु के जवान मारे गए । इस अवसर पर सड़क के पार लगी शत्रु की मशीन गन से उन पर गोली चला दी । लांस नायक गोबर्धन अधिकारी ने उस मीडियम मशीन गन की तरफ धावा बोल दिया । ऐसा करते समय उनके मुख पर एक गोली लगी जिसके कारण उन्होंने वीर गति पाई ।

इस कार्यवाही के दौरान, लांस नायक गोबर्धन अधिकारी ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया ।

57. 3353350 नायक गुरजंत सिंह,
सिख रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—12 दिसम्बर, 1971)

नायक गुरजंत सिंह 12 दिसम्बर 1971 की रात को राजस्थान क्षेत्र में पर्वतश्रेणी पर आक्रमण करने वाली सिख रेजिमेंट की एक बटालियन के प्रहार करने वाली प्लाटूनों में से एक प्लाटून के सैक्शन कमांडर थे । जब इनकी प्लाटून ने लक्ष्य पर कब्जा कर लिया तब शत्रु को जवाबी हमले की तैयारी करते देखा गया । इनकी प्लाटून को शत्रु पर धावा करके उसके हमले को विफल बनाने को हुक्म दिया गया । नायक गुरजंत सिंह ने आमने-सामने की लड़ाई में अपने सैक्शन का नेतृत्व किया और स्वयं घाव के कारण वीर गति पाने से पहले शत्रु के सात जवानों को अपनी संगीन से मार डाला ।

इस कार्यवाही में नायक गुरजंत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय किया ।

58. 9072795 लांस नायक मोहन लाल,
जम्मू एवं कश्मीर मिलिशिया

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7 दिसम्बर, 1971)

7 दिसम्बर 1971 की रात को लांस नायक मोहन लाल पश्चिमी क्षेत्र में एक पिकेट पर तैनात जम्मू एवं कश्मीर मिलिशिया की एक बटालियन की मीडियम मशीन गन पर कार्यरत थे । उस समय शत्रु ने तोपखाने से भारी गोलाबारी करके बड़ी संख्या में इस पिकेट पर हमला कर दिया और प्रायः इस इलाके की अगली खाइयों को तहस-नहस कर डाला। लांस नायक मोहन लाल ने बिना डरे, शत्रु पर गोलीबारी जारी रखी, जिससे वह और आगे न बढ़ सका । इस तरह हमारे सैनिकों को जवाबी हमले के लिए पुनः गठन का समय मिल गया । हमारे जवाबी हमले के फलस्वरूप शत्रु को पीछे हटना पड़ा । आखिर में लांस नायक मोहन लाल का मृत शरीर उनकी मीडियम मशीन गन चौकी पर पाया गया लेकिन बंकर के सामने शत्रु के कम्पनी कमांडर सहित उन्नीस और लाशें भी मिलीं ।

इस कार्यवाही के दौरान लांस नायक मोहन लाल ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

59. 3348614 नायक नायब सिंह,
सिख रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

नायक नायब सिंह पश्चिमी क्षेत्र में एक रक्षित इलाके में थे । 3/4 दिसम्बर, 1971 की रात में शत्रु ने भारी संख्या में उनकी चौकी पर हमला किया । नायक नायब सिंह ने अपने सैनिकों को लड़ने का जोश दिलाया और उनकी गोलीबारी का निर्देशन किया । जब उनका गोला बारूद समाप्त हो गया तो गुत्थम-गुत्था करके उन्होंने शत्रु के एक जवान को अपनी संगीत से मार डाला । लड़ते समय इन्हें गंभीर घाव लगे जिनकी वजह से वे वीर गति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही के दौरान नायक नायब सिंह ने उच्चकोटि के संयमित साहस, और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

60. 2950437 नायक राज सिंह,
राजपूत रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

नायक राज सिंह, राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के सैक्शन कमांडर थे । इनकी कम्पनी को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी का

सफाया करने का आदेश दिया गया । उनके प्रहार को तोड़ने के लिए शत्रु ने स्वचालित हथियारों से भारी और सही गोलीबारी शुरू कर दी और तीन ग्रेनेट फेंके । इन्होंने अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना अपने सैक्शन का नेतृत्व किया और शत्रु के ठिकाने की ओर लपके । इनके सिर में शत्रु की गोली लग गई । इसके बावजूद इन्होंने शत्रु की हल्की मशीन गन बंकर पर धावा बोल दिया । अपने घावों के कारण वीर गति पाने से पहले, इन्होंने ग्रेनेड फेंक कर उसे नष्ट कर दिया ।

इस कार्यवाही में नायक राज सिंह ने उच्चकोटि के साहस, कर्त्तव्यपरायणता और नेतृत्व का परिचय दिया ।

61. 4152120 लांस नायक दुर्गा दत्त,
कुमाऊं रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर 1971 को राजस्थान क्षेत्र के गद्रा स्थान पर शत्रु की चौकी पर हमले के दौरान, लांस नायक दुर्गा दत्त, शत्रु की एक मीयडयम मशीन गन बंकर तक रेंगकर पहुंचे, उसमें एक ग्रेनेट फेंका और कर्मीदल समेत गन को नष्ट कर दिया । जब वे दूसरी बंकर की ओर रेंग रहे थे तो उनके सिर पर मशीन गन की गोलियों की बौछार पड़ी । अपनी गहरी चोटों की परवाह किए बिना, वे आगे बढ़े और एक ग्रेनेट फेंक कर दूसरी मशीन गन चौकी को भी ठंडा कर दिया । बाद में उन्हें लक्ष्य पर बुरी तरह घायल हालत में बेहोश पाया गया और बाद में घावों के कारण इन्होंने वीर गति पाई ।

इस कार्यवाही में लांस नायक दुर्गा दत्त ने उच्चकोटि की वीरता दिखाई ।

62. 53839599 लांस नायक जर जग गुरंग,
गोरखा राइफल्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

लांस नायक जर जग गुरंग एक और जवान के साथ 3/4 दिसम्बर 1971 की रात को पश्चिमी क्षेत्र में एक रक्षित इलाके के आगे श्रवण चौकी पर तैनात थे । जब शत्रु ने उन्हें घेर लिया तो उन्होंने अपने साथी को कम्पनी कमांन्डर के पास शत्रु के आने की सूचना देने के लिए भेजा और स्वयं शत्रु के सामने 2 घंटे से भी ज्यादा देर तक डटे रहे । जब उनका गोलाबारूद समाप्त हो गया तो उन्होंने संगीत से शत्रु पर हमला किया । लड़ाई के दौरान उन्हें गंभीर घाव लगे जिनकी वजह से उन्होंने वीर गति पाई ।

इस कार्यवाही में, लांस नायक जर जग गुरंग ने कर्त्तव्य की उच्च भावना, साहस और उच्चकोटि के दृढ़ संकल्प का परिचय दिया ।

63 9070949 लांस नायक जनक सिंह,
जम्मू एंव कश्मीर मिलिशिया

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि— 5 दिसम्बर 1971)

लांस नायक जनक सिंह उस टुकड़ी के सदस्य थे जिसे 5 दिसम्बर 1971 को गुरेस क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर छापा मारने का काम सौंपा गया था । लांस नायक जनक सिंह अगली प्लाटून का नेतृत्व करने वाले स्काउट थे जबकि शत्रु ने आगे बढ़ते हुए इस टुकड़ी पर मशीन गन से गोलीबारी की । अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना उन्होंने शत्रु के मशीन गन बंकर पर हमला किया और उसे नष्ट कर दिया, परन्तु वे बुरी तरह घायल हो गये और युद्ध क्षेत्र में ही उन्होंने वीर गति पाई ।

इस कार्यवाही के दौरान लांस नायक जनक सिंह ने उच्चकोटि के साहस और पहल का परिचय दिया ।

64 13727300 लांस नायक (अनपेड) मगर सिंह,
जम्मू एंव कश्मीर राइफल्स

(मरणोपरान्त)

जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स की एक बटालियन पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के मोर्चे से लगभग 400 मीटर के फासले पर एक क्षेत्र में रक्षात्मक ठिकाने पर तैनात थी । भारी बमबारी के बाद शत्रु ने इस ठिकाने पर बड़ी संख्या में हमला किया । लांस नायक मगर सिंह ने जो सबसे अग्रिम सैक्शन की कमान कर रहे थे । अपने जवानों को हमले को विफल करने के लिए प्रोत्साहित किया और हमले को विफल कर दिया । एक हल्की मशीन गन चौकी के करीब शत्रु के तोप का एक गोला गिरा, जिससे वहां तैनात कर्मी घायल हो गए । लांस नायक मगर सिंह जान की जरा भी परवाह न करते हुए अपनी खाई में से कूद कर बाहर आए, दौड़ कर हल्की मशीन गन चौकी पर पहुंचे और मशीन गन को अपनी खाई में ले आए और गोलीबारी जारी रखी । शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचा कर उसके हमले का दबाव एकदम रोक दिया । लांस नायक मगर सिंह को गोले का किरचा लगा और यह अपनी चौकी पर ही शहीद हो गए ।

इस कार्यवाही में लांस नायक मगर सिंह ने प्रशंसनीय साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

65 1277821 गनर (जी० डी०) आरमुगम,
एयर डिफेंस रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर 1971 को, श्रीनगर के हवाई अड्डे को हवाई हमलों से बचाव के लिए गनर (जी० डी०) आरमुगम को विमान भेदी तोप पर तैनात किया गया । जब शत्रु के नौ सैबर जेट विमानों ने हमला किया तो उन्होंने अपनी गन से सही गोलीबारी करके शत्रु के एक वायुयान को मार गिराया । हालांकि वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे, फिर भी वे उस समय तक अपनी गन से गोली चलाते रहे जब तक कि वे घावों के कारण शहीद न हो गए ।

इस कार्यवाही में गनर (जी० डी०) आरमुगम ने उच्चकोटि की वीरता और व्यावसायिक कौशल का परिचय दिया ।

66. 2955911 सिपाही विरधा राम,
राजपूत रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—15 दिसम्बर, 1971)

सिपाही विरधा राम राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन की उस रिकायललेस राइफल टुकड़ी के कर्मीदल में शामिल थे जिसने

पूर्वीक्षेत्र के पास एक स्थान पर शत्रु की मोर्चाबन्दियों के पीछे सड़क रूकावटें लगा रखी थी। यहां से बटालियन को हटाने के लिए, 15 दिसम्बर 1971 को शत्रु ने मुदृढ़ हमला किया और कम्पनी के ठिकानों पर, जिसमें यह रिकायललेस राइफल लगी हुई थी, मशीन गन और मार्टर से भारी गोलाबारी शुरू कर दी। रिकायललेस गन मोर्चे पर शत्रु की सीधी मार पड़ी जिससे वह मोर्चा नष्ट हो गया और टुकड़ी का दूसरा कर्मी घायल हो गया। सिपाही विरधा राम ने रिकायललेस राइफल को उठा लिया और अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना आगे बढ़ते हुए शत्रु के पास पहुंच कर अपनी रिकायललेस राइफल से उसकी मीडियम मशीन गन चौकी को नष्ट कर दिया। जब ये दूसरे मोर्चे की ओर बढ़ रहे थे तो उस समय उनकी छाती में शत्रु की गोली लगी जिसके कारण उन्हें वहीं पर वीर गति प्राप्त हुई।

इस कार्यवाही में सिपाही विरधा राम ने उच्चकोटि की वीरता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

67. 2647963 ग्रेनेडियर गोरख राम,
ग्रेनेडियर्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथी 11 दिसम्बर, 1971)

ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन की कम्पनी हेडक्वार्टर्स टीम के सदस्य ग्रेनेडियर गोरख राम ने पश्चिमी क्षेत्र के चक्रा स्थान में शत्रु की मोर्चाबन्दियों पर हमारे हमले में हिस्सा लिया। 10/11 दिसम्बर, 1971 की रात को शत्रु द्वारा की जा रही छोटे हथियारों और तोपखाने से जोरदार गोलाबारी के बीच हमला शुरू किया गया। हमले के दौरान कम्पनी हैडक्वार्टर्स पर, नजदीक के एक बंकर में लगी शत्रु की मशीन गन से प्रभावी गोलीबारी होने लगी। यद्यपि ग्रेनेडियर गोरख राम बुरी तरह घायल हो गए थे फिर भी उन्होंने अकेले ही मशीन गन चौकी पर धावा बोल दिया। घावों के कारण वीर गति पाने से पहले उन्होंने शत्रु की मशीन गन को शान्त कर दिया।

इस कार्यवाही में ग्रेनेडियर गोरख राम ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़निश्चय का परिचय दिया।

68. 2649837 ग्रेनेडियर गुरबख्श सिंह,
ग्रेनेडियर्स

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर, 1971)

10 दिसम्बर, 1971 को ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन शकरगढ़ क्षेत्र में नैनकोट की बाहरी बस्तियों तक पहुंच गई थी। शत्रु ने हमारे ठिकानों पर तोपखाने, मार्टरों और टैंकों से जोरदार गोलाबारी कर दी। एक अफसर जो खुले में थे, एक गोले की किर्च से बुरी तरह जख्मी हो गए। ग्रेनेडियर गुरबख्श सिंह अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना उनकी ओर दौड़ पड़े और अफसर को उठा कर एक खाई की तरफ ले भागे। लेकिन ऐसा करते हुए उनके सिर में गोले की किर्च लगी और जिसके कारण उन्होंने वीर गति पाई।

इस कार्यवाही में ग्रेनेडियर गुरबख्श सिंह ने सराहनीय साहस दिखाया।

69. 4144667 सिपाही कर्नैल सिंह,
सिख लाइट इन्फैन्ट्री

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—9 दिसम्बर, 1971)

सिपाही कर्नैल सिंह पश्चिमी क्षेत्र में बीर-बुर्ज इलाके की संक्रियाओं के दौरान डिवीजन की कमांडो कम्पनी में शामिल थे। बीर और बर्ज के मोर्चों पर भयंकर लड़ाई हुई। 9 दिसम्बर 1971 को कमांडो कम्पनी को उस इलाके को कुमक के तौर पर जाने का आदेश मिला। शत्रु ने इन गांवों को दोबारा अधिकार में लेने के लिए बड़ी संख्या में एक आक्रमण कर दिया। हमले के दौरान शत्रु ने पार्श्व के सुदृढ़ मोर्चों से हमारी सेना पर एक मीडियम मशीन गन से गोली चलाना शुरू कर दिया और इससे हमारे सैनिकों को भारी जानी नुकसान उठाना पड़ा। अपनी जान की तनिक परवाह किए बिना सिपाही कर्नैल सिंह ने शत्रु के बंकर पर धावा बोल दिया और वे शत्रु के सैनिकों को मौत के घाट उतारने में सफल हुए। ऐसा करते हुए वे शत्रु के एक हथगोले से घातक रूप से घायल हो गए।

इस कार्यवाही में सिपाही कर्नैल सिंह ने उच्चकोटि की वीरता दिखाई।

70. 9071115 सिपाही मोहम्मद इकबाल,
जम्मू एवं कश्मीर मिलिशिया

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 5 दिसम्बर, 1971

सिपाही मोहम्मद इकबाल उस टुकड़ी के सदस्य थे जिसे पाकिस्तान अधिकृत जम्मू एवं कश्मीर क्षेत्र के एक स्थान पर एक प्रमुख पाकिस्तानी चौकी पर छापा मारने का आदेश दिया गया था। 5 दिसम्बर 1971 को, जब वह टुकड़ी चौकी की तरफ जा रही थी, तो शत्रु ने स्वचालित हथियारों और 2 इंची मार्टर से गोलाबारी शुरू कर दी जिससे उनके जवानों को भारी नुकसान पहुंचा। सिपाही मोहम्मद इकबाल ने शत्रु की मार्टर को शान्त करना जरूरी समझ कर उस मार्टर चौकी पर अकेले ही हमला किया और इस कार्यवाही के दौरान उन्हें हल्की मशीन गन की गोलियों की बौछार लगी और वे वीर गति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में सिपाही मोहम्मद इकबाल ने उच्चकोटि की वीरता, पहल और दृढ़-संकल्प का परिचय दिया।

71. 4541237 सिपाही काशी नाथ शिवरुद्र कैम्बले,
महार रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 12 दिसम्बर 1971)।

सिपाही काशीनाथ शिवरुद्र कैम्बले राजस्थान क्षेत्र में पर्बत अली पर किए गए हमले के दौरान महार रेजिमेंट की एक बटालियन की एक कम्पनी में थे। जब हमारे हमलावर सैनिक लक्ष्य से 50 गज की दूरी पर रह गए तो शत्रु की एक मीडियम मशीन गन ने गोली चलाना शुरू कर दिया, जिससे हमारे सैनिक काफी तादाद में हताहत होने लगे। अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए सिपाही काशीनाथ शिवरुद्र कैम्बले ने शत्रु की मशीन गन पर हमला कर दिया शत्रु की गन की गोलियों की बौछार से यद्यपि वे बुरी तरह घायल

हो गए थे पर फिर भी वे रेंगते हुए आगे बढ़े और बंकर में एक ग्रेनेड फेंक कर इस मशीन गन को शांत कर दिया और अन्तत: घावों के कारण वे शहीद हो गए ।

इस कार्यवाही में सिपाही काशीनाथ शिवरुद्र सैम्बले ने सराहनीय साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

72. 2450841 सिपाही मेहर सिंह,
पंजाब रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

5 दिसम्बर 1971 को पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन पूर्वी क्षेत्र के एक स्थल पर डटी हुई थी । शत्रु ने भारी संख्या में मशीन गन और तोपखाने की भारी गोलाबारी की सहायता से बटालियन के ठिकाने पर हमाला किया । सिपाही मेहर सिंह जो कि एक मीडियम मशीनगन पर तैनात थे, अपनी मशीन गन लेकर खाई से बाहर उसे उपयुक्त स्थान पर लगाने के लिये निकले । ऐसा करते हुए उनके एक गोली लगी । यद्यपि वे लहु-लुहान हो गये थे, फिर भी उन्होंने शत्रु पर भारी गोलाबारी की । उन पर दोबारा फिर मशीनगन की गोलियां की बौछार पड़ी, उन्होंने शत्रु पर उस समय तक गोली-बारी जारी रखी, जब तक कि उसके हमले को विफल नहीं कर दिया । लेकिन घावों के कारण उन्होंने वीरगति पाई ।

इस कार्यवाही के दौरान सिपाही मेहर सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

73. 2658792 ग्रेनेडियर मुराद खान,
ग्रेनेडियर्स

(मरणोपरान्त)

ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया । बायें पार्श्व भाग से शत्रु की मीडियम मशीन गन का भारी और सही गोलीबारी के कारण हमला रुक गया । अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए ग्रेनेडियर मुराद खान भारी गोलीबारी के बावजूद मीडियम मशीन गन के बंकर की तरफ रेंगते हुए बढ़े और एक ग्रेनेड फेंक कर गन को शांत कर दिया । इसके बाद इन्होंने शत्रु के दो सैनिकों को उनके कम्पनी कमांडर पर संगीनों से वार करते देखा । वे तुरन्त आगे लपके और आमने सामने की लड़ाई में शत्रु के एक सैनिक को मार डाला पर वे स्वयं भी बुरी तरह घायल हो गये ।

इस कार्यवाही में ग्रेनेडियर मुराद खान ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

74. 2658592 ग्रेनेडियर रफीक खान,
ग्रेनेडियर्स

(मरणोपरान्त)

ग्रेनेडियर्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में एक इलाके में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । चौकी पर कब्जा हो जाने के बाद भी शत्रु बचे-खुचे स्थलों से हमारे सैनिकों को जानी नुक्सान पहुंचा रहा था, खास तौर पर एक बंकर में रह गई शत्रु की एक हल्की मशीन गन । ग्रेनेडियर रफीक खान अपनी जान की जरा भी परवाह किये बिना रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने बंकर में हथगोला फैंका लेकिन हथगोला बाहर ही फट गया, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गये । लेकिन इसके बावजूद भी इन्होंने दूसरा हथगोला फैंका और मशीन गन को शांत कर दिया, किन्तु इस दौरान मशीन गन की गोलियों की एक बौछार इन पर पड़ी और जिसके फलस्वरूप वह शहीद हो गये ।

ग्रेनेडियर रफीक खान ने प्रशंसनीय साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

75. 5038478 राइफलमैन मोती कुमार नवार,
गोरखा राइफल्स

(मरणोपरान्त)

राइफलमैन मोती कुमार नवार गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की हल्की मशीन गन टुकड़ी के सदस्यों में प्रथम थे । उनकी बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया । इस मोर्चे पर शत्रु भारी संख्या में था और उसने वहां मजबूती से किलेबंदी कर रखी थी । हमले के दौरान हमारे जवानों पर शत्रु के छोटे हथियारों और तोपखाने ने कारगर गोलाबारी की । जांघ पर गोले की किर्च लगने से राइफलमैन मोती कुमार नवार बुरी तरह घायल हो गये फिर भी वे कुल्हे से हल्की मशीन गन से गोलाबारी करते रहे और इस तरह हमले का जोर कायम रखा । शत्रु के मोर्चों के पास पहुंचने पर हमारे प्रहार करने वाले सैनिकों पर एक बंकर से मशीन गन से भारी गोलाबारी होने लगी जिससे उनका आगे बढ़ना रुक गया और काफी जवान हताहत होने लगे । उस मशीन गन को शांत करना जरूरी समझकर, राइफलमैन मोती कुमार नवार ने अपनी हल्की मशीन गन छोड़ दी और अपने हाथ में दो ग्रेनेड लेकर अकेले ही इस मशीन गन चौकी पर हमला कर दिया । इस दौरान मशीन गन की गोलियों की बौछार से वे बुरी तरह घायल हो गये पर घावों के कारण शहीद होने से पहले वे एक छेद में से एक ग्रेनेड फैंक कर उस मशीन गन को शांत करने में सफल हुए ।

इस कार्यवाही में राइफलमैन मोती कुमार नवार ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

76. 4049455 राइफलमैन मकर सिंह नेगी,
गढ़वाल राइफल्स

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर, 1971)

4/5 दिसम्बर, 1971 की रात को शत्रु हमारे इलाके में घुस आया और पश्चिमी क्षेत्र में वाह्य सीमा चौकी पर अधिकार कर लिया । 5 दिसम्बर 1971 को गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन की दो पलाटनों को टैंकों की एक टुकड़ी के साथ इस चौकी पर दुबारा कब्जा करने का आदेश दिया । लेकिन हमारी प्रहार करने वाली टुक-ड़ियों की गति शत्रु की मशीनगनों के सही और प्रभावी गोलाबारी से रुक गई । शत्रु की मशीन गन को शांत करने के लिये राइफलमैन मकर सिंह नेगी ने अपनी जान की तनिक परवाह किये बिना शत्रु की मशीन गन चौकी पर अकेले ही हमला किर दिया । वह बुरी तरह घायल हुये और युद्ध भूमि में ही उन्हें वीर गति प्राप्त हुई । अन्त में उस चौकी पर हमारा अधिकार हो गया ।

इस कार्यवाही में, राइफलमैन मकर सिंह नेगी ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया ।

77. 1179857 गनर भद्रेश्वर पाठक,
एयर डिफेंस रेजिमेंट, आर्टिलरी रेजिमेंट

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—7/8 दिसम्बर, 1971)

गनर भद्रेश्वर पाठक पश्चिमी क्षेत्र मे एक मीडियम रेजिमेंट गन क्षेत्र के बचाव के लिये तैनात एक डिफेंस रेजिमेंट की एक टुकड़ी को गोलाबारूद देने का काम कर रहे थे । 7 दिसम्बर 1971 को इस मीडियम रेजिमेंट गन क्षेत्र पर शत्रु के दो मिग 19 विमानों ने हमला किया । इस एयर डिफेंस गन ने तुरन्त शत्रु के विमानों पर भारी गोलाबारी शुरू कर दी । इस गन को शांत करने के लिये शत्रु के विमानों ने नीची उड़ान भरके मशीन गनों से गोलियां बरसाई । हमले के दौरान शुरू से आखिर तक गनर भद्रेश्वर पाठक अपनी जान और सुरक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए गन को गोला बारूद पहुंचाते रहे जिसका नतीजा यह हुआ कि शत्रु का एक विमान नष्ट हो गया ।

8 दिसम्बर 1971 को शत्रु के पांच एफ०-86 सैबर जैट विमानों ने उनके गन क्षेत्र पर हमला किया । गनर भद्रेश्वर पाठक तब तक गोला बारूद पहुंचाते रहे जब तक कि उन्हें गोली न लगी । घायल होने पर गनर भद्रेश्वर पाठक ने वहां से हटाये जाने से इंकार कर दिया और तब तक चौकी पर रहे जब तक कि घावों के कारण वे शहीद न गये ।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान नगर भद्रेश्वर पाठक ने उच्च कोटि की वीरता और कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया ।

78. 5034537 राइफलमैन मान बहादुर पुन,
गोरखा राइफल

(मरणोपरांत)

राइफलमैन मान बहादुर पुन, पूर्वी क्षेत्र मे शत्रु की एक चौकी पर किये गये हमले के दौरान गोरखा राइफल की एक बटालियन की एक कंपनी की राकेट लांचर टीम के कमांडर थे । दुश्मन के मोर्चा में बहुत अच्छे किस्म के बंकर थे और उसकी मीडियम मशीन गनें और राकेट लांचर आसपास के इलाके पर छाये हुए थे । राइफलमैन मान बहादुर पुन प्रहार करने वाले सैनिकों के बायें किनारे पर थे हमला करने वाले सैनिकों पर शत्रु ने तोपखाने और मार्टरों से गोलाबारी शुरू कर दी और उनका आगे बढ़ना रुक गया । राइफलमैन मान बहादुर पुन अपनी सुरक्षा की तनिक परवाह किये बिना रेंग कर एक बंकर पर पहुचे और उसे अपने लांचर से शांत कर दिया । इस कार्यवाही मे उनकी टांग में एक मीडियम मशीन गन की गोलियों की बोछार लगी, मगर अपनी चोट की परवाह किये बिना वे रेंगकर दूसरी जगह पर पहुंचे और दूसरी बार राकेट लांचर से फायर करके दूसरी चौकी को भी शात कर दिया । तभी बिल्कुल पास से उन्हे गोलियो की एक और बोछार लगी और वे वही शहीद हो गये ।

इस कार्यवाही मे राइफलमैन मान बहादुर पुन ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया ।

79. 492235 राइफलमैन पास बहादुर पुन,
गोरखा राइफल्स

(मरणोपरांत)

गोरखा राइफल्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में गाजीपुर के एक ठिकाने का सफाया करने का आदेश दिया गया । हमले के दौरान शत्रु ने मीडिम मशीन गन का भारी और सही गोलाबारी करके भारी संख्या में हमारे जवानों को हताहत कर दिया । शत्रु के भारी गोलाबारी के बावजूद राइफलमैन पास बहादुर पुन हमला करते हुए आगे बढ़े और शत्रु के पास जाकर गुत्थम-गुत्था में शत्रु के तीन सैनिकों को मार गिराया और एक मीडियम मशीन गन हथिया ली । इस दौरान वे जख्मी हो गये अर घावों के कारण शहीद हो गये ।

इस कार्यवाही में राइफलमैन पास बहादुर पुन ने उच्चकोटि के साहस और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

80. 2449735 सिपाही अवतार सिंह,
पंजाब रेजिमेंट

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—10 दिसम्बर 1971)

पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन के सिपाही अवतार सिंह जम्मू एवं काश्मीर क्षेत्र में नार्गी टेकरी के दायें भाग पर 10/11 दिसम्बर 1971 की रात को हमला करने वाली फौज में शामिल थे । इस ठिकाने पर शत्रु भारी संख्या में था और उसने वहां मजबूती से किलेबन्दी कर रखी थी । हमले के दौरान शत्रु ने प्रहार करने वाले सैनिकों पर आर्टिलरी और मीडियम मशीनगन से भारी गोलाबारी की । जिसके कारण सिपाही अवतार सिंह अपनी एक टांग गवा बैठे । फिर भी अविचलित वे उस गन को नष्ट करने के लिये मीडियम मशीनगन चौकी की तरफ रेंग कर बढ़ने लगे । जब वे मीडियम मशीनगन पर झपट रहे थे तो उन्हें स्वचालित गोलाबारी की एक गोलियों की बोछार लगी जिससे इनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्यवाही में सिपाही अवतार सिंह ने उच्च कोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

81. 2858706 राईफलमैन छगन सिंह
राजपूताना राइफल्स

(मरणोपरांत)

राइफलमैन छगन सिंह की प्लाटून जब पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी का सफाया करने में लगी हुई थी, उस समय शत्रु ने उस पर तोपखाने और छोटे हथियारों से तेज व भारी गोलाबारी शुरू कर दी । जब ये शत्रु के ठिकाने से लगभग 25 गज ही दूर रह गये थे तो उस समय इन्होंने बंकर के भीतर 106 मि० मी० की रिकायललेस गन को देख लिया । यद्यपि वे घायल हो चुके थे फिर भी रेंग कर बंकर तक पहुंचे । ऐसा करते समय इन पर एक बार फिर लाइट मशीनगन की बोछार पड़ी फिर भी इन्होंने अपने घावों के कारण शहीद होने से पहले बंकर में हथगोला डालकर उसे नष्ट कर दिया ।

इस कार्यवाही मे राइफलमैन छगन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया ।

82. 2457287 सिपाही जगजीत सिंह,
पंजाब रेजिमेंट

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

5 दिसम्बर 1971 को राजस्थान क्षेत्र में भारी संख्या में शत्रु ने पैदल सेना और बख्तरबंद दस्तों से हमारे उन मोर्चों पर हमला किया जिन पर पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन का कब्जा था। सिपाही जगजीत सिंह अग्रिम सुरक्षित इलाके में हल्की मशीन गन चौकी पर तैनात थे। हमले के दौरान शत्रु की गोलाबारी से उनके बंकर को बहुत नुकसान पहुंचा। शत्रु पर भारी गोलाबारी करना जरूरी समझ कर वे अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए बाहर खुले में आके अपनी गन से तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक शत्रु की गोली से उनकी मृत्यु न हो गई।

इस कार्यवाही में सिपाही जगजीत सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

83. 2860932 राइफलमैन प्रेम सिंह,
राजपूताना राइफल्स

(मरणोपरांत)

राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर अधिकार करने का काम सौंपा गया। हमले के दौरान शत्रु ने एक मीडियम मशीनगन से बहुत तेज और सही गोलीबारी शुरू करके भारी जानी नुकसान पहुंचा कर और हमारे प्रहार सैन्यदल को घेर लिया। राइफलमैन प्रेम सिंह प्रहार करने वाले सैनिकों में थे। मशीनगन को शांत करने की जरूरत महसूस करते हुए वे रेंग कर आगे बढ़े और इन्होंने शत्रु की चौकी पर धावा बोल कर गन को शांत कर दिया। इस कार्यवाही में वे मशीनगन की गोलियों से घायल हो गये और घावों के कारण वे शहीद हो गये। उनकी इस कार्यवाही से उनके साथियों के हौसले बुलंद हो गये और फलस्वरूप लक्ष्य पर कब्जा किया जा सका।

इस कार्यवाही में राइफलमैन प्रेमसिंह ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

84. 2464113 सिपाही सम्पूरन सिंह,
पंजाब रेजिमेंट

(मरणोपरांत)

सिपाही सम्पूरन सिंह, पंजाब रेजिमेंट की एक बटालियन की उस कम्पनी के साथ थे, जिसे कारगिल क्षेत्र में अन्छिल पास पर अधिकार करने का काम सौंपा गया था। शत्रु के मोर्चों में लगी मीडियम मशीन गन के सही और भारी गोलीबारी के कारण उनकी कम्पनी का धावा रुक गया। सिपाही सम्पूरन सिंह ने बंकर में एक ग्रेनेड फैंक कर मशीन गन को नष्ट कर दिया। ऐसा करते समय वे बुरी तरह घायल हो गये और घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हुए।

इस कार्यवाही में सिपाही सम्पूरन सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

85. 2964587 सिपाही सत्यवान सिंह,
राजपूत रेजिमेंट

(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—5 दिसम्बर 1971)

राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के सिपाही सत्यवान सिंह उस आक्रमण दल में शामिल थे जिसे पश्चिमी क्षेत्र में डेरा बाबा नानक शत्रु के एक स्थान पर कब्जा करने का सौंपा गया था। अपने कम्पनी कमांडर के साथ सिपाही सत्यवान सिंह अगले दस्ते के साथ आगे बढ़ रहे थे। तो पार्श्व के एक पिल-बाक्स से शत्रु की मीडियम मशीन गन ने गोलाबारी शुरू कर दी जिससे हमारे काफी जवान हताहत होने लगे। इस गन को शांत करना जरूरी समझकर इन्होंने अपनी जान की जरा भी परवाह न करते हुए पिल-बाक्स पर हमला कर दिया और शत्रु को मार कर उसकी मीडियम मशीन गन को शांत कर दिया। लेकिन इस कार्यवाही में वे बुरी तरह घायल हो गये जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में सिपाही सत्यवान सिंह ने उच्चकोटि की सयमित वीरता, दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

86. 5743894 राइफलमैन दलीप सिंह थापा,
गोरखा राइफल्स

(मरणोपरांत)

गोरखा राइफल की एक बटालियन के राइफलमैन दलीप सिंह थापा पश्चिमी क्षेत्र में सुलेमान नेवी के पूर्वी तट पर एक हल्की मशीन गन पर तैनात थे। 8/9 दिसम्बर 1971 की रात को शत्रु ने उनकी कम्पनी के ठिकाने पर तोपखाने की भारी गोलाबारी के साथ हमला कर दिया। राइफलमैन दलीप सिंह थापा ने अपनी हल्की मशीन गन से गोली चलाना शुरू कर दिया और शत्रु को भारी जानी नुकसान पहुंचाया। उनकी खाई नष्ट हो गई और वे खुद भी शत्रु के सीधे लगे गोले से बुरी तरह घायल होने पर भी वह अपनी खाई से रेंग कर बाहर आये और मशीन गन से तब तक गोलीबारी करते रहे जब तक कि घावों के कारण वे वीरगति को प्राप्त न हुये।

इस कार्यवाही में राइफलमैन दलीप सिंह थापा ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

सं० 78-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की सक्रियाओं में वीरता के लिये "वीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कमांडर मुकदाविल ओम्मन ओम्मन (ई०)
भारतीय नौसेना।

(मरणोपरांत)

कमांडर मुकदाविल ओम्मन ओम्मन उस भारतीय नौसैनिक पोत खुकरी के इंजीनियर अफसर थे, जो पाकिस्तान की एक पनडुब्बी के हमले के बाद अरब सागर में डूब गया था।

9 दिसम्बर 1971 को पनडुब्बी की खोज में लगे भारतीय नौसैनिक पोत खुकरी पर एक टारपीडो का वार हुआ। अपने नौसैनिकों को खतरे में पड़ा जान कर कमांडर ओम्मन उनकी सुरक्षा का बंदोबस्त करने के लिये नीचे गये। इस बीच पोत को दूसरा टारपीडो

लगा । यह जानते हुए भी कि उनके बचने के अवसर हर क्षण कम होते जा रहे हैं फिर भी वे अपने नौसैनिकों की सुरक्षा के बंदोबस्त में सहायता करते रहे और ऐसा करते हुए इन्होंने सबसे बड़ी कुर्बानी की ।

पूरी कार्यवाही में कमाडर शुक्कादिवल ओम्मन ओम्मन ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

2. लेफ्टिनेंट कमाडर प्रभात कुमार (एल०)
भारतीय नौसेना ।

(मरणोपरान्त)

लेफ्टिनेंट कमाडर प्रभात कुमार भारतीय नौ सैनिक पोत खुकरी पर इलैक्ट्रिकल अफसर थे, जो एक पाकिस्तानी पनडुब्बी के हमले के बाद अरब सागर में डूब गया था ।

9 दिसम्बर 1971 को पनडुब्बी की खोज में लगे भारतीय नौसैनिक पोत खुकरी में टारपीडो लगा । अपने साथियों को खतरे में पड़ा जानकर लेफ्टिनेंट कमाडर प्रभात कुमार उन की सुरक्षा का बंदोबस्त करने के लिये नीचे गये । इस बीच पोत में दूसरा टारपीडो लगा । यह जानते हुए भी कि उनके बचने के अवसर हर क्षण कम होते जा रहे हैं, फिर भी वे अपने साथियों की सुरक्षा के काम में सहायता करते रहे और ऐसा करते हुए इन्होंने सबसे बड़ी कुर्बानी दी ।

पूरी कार्यवाही में लेफ्टिनेंट कमाडर प्रभात कुमार ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

3 लेफ्टिनेंट कमाडर रजत कुमार सैन (एस०)
भारतीय नौसेना ।

(लापता)

लेफ्टिनेंट कमाडर रजत कुमार सैन भारतीय नौसैनिक पोत खुकरी में सप्लाई अफसर थे, जो एक पाकिस्तानी पनडुब्बी के हमले के बाद अरब सागर में डूब गया था ।

9 दिसम्बर 1971 को पनडुब्बी की खोज में लगे भारतीय नौ सैनिक पोत खुकरी पर एक टारपीडो का वार हुआ । अपने साथियों को खतरे में पड़ा जान कर उनकी सुरक्षा का बंदोबस्त करने के लिये लेफ्टिनेंट कमाडर सैन नीचे गये । इस बीच पोत को दूसरा टारपीडो लगा । यह जानते हुए भी कि उनके बचने का अवसर हर क्षण कम होते जा रहे हैं फिर भी वे अपने साथियों की सुरक्षा के काम में सहायता करते रहे और ऐसा करते हुए इन्होंने सबसे बड़ी कुर्बानी दी ।

इस पूरी कार्यवाही में कमाडर रजत कुमार सैन ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

4 लैफ्टि० कमाण्डर जोगिन्दर कृष्ण सूरी (एक्स) भारतीय नौसेना ।

(मरणोपरान्त)

लैफ्टि० कमाण्डर जोगिन्दर कृष्ण सूरी उस भारतीय नौसैनिक पोत खुकरी के उप-कमाण्डर थे, जो एक पाकिस्तानी पनडुब्बी के हमले के बाद अरब सागर में डूब गया था ।

9 दिसम्बर, 1971 को जब इनके पोत पर दुश्मन ने टारपीडो से वार किया तो लेफ्टि० कमाण्डर जोगिन्दर कृष्ण सूरी अपने नौसैनिकों को खतरे में जान कर इन्होंने शीघ्रता से प्राण रक्षा निरादा और बेकटो के रस्से काट कर समुद्र में फेंक दिये । इनके बचने के अवसर हर क्षण कम हो रहे थे, लेकिन इसके बावजूद भी वे अपने नौसैनिकों की सुरक्षा के काम का निर्देशन करते रहे और बड़ी संख्या में उन्हें बचा सके । ऐसा करने में इन्होंने सबसे बड़ी कुर्बानी दी ।

इस पूरी कार्यवाही में लैफ्टि० कमाण्डर जोगिन्दर कृष्ण सूरी ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

5. सर्जन लैफ्टि० सुधाशु शेखर पंडा,
भारतीय नौसेना ।

(लापता)

सर्जन लैफ्टि० सुधाशु शेखर पंडा भारतीय नौसैनिक पोत खुकरी पर मैडिकल अफसर थे, जो पाकिस्तानी पनडुब्बी के हमले के बाद अरब सागर में डूब गया था ।

9 दिसम्बर, 1971 को इनके पोत को दुश्मन का टारपीडो लगा । सर्जन लैफ्टि० पंडा अपनी जान की तनिक भी परवाह न करके जहाज में नीचे बीमारों की सेवा में गए ताकि बीमार और घायल कार्मिकों को डैक पर निकासी के लिए लाया जा सके । इस बीच जहाज को एक और टारपीडो लगा और यह जानते हुए भी कि उनके बचने के अवसर हर क्षण कम होते जा रहे । फिर भी वे बीमार और घायलों का ऊपरी डैक पर ले आने के काम में लगे रहे । ऐसा करते हुए इन्होंने सबसे बड़ी कुर्बानी दी ।

इस पूरी कार्यवाही के दौरान सर्जन लैफ्टि० सुधाशु शेखर पंडा ने उच्चकोटि के साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

6 लैफ्टि० सुरेश गजानन सामंत (एक्स)
भारतीय नौसेना ।

(मरणोपरान्त)

लैफ्टि० सुरेश गजानन सामन्त उस भारतीय नौसैनिक यूनिट के जहाज पर थे जिसने कराची पर हमला किया था । 4/5 दिसम्बर 1971 की रात को नेवीगेटिंग अफसर के रूप में कराची के पास शत्रु के जहाजों और बन्दरगाह के दूसरे संस्थापनों पर हमला करने करने के लिए अपने जहाजों को ठीक स्थिति में लाने की जिम्मेदारी इनकी थी । इन्होंने अपने काम में उच्चकोटि की व्यावसायिक दक्षता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और वे सौंपे गये कार्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध हुए । इसके बाद एक नौसैनिक लंगरगाह के आसपास पानी की सतह के भीतर से तोड़फोड़ करने वालों की खोज करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

आद्योपान्त लैफ्टि० सुरेश गजानन सामन्त ने उच्चकोटि की शूरवीरता, व्यावसायिक दक्षता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

सं० 79-प्रेज/72.—राष्ट्रपति निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिए वीर चक्र प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :–

1. स्क्वाड्रन लीडर जाल मानिकशा मिस्त्री (5006)
फ्लाइंग (पायलट)

(मरणोपरान्त)

स्क्वाड्रन लीडर जाल मानिकशा मिस्त्री दिसम्बर, 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रियाओं के दौरान एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में सीनियर पायलट थे । 4 दिसम्बर 1972 को

इन्होंने शत्रु की हवाई सीमा को भेद कर कोहाट में जबाबी हवाई कार्यवाही करके शत्रु के हवाई अड्डे को भारी नुकसान पहुंचाया। 5 दिसम्बर, को ये ऐसे दो हवाई जहाजों की फार्मेशन का नेतृत्व कर रहे थे जिन्हें सुरक्षित सकेसर रेडार स्टेशन पर हमला करने का काम सौंपा गया था। नम्बर दो द्वारा उड़ाया जाने वाला हवाई जहाज उड़ान भरते ही बेकार हो गया। विचलित हुए बिना वे अकेले ही इस काम को करने के लिए उड़े। टार्गेट पर पहुंच कर दुश्मन के भारी ज़मीनी फायर का सामना करते हुए उन्होंने रेडार स्टेशन पर हमला किया और रेडार स्टेशन को नष्ट भ्रष्ट करके उसे बेकार करने में सफल हो गए।

इस कार्यवाही के दौरान स्क्वाड्रन लीडर जान मानिकशा मिस्त्री ने सराहनीय साहस, दृढ़-निश्चय और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

2. स्क्वाड्रन लीडर जीवा सिंह (4893)
फ्लाइंग (पायलट) (मरणोपरान्त)

स्क्वाड्रन लीडर जीवा सिंह दिसम्बर, 1971 में हुई पाकिस्तानी लड़ाई के समय ये एक फाइटर स्क्वाड्रन में थे। संक्रियाओं के दौरान स्क्वाड्रन लीडर जीवा सिंह ने एक ऐसी फार्मेशन का नेतृत्व किया जिसे शत्रु के टैंकों और सैनिकों का पता लगाकर उन पर हमला करना था जो हमारी जमीनी फौजों को उलझा रही थीं। इन्होंने शत्रु के छिपे हुए टैंकों का पता लगाया, यद्यपि शत्रु के चार हवाई जहाजों ने इनके सेक्शन को चारों ओर से घेर लिया था पर फिर भी वे हवाई हमले करते रहे। हवाई-मुठभेड़ में इन्होंने शत्रु के एक एफ०-104 हवाई जहाज को उलझाये रखा ताकि इनके विमान नम्बर दो का चालक बचकर निकल सके। लड़ाई के दौरान कम ऊंचाई पर इनके हवाई जहाज पर गोली लगी जिससे इनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में स्क्वाड्रन लीडर जीवा सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

3. स्क्वाड्रन लीडर रमेश चन्द्र सचदेवा (5306),
फ्लाइंग (पायलट) (मरणोपरान्त)

स्क्वाड्रन लीडर रमेश चन्द्र सचदेवा ने दिसम्बर 1971 में पाकिस्तानी संघर्ष के दौरान एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में कार्य किया। 4 दिसम्बर, 1971 को इन्होंने चिटागांव में शत्रु के उन लक्ष्यों पर हमला किया जिनकी रक्षा के लिए बहुत सी विमानभेदी तोपें लगी थीं। बाद में इन्होंने उन सात रेल गाड़ियों को नष्ट किया जो लक्षाम स्थित पाकिस्तानी अग्रिम मोर्चों के लिए महत्वपूर्ण सामान ले जा रही थीं। इन्होंने 6 दिनों में 15 संक्रियात्मक उड़ानें भरीं और भारी जमीनी गोलाबारी का सामना करते हुए कई जहाजों, टैंकों, तोपखानों, गाड़ियों और ईंधन टैंकों को बरबाद किया। दो बार गोलियों से बुरी तरह बिंधे विमान को अड्डे पर वापिस ले आए। 10 दिसम्बर, 1971 को उड़ान के दौरान शत्रु की एक नौका पर हमला करने के बाद इनके विमान के इंजन में आग लग गई और वह गिर कर नष्ट हो गया जिसमें इनकी मृत्यु हो गई।

आद्योपान्त स्क्वाड्रन लीडर रमेश चन्द्र सचदेवा ने उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व, दृढ़-निश्चय और उड़ान-कौशल का परिचय दिया।

4. फ्लाइट लैफ्टि० प्रदीप विनायक आप्टे (10456)
फ्लाइंग (पायलट) (मरणोपरान्त)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लैफ्टि० प्रदीप विनायक आप्टे एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में काम कर रहे थे। 4 दिसम्बर, 1971 को ये नया छोर उमरकोट-डोरनारो क्षेत्र में सामरिक टोह उड़ान के लिए विमान नम्बर दो के चालक थे। नया छोर के निकट उन्होंने शत्रु के गाड़ियों के काफिले को डोरनारो रेलवे स्टेशन की तरफ बढ़ते देखा। इन्होंने तुरन्त अपनी अगली गनों से हमला किया और गाड़ियों को सीधा निशाना बनाया। इसके बाद वे डोरनारो रेलवे स्टेशन पर उड़े और एक बार फिर इन्होंने एक माल गाड़ी को देखा जिसमें से सामान उतारा जा रहा था। उन पर की जा रही जमीनी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने गाड़ी पर हमला किया और वैगनों को काफी नुकसान पहुंचाया। तीसरी बार इन्होंने फिर हमला किया पर जब वे हमला करके ऊपर उठ रहे थे तो शत्रु की जमीनी गोलाबारी से इनका विमान क्षतिग्रस्त हो गया। इन्होंने क्षतिग्रस्त हवाई जहाज पर भी नियंत्रण रखा और उसे 100 मील दूर अपने अड्डे की तरफ उड़ाने लगे। विवश होकर इन्होंने हवाई जहाज छोड़ दिया। इस प्रकार इन्होंने महान बलिदान किया।

इस कार्यवाही के दौरान फ्लाइट लैफ्टि० प्रदीप विनायक आप्टे ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया।

5. फ्लाइट लैफ्टि० आन्द्रे रूडोल्फ डिकोस्टा (8175)
फ्लाइंग (पायलट) (मरणोपरान्त)

फ्लाइट लैफ्टि० आन्द्रे रूडोल्फ डिकोस्टा ने 4 दिसम्बर, 1971 को रेंगपुर क्षेत्र में लाल मुनीरहाट पर विमान चालक नम्बर दो के रूप में हमलावर टोह उड़ानें भरीं। फौजी लक्षों पर गोलीबारी करने के बाद इन दोनों विमानों ने लाल मुनीरहाट पुल के दक्षिण में एक माल गाड़ी पर हमला किया। इस कार्यवाही में दोनों विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। फ्लाइट लैफ्टि० डिकोस्टा को भी गोली लगी और यद्यपि इन्होंने अपने विमान को वापिस अड्डे पर लाने की कोशिश की पर ये बेहोश हो गए और इनका विमान गिर कर नष्ट हो गया जिससे इनकी मृत्यु हो गई।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लैफ्टि० आन्द्रे रूडोल्फ डिकोस्टा ने उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

6. फ्लाइट लैफ्टि० लारेंस फ्रेड्रिक परेरा (8678)
फ्लाइंग (पायलट) (मरणोपरान्त)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लैफ्टि० लारेंस फ्रेड्रिक परेरा को अग्रिम इलाके में एक आर्मी ब्रिगेड के साथ फारवर्ड एयर कन्ट्रोलर के काम पर लगाया गया था। उन्हें यह काम सौंपा गया था कि वे अगले ठिकानों पर रहकर अपने नज़दीकी हवाई सहायता देने वाले विमानों को शत्रु लक्ष्यों की तरफ उड़वाएं। उनके निर्देशन में हमारे विमानों ने कई बार शत्रु के जमावों पर सफलतापूर्वक हमले किए। 14 दिसम्बर,

1971 को अपना काम करते हुए इन्हें शत्रु की गोलियां लगीं जिससे इनकी मृत्यु हो गई ।

कार्यवाही के दौरान फ्लाइट लैफ्टि० लारेंस फ्रेड्रिक परेरा ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

7. फ्लाइट लैफ्टि० विजय कुमार वाही (10114)
फ्लाइंग (पायलट) (मरणोपरान्त)

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध की गई संक्रियाओं के दौरान फ्लाइट लैफ्टि० विजय कुमार वाही एक लड़ाकू बममार स्क्वाड्रन में पायलट थे । 6 दिसम्बर, 1971 को इन्हें छम्ब क्षेत्र में वायु-भू मिशन के लिए नम्बर दो विमान के चालक के रूप में नियुक्त किया गया था । शत्रु ने विमान भेदी तोपों और विमानों द्वारा उस लक्ष्य का मजबूती से बचाव कर रखा था । पर इस लक्ष्य को नष्ट करना हमारी स्थल सेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण था जिस पर हमले का काफी जोर पड़ रहा था । इन्होंने हमला किया और शत्रु के दो टैंक नष्ट कर दिए । काम पूरा करके अड्डे पर वापिस लौटते समय इनके विमान को गोला लगा । ये विमान के कूदे लेकिन उन्हें घातक चोटें आईं ।

इस कार्यवाही में फ्लाइट लैफ्टि० विजय कुमार वाही ने उच्च-कोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और व्यावसायिक दक्षता का परिचय दिया ।

सं० 80-प्रेज/72—राष्ट्रपति, निम्नांकित व्यक्तियों को पाकिस्तान के विरुद्ध हाल की संक्रियाओं में वीरता के लिए "वीरचक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते है :—

1. 613 डिप्टी कमांडेन्ट इन्द्रजीत सिंह उप्पल
सीमा सुरक्षा दल (मरणोपरान्त)

सीमा सुरक्षा दल के श्री इन्द्रजीतसिंह उप्पल एक बटालियन की दो कम्पनियों की जिन्हें पूर्वी क्षेत्र में तैनात किया गया था, कमान कर रहे थे । जब शत्रु की एक चौकी पर हमारी सेना का कब्जा हो जाने के बाद, एक कम्पनी शत्रु की मशीन गन की भारी गोलाबारी के बीच आ गई और उनको वहीं का वहीं रोक दिया । अपनी जान की परवाह तनिक किए बिना श्री इन्द्रजीत सिंह उप्पल ने एक मीडियम मशीन गन ग्रुप को साथ लेकर शत्रु की गन पर गोलाबारी शुरू करवाई । ऐसा करते समय शत्रु की एक गोली उनको लगी, जिसके कारण उन्होंने वीर गति पाई ।

आद्योपान्त श्री इन्द्रजीत सिंह उप्पल ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया ।

2. सं० 66276064 हैड कांस्टेबल मोहिन्द्र सिंह,
सीमा सुरक्षा दल (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—3 दिसम्बर, 1971)

हैड कांस्टेबलमोहिन्द्र सिंह पश्चिमी क्षेत्र के एक इलाके में सीमा सुरक्षा दल के ठिकाने पर स्थित एक सैक्शन चौकी की कमान कर रहे थे । 3 दिसम्बर 1971 को डिवजनल आर्टिलरी की गोलाबारी की मदद से शत्रु ने दो राइफल कम्पनियों से इस चौकी पर हमला किया । हैड कांस्टेबल मोहिन्द्र सिंह ने अपने सैक्शन से तब तक गोली नहीं चलवाई जब तक कि दुश्मन 50 गज की दूरी पर न आ गया। और फिर अपने सैक्शन से लगातार सही प्रभावकारी गोलाबारी करवाकर हमले को विफल कर दिया। इन्होंने अपने जवानों को डटे रहने और लड़ने के लिए प्रेरित किया । भारी संख्या में शत्रु ने इस चौकी पर फिर हमला किया और एक बार वह चौकी के गिर्द स्कावेंट के लिए लगी तार तक पहुंचने में सफल हो गया । बिना डरे और अपनी जान की जरा भी परवाह किए बिना हैड कांस्टेबल मोहिन्द्र सिंह अपनी खाई से शीघ्र बाहर निकले और अपने जवानों को इकट्ठा करके दुश्मन पर हमला कर दिया । इन्होंने अपनी स्टैन गन से शत्रु के चार जवानों को मार गिराया । वे तब तक वीरता पूर्वक लड़ते रहे जब तक कि शत्रु की हल्की मशीन गन की गोलाबारी से वे बुरी तरह घायल होकर शहीद न हो गए ।

इस कार्यवाही में हैड कांस्टेबल मोहिन्द्र सिंह ने उच्चकोटि की वीरता और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

3. सं० 68588913 नायक उमेद सिंह,
सीमा सुरक्षा दल (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—6 दिसम्बर 1971)

नायक उमेद सिंह, पश्चिमी क्षेत्र में एक पिकेट पर मार्टर सैक्शन के इंचार्ज थे । 5 दिसम्बर, 1971 को पिकेट पर शत्रु ने भारी संख्या में मार्टर और स्वचालित हथियारों की गोलाबारी से हमला कर दिया । नायक उमेद सिंह, एक मार्टर मोर्चे से दूसरी मार्टर मोर्चे तक जा-जा कर अपने जवानों को लक्ष्यों पर लगातार गोलीबारी करने के लिए प्रेरित करते रहे । इस कार्यवाही के दौरान शत्रु का एक गोला इनके पास फटा जिससे ये बुरी तरह घायल हो गए । फिर भी नायक उमेद सिंह ने वहां से हटाए जाने से इंकार कर दिया, और वहां तब तक डटे रहे जब तक कि शत्रु के हमले को पछाड़ नहीं दिया गया और उसकी मार्टरों को शान्त नहीं कर दिया गया । ये वहां से हटाए जाने के तुरन्त बाद ही घावों के कारण वीर गति को प्राप्त हुए ।

इस कार्यवाही में नायक उमेद सिंह ने उच्चकोटि की वीरता, दृढ़-निश्चय तथा नेतृत्व का परिचय दिया ।

4. 647 डिप्टी कमांडेंट श्री जोगिन्द्र सिंह,
सीमा सुरक्षा दल (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि—17 दिसम्बर 1971)

डिप्टी कमांडेंट श्री जोगिन्द्र सिंह सीमा सुरक्षा दल के पोस्ट ग्रुप आर्टिलरी के इन्चार्ज थे जिसे राजस्थान क्षेत्र में तैनात सीमा सुरक्षा दल बटालियनों की गोलाबारी करने की क्षमता को पूरा करने के लिये संगठित किया गया था । 17 दिसम्बर, 1971 को इन्हें उन यूनिटों को गोलाबारी में सहायता पहुंचाने का काम सौंपा गया था जिन्होंने वीरावाह के पश्चिम में रक्षात्मक मोर्चे जमा रखे थे । टोह लेने के बाद वीरावाह लौटते समय उनकी टोली पर शत्रु ने नजदीक से मशीन गन और मोर्टार से भारी गोलाबारी शुरू कर दी । ये तुरन्त अपनी गाड़ी से बाहर कूदे और अपनी छोटी टोली का विन्यास

करके शत्रु पर हमला कर दिया। मशीन गन की गोलियों की बौछार लगने पर भी वे अपने जवानों का नेतृत्व करते रहे और तब तक लड़ते रहे जब तक कि घायल होने के कारण शहीद न हो गये।

इस कार्यवाही में श्री जोगिंद्र सिंह ने सराहनीय साहस, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

दिनांक 6 जून 1972

सं० 81-प्रेज०/72—राष्ट्रपति निम्नांकित अधिकारियों को 1971 के भारत पाकिस्तान संघर्ष तथा बंगलादेश सक्रियाओं के संबंध में की गई विशिष्ट सेवाओं के लिए सहर्ष राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान करते हैं :—

श्री धन कांत मेधी,
पुलिस उप महा निरीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
असम।

श्री सुधीर रंजन डे,
कमांडेंट,
6वीं असम पुलिस बटालियन,
असम।

मेजर जनरल नरेंद्र सिंह,
महा निरीक्षक (संक्रिया),
सीमा सुरक्षा दल।

श्री रणजीत सिंह,
महानिरीक्षक,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री डी० एन० कौल,
उप निदेशक,
सीमा सुरक्षा दल।

ब्रिगेडियर सुच्चा सिंह,
उप निदेशक (प्रशिक्षण),
सीमा सुरक्षा दल।

ब्रिगेडियर जी० एस० रंधावा,
उप महा निरीक्षक,
सीमा सुरक्षा दल।

कर्नल गुरुदास सिंह,
सहायक निदेशक,
सीमासुरक्षा दल।

लेफ्टिनेंट कर्नल मेष सिंह,
कमांडेंट,
18वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री डी० ए० महादकर,
कमांडेंट,
75वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री सम्पूर्ण सिंह,
कमांडेंट,
31वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

श्री देवकांत काकटी
मंडल संयोजक,
मंत्रि मंडल सचिवालय।

श्री हरनाथ सरकार,
मंडल सयोजक,
मंत्रि मंडल सचिवालय।

लेफ्टिनेंट कर्नल नसीब सिंह,
कमांडेंट,
7वीं बटालियन,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।

2. ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्निशमन सेवा पदक से संबंधित नियमों के नियम 4 (ii) के अन्तर्गत दिये जा रहे हैं।

सं० 82-प्रेज/०.72:—राष्ट्रपति निम्नांकित अधिकारियों को 1971 के भारत पाकिस्तान संघर्ष तथा बंगलादेश संक्रियाओं के संबंध में की गई सराहनीय सेवाओं के लिए सहर्ष पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

श्री सतीश कुमार झा,
पुलिस अधीक्षक,
गारो हिल्स,
असम।

श्री देवेन्द्र नाथ सोनवाल,
पुलिस अधीक्षक,
कचार,
असम।

श्री ऊषा रंजन दत्त,
पुलिस उप अधीक्षक,
शिलांग,
असम।

श्री त्रिपुरतनय, भट्टाचार्जी,
निरीक्षक,
6वीं असम पुलिस बटालियन,
असम।

श्री मिठ्ठाराम दत्त
पुलिस निरीक्षक,
विशेष शाखा शिलांग,
असम।

श्री नवेंदू रंजन सिल,
पुलिस उप निरीक्षक,
कचार जिला कार्यपालक दल,
असम।

श्री मोहिनी रंजन बर्मन,
पुलिस निरीक्षक,
डुबरी,
असम ।

श्री नगेन्द्रचन्द्र बरुआ,
पुलिस उप निरीक्षक,
जिला गारो हिल्स ,
असम ।

श्री जीतेन्द्र कुमार चौधरी
पुलिस उप निरीक्षक,
विशेष शाखा ,
असम ।

श्री दक्षिण रंजन राय,
पुलिस निरीक्षक,
विशेष शाखा,
असम ।

श्री प्रियधर नाथ,
पुलिस उप निरीक्षक,
मनंकचार पुलिस थाना,
असम ।

श्री रणछोड़ भवा रबाड़ी,
सशस्त्र पुलिस कांस्टेबल,
जिला बांसकान्ता,
गुजरात ।

श्री आर० के० शर्मा
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
फिरोजपुर,
पंजाब ।

श्री एम० आर० शर्मा,
पुलिस अधीक्षक,
गुरुदासपुर,
पंजाब ।

श्री कपूर सिंह,
पुलिस निरीक्षक, संख्या 59/डब्ल्यू० (स्थानापन्न)
पंजाब ।

श्री शेर सिंह,
पुलिस उप निरीक्षक, संख्या 176/
एल० डी० एच० (स्थानापन्न)
पंजाब ।

श्री तेज सिंह ,
पुलिस अधीक्षक,
जिला जैसलमेर,
राजस्थान ।

श्री डी० आर० पुरी,
पुलिस अधीक्षक,
जिला गंगा नगर
राजस्थान ।

श्री स्वरूप कुमार मुखर्जी ,
पुलिस अधीक्षक,
पश्चिम दिनाजपुर
पश्चिम बंगाल ।

श्री सतेन्द्र विकास घोष,
पुलिस उप निरीक्षक,
कूच बिहार,
पश्चिम बंगाल ।

श्री अंकेश चन्द्र अच्चार्य,
पुलिस उप निरीक्षक,
कूच बिहार,
पश्चिम बंगाल ।

श्री रेवती नाथ विस्वास,
पुलिस उप निरीक्षक,
पश्चिम दिनाजपुर,
पश्चिम बंगाल ।

श्री सुभाष चन्द्र राय भौमिक,
पुलिस उप निरीक्षक,
सौनपुरा,
त्रिपुरा ।

श्री वीरेन्द्र नाथ मुखर्जी,
पुलिस उप निरीक्षक,
सबरूम,
त्रिपुरा ।

श्री निरोद बन्धु चक्रवर्ती,
पुलिस उप अधीक्षक,
विशेष शाखा,
त्रिपुरा ।

श्री विश्व भूषण मुखर्जी,
पुलिस मंडल आधीक्षक,
सौनपुरा,
त्रिपुरा ।

श्री ननीगोपाल भट्टाचार्जी,
पुलिस उप निरीक्षक,
बलोनिया,
त्रिपुरा ।

श्री राधा मोहन सिन्हा,
पुलिस उप निरीक्षक,
कमालपुर,
त्रिपुरा ।

श्री अमूल्य देव वर्मा,
पुलिस उप निरीक्षक,
त्रिपुरा ।

श्री समरेन्द्र दास,
हवलदार,
कमालपुर गव-ट्रेजरी,
त्रिपुरा

श्री भागर्व रंजन भट्टाचार्जी,
पुलिस निरीक्षक,
अगरतला
त्रिपुरा ।

श्री ब्रजपाल सिह
उप महानिरीक्षक,
सीमा सुरक्षा दल ।

ब्रिगेडियर श्री राम,
उप महानिरीक्षक, राजौरी,
सीमा सुरक्षा दल ।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल प्रवीर कुमार चक्रवर्ती,
कमांडेंट,
76वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

कर्नल पी० शर्मा,
कमांडेन्ट,
सेंट्रल स्टोर एण्ड वर्कशाप,
सीमा सुरक्षा दल ।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल पी० के० बनर्जी,
कमांडेन्ट,
91वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री एन० ए० एस० खान,
उप निदेशक,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री एस० पी० बनर्जी,
उप महानिरीक्षक
शिलांग,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री वी० के० वर्मा,
सहायक निदेशक,
सीमा सुरक्षा दल (मुख्यालय)

श्री टी० अनन्ता चारी,
सहायक निदेशक,
सीमा सुरक्षा दल (मुख्यालय) ।

श्री रमेन दास,
कमांडेंट,
87वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री सुरजीत सिंह मान,
कमांडेंट,
24वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री शांतिमोय वर्धन,
उप कमांडेंट,
91वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

श्री बीरेन्द्र नारायण भट्टाचार्जी,
संयुक्त सहायक निदेशक (संचार),
सीमा सुरक्षा दल ।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल एस० जे० एस० राजामानिकम,
कमांडेन्ट,
25वी बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ।

मेजर प्रेम राज,
कमांडेंट,
20वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ।

श्री देवेन्द्र कुमार,
पुलिस उप अधीक्षक,
25वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस दल ।

श्री हरमेल सिंह,
हैड कांस्टेबल संख्या 80/87,
मंत्रिमण्डल सचिवालय ।

श्री रजनीकान्त सेवकलाल पारेख,
उप निदेशक,
मंत्रिमण्डल सचिवालय ।

श्री रणवीर सिंह यादव,
क्षेत्रीय संयोजक,
मंत्रिमण्डल सचिवालय ।

श्री त्रिभुवन सिंह बिष्ट,
सहायक महा निरीक्षक,
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, ।

2. ये पदक पुलिस पदक से संबंधित नियमों के नियम (ii) के अन्तर्गत दिये जा रहे हैं ।

पे० ना० कृष्णमणि,
राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 26 मई 1972

सं० 5/1/72/पी० ए० सी०—लोक-सभा और राज्य-सभा के निम्नलिखित सदस्य लोक लेखा समिति को 30 अप्रैल 1973 को समाप्त होने वाली कार्यावधि के लिए समिति के सदस्य निर्वाचित हुए हैं :—

लोक सभा के सदस्य

1. श्री भागवत झा आजाद
2. श्री आर० वी० बड़े
3. श्रीमती मुकुल बनर्जी
4. श्री ज्योतिर्मय बसु
5. श्री के० जी० देशमुख
6. चौधरी तैयब हुसैन खां
7. श्री देवेन्द्र नाथ महाता
8. श्री मुहम्मद यूसुफ
9. श्री बी० एम० मूर्ति
10. श्री एस० ए० मुरुगनन्तम
11. श्री राम सहाय पांडे
12. श्री एच० एम० पटेल
13. श्रीमती सावित्री श्याम
14. श्री इरा सेझियान
15. श्री राम चंद्र विकल

राज्य सभा के सदस्य

16. श्री एम० आनन्दम
17. श्री जी० बरबोरा
18. श्री विपिन पाल दास
19. श्री पी० एम० पाटिल
20. श्री कल्याण राय
21. श्री सवाईसिंह सिसोदिया
22. श्री श्याम लाल यादव

2. अध्यक्ष महोदय ने श्री ईरा सेझियान को समिति का सभापति नियुक्त किया है।

बी० डी० तिवारी, उप-सचिवालय

मंत्रिमंडल सचिवालय

(कार्मिक विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 17 जून 1972

सं० 32/9/72-स्थापना (ङ)—निम्नलिखित सेवाओं में ग्रेड-IV की रिक्तियों को भरने के लिए 1973 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किये जा रहे हैं :—

(i) भारतीय अर्थ सेवा, और

(ii) भारतीय सांख्यिकीय सेवा,

2. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती की जाने वाली रिक्तियों की संख्या का उल्लेख आयोग के द्वारा निकाली गई सूचना में किया जायेगा। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण भारत सरकार द्वारा निश्चित संख्या के अनुसार किया जाएगा।

अनुसूचित जातियों/आदिम जातियों से अभिप्राय निम्नांकित में उल्लिखित जातियों/आदिम जातियों से किसी एक से है, अर्थात् संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, (बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1950 और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों (सूचियों का संशोधन) आदेश, 1956 द्वारा यथा संशोधित), संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश, 1956 संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1959, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1962 संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1962 और संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964 संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जातियां आदेश, 1968, संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1968 और संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1970।

3. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा नियमों के परिशिष्ट-II में विहित रीति से लेगा।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा नियत किये जायेंगे।

4. उम्मीदवार को या तो —

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी 1972 से पहले भारत आ गया हो, या

(च) मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पकिस्तान, वर्मा, लंका और पूर्वी अफ्रीका के कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य टैंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) देशों से आया हो।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ) और (ङ) और (च) कोटियों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत

सरकार द्वारा दिया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण पत्र होना चाहिए।

परीक्षा मे उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिये पात्रता प्रमाणपत्र आवश्यक हो और उसे सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिये जाने की शर्त के साथ, अनंतिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है।

5. (क) इस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार के लिए आवश्यक है कि उसकी आयु 1 जनवरी 1973 को 21 वर्ष की पूरी हो गई हो किन्तु 26 वर्ष की न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1947 से पहले और 1 जनवरी 1952 के बाद न हुआ हो।

(ख) ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक पाच वर्ष,

(ii) यदि उम्मीदवार पूर्वी पाकिस्तान से 1 जनवरी 1964 को या उसके बाद भारत मे आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और वह 1 जनवरी 1964 को या उसके बाद पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(iv) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पांडिचेरी का निवासी हो तथा उसने किसी स्तर तक फ्रांसीसी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(v) यदि उम्मीदवार अक्तूबर 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद, श्रीलंका से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर, भारत में, आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही अक्तूबर 1964 से भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद श्रीलंका से वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(vii) यदि उम्मीदवार गोवा, दमन तथा दीव के संघ राज्य क्षेत्र का निवासी हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(viii) यदि उम्मीदवार कीनिया, उगांडा, तथा संयुक्त गणराज्य टंजानिया (भूतपूर्व टेंगानिका तथा जंजीबार) से आया मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(ix) यदि उम्मीदवार 1 जून 1963 को या उसके बाद, बर्मा से वास्तव मे प्रत्यावर्तित होकर, भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(x) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही 1 जून 1963 को या उसके बाद, बर्मा से, प्रत्यावर्तित होकर, भारत मे आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(xi) यदि उम्मीदवार रक्षा सेवाओं मे किसी बाह्य देश के साथ सघर्ष में या अशांति-ग्रस्त मे सैनिक कार्यवाही के समय विकलांग होकर निर्मुक्त हुआ सैनिक हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष, और

(xii) यदि उम्मीदवार रक्षा सेवाओं मे किसी बाह्य देश के साथ संघर्ष में या अशांति-ग्रस्त क्षेत्र में सैनिक कार्यवाही के समय विकलांग होकर निर्मुक्त हुआ सैनिक हो और अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष।

उपर्युक्त परिस्थितियों को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत मे छूट नही दी जाएगी।

6. (क) भारतीय आर्थिक सेवा के लिए उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-I में उल्लिखित किसी विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र या सांख्यिकी विषय सहित उपाधि होनी चाहिए।

(ख) भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिए उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-I में उल्लिखित किसी विश्वविद्यालय की सांख्यिकीय या गणित या अर्थशास्त्र विषय सहित उपाधि होनी चाहिए, अथवा उसके पास परिशिष्ट-Ic में उल्लिखित अर्हताओं में से कोई एक अर्हता होनी चाहिए।

टिप्पणी (1) :—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा मे बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर

वह इस परीक्षा में बैठ सकता है किन्तु अभी उसे परीक्षा परिणाम की सूचना न मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह उस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हता परीक्षा (क्वालीफाइंग एक्जामिनेशन) में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन कर सकता है बशर्ते कि वह अर्हता परीक्षा इस परीक्षा के आरम्भ होने से पहले समाप्त हो जाये, ऐसे उम्मीदवारों को यदि वे अन्य शर्तें पूरी करते हों तो इस परीक्षा में बैठने दिया जायेगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी और यदि वे अर्हता परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के प्रारम्भ होने की तारीख से अधिक से अधिक 2 महीने के भीतर प्रस्तुत नहीं करते, तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है।

टिप्पणी (2) :—विशेष परिस्थितियों में, संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई भी अर्हता न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार के अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षाएं पास की हों जिनके स्तर को देखते हुए आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देना उचित समझे।

टिप्पणी (3) :—यदि कोई उम्मीदवार अन्यथा परीक्षा में प्रवेश का पात्र हो किन्तु उसने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से उपाधि ली हो जो परिशिष्ट-I में सम्मिलित न हो तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और आयोग यदि उचित समझे तो उसे परीक्षा में प्रवेश दे सकता है।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के परिशिष्ट-I में निर्धारित शुल्क अवश्य देना होगा।

8. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी रूप से पहले से ही सरकारी सेवा करता हो, उसे इस परीक्षा में बैठने से पहले अपने विभाग के अध्यक्ष की अनुमति अवश्य लेनी होगी।

9. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा, जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) नहीं होगा।

11. यदि कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए पैरवी करेगा तो उसे परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

12. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग ने किसी दूसरे व्यक्ति की परीक्षा दिलवाने अथवा जाली या फेर-बदल किये हुए प्रमाणपत्र पेश करने अथवा गलत या झूठा तथ्य प्रस्तुत करने अथवा किसी तथ्य को छिपाने या परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित उपाय अपनाने या अपनाने की चेष्टा करने अथवा परीक्षा भवन में किसी तरह का अनुचित आचरण करने के फलस्वरूप अपराधी घोषित किया है तो उसके विरुद्ध दाण्डिक अभियोजन के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्यवाही की जा सकती है :—

(क) सदा के लिए अथवा किसी विशेष अवधि के लिए परीक्षा से वंचित किया जाना :—

(i) आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए आयोजित किसी परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा किसी साक्षात्कार में उपस्थित होने से, और

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा सरकार के अंतर्गत नौकरियों के लिए।

(ख) यदि वह पहले से ही सरकार की सेवा में हो तो उचित नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

13. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हता अंक (क्वालीफाइंग मार्क्स) प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करे, तो उसे आयोग मौखिक परीक्षा के लिए बुलाएगा।

14. परीक्षा के बाद आयोग उम्मीदवारों के द्वारा अंतिम रूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में उनकी सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों को आयोग परीक्षा के आधार पर योग्य समझेगा नियुक्तियों के लिए सिफारिश करेगा। ये नियुक्तियां उतनी अनारक्षित रिक्तियों पर की जाएंगी, जितनी का निर्णय परीक्षा के परिणाम के आधार पर किया जाएगा।

लेकिन शर्त यह है कि यदि स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित पद नहीं भरे जा सकते हैं तो आरक्षित कोटे को पूरा करने के लिए, स्तर में छूट देकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिए, सेवा के लिए योग्य होने पर, परीक्षा की योग्यता सूची में उनकी श्रेणी को ध्यान में रखे बिना ही आयोग द्वारा सिफारिश की जा सकती है।

15. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा फल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाय, उसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा। आयोग परीक्षा फल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

16. यदि कोई उम्मीदवार दोनों सेवाओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ रहा हो, तो उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन पत्र देते समय व्यक्त किए गए अधिमान-क्रम (प्रेफेरेन्स) उस पर उचित रूप से विचार किया जाएगा।

17. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलेगा जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट न हो जाये कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है।

18 उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ्य होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिससे वह संबंधित सेवा में अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक न निभा सके। यदि सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षा के बीच किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हो कि वह इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। आयोग द्वारा मौखिक परीक्षा के लिए बुलाए गए प्रत्येक उम्मीदवार को शारीरिक परीक्षा की जांच करवानी होगी।

नोट —बाद में निराश न होना पड़े इस लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भेजने से पहले सिविल-सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा लें। नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों की किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उसके लिए स्वस्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए इसे ब्योरे इन नियमों के परिशिष्ट IV में दिये गए हैं। रक्षा सेवाओं में विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य स्तर में सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुसार छूट दी जाएगी।

19. (क) जिसने ऐसी महिला/ऐसे पुरुष से विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो जिसका पति/जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने जीवित पत्नी/पति के होते हुए किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो वह उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/होगी।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति पर अथवा जिससे विवाह किया गया हो उस पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य कारण भी है तो ऐसे व्यक्ति को ऐसे कानून से छूट दे सकती है।

20. इस परीक्षा के द्वारा जिन सेवाओं के लिए भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट-III में दिया गया है।

बी० एल० मथुरिया, अवर सचिव

परिशिष्ट I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालयों की सूची

(नियम 6 के अनुसार)

भारतीय विश्वविद्यालय

कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय जो भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम से निगमित किया गया हो अथवा अन्य शिक्षा संस्थाएं जिन्हें समद के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया है अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय मान लिये जाने की घोषणा की जा चुकी है।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय
माडले विश्वविद्यालय

इंगलैंड और वेल्स के विश्वविद्यालय

बर्मिंघम, ब्रिस्टल, कैम्ब्रिज, डरहम, लीड्स, लिवरपूल, लंदन, मैंचेस्टर, ओक्सफोर्ड, रिडिंग, शैफील्ड तथा वैल्स के विश्वविद्यालय।

स्काटलैंड के विश्वविद्यालय

एबरडीन, एडिनबरा, ग्लास्गो, और सैंट एन्ड्रूज विश्वविद्यालय

आयरलैंड के विश्वविद्यालय

डबलिन विश्वविद्यालय (ट्रिनीटी कालेज)
आयरलैण्ड नेशनल विश्वविद्यालय
क्वीन्स विश्वविद्यालय, बैलफास्ट

पाकिस्तान विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय
सिंध विश्वविद्यालय

बंगला देश के विश्वविद्यालय

ढाका विश्वविद्यालय
राजशाही विश्वविद्यालय

नेपाल के विश्वविद्यालय

परिशिष्ट I क

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू

केवल भारतीय सांख्यिकीय सेवा की परीक्षा में बैठने के लिये मान्यताप्राप्त अर्हताओं की सूची [नियम 6(ख) के अनुसार]

(i) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान
कलकत्ता का संख्याविद—डिप्लोमा
(स्टेटिस्टीशियन डिप्लोमा) और

(ii) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान सांख्यिकीय संस्था का व्यवसायिक संख्याविद प्रमाण पत्र (प्रोफेसनल स्टेटिस्टीशियन सार्टिफिकेट)

परिशिष्ट II

खण्ड I

लिखित परीक्षा की रूपरेखा

भारतीय अर्थसेवा और भारतीय सांख्यिकीय सेवा की परीक्षा के विषय :—

(क) लिखित परीक्षा —

(i) निम्नलिखित खण्ड-II के उप-खण्ड क्रमश (क) (क) और (ख) (क) में दिये गये अनिवार्य विषय जिनके अधिकतम अंक 700 होंगे।

(ii) निम्नलिखित खण्ड II के उप-खण्ड क्रमशः (क) (ख) और (ख) (ख) में दिये गये ऐच्छिक विषयों में से चुने गये विषय/प्रत्येक सेवा के

उम्मीदवार उन उपखण्डों के उपबन्धों के किन्तु अधीन 400 अंक तक के ऐच्छिक विषय ले सकते हैं ।

(ख) **मौखिक परीक्षा**:—[इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग (ख) को देखिये] उन उम्मीदवारों के लिए अधिकतम 250 अंक होंगे जिनको आयोग बुलाएगा ।

खण्ड II

परीक्षा के विषय

(क) भारतीय अर्थ सेवा

(क) अनिवार्य विषय देखिये ऊपर खण्ड I का उप खण्ड (क) का खण्ड (i)

	पूर्णांक
(1) सामान्य अंग्रेजी	150
(2) सामान्य ज्ञान	150
(3) अर्थशास्त्र–1	200
(4) अर्थशास्त्र-2	200

(ख) ऐच्छिक विषय (देखिये ऊपर खण्ड–I के उप खण्ड (क) (II)

(1) तुलनात्मक आर्थिक विकास	200
(2) द्रव्य तथा लोक वित्त	200
(3) ग्राम अर्थशास्त्र तथा सहकारिता	200
(4) अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र	200
(5) सांख्यिकी-1	200
*(6) सांख्यिकी–2	200
(7) गणितीय अर्थ शास्त्र तथा ज्यमिति	200
(8) नमूना सर्वेक्षण	200
(9) औद्योगिक अर्थशास्त्र	200
(10) व्यापार के सिद्धांत और अभ्यास	200
(11) व्यवसाय वित्त तथा लेखा	200
(12) व्यवसाय प्रबन्ध तथा वाणिज्य नियम	200

शर्त यह है कि किसी उम्मीदवार को "अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र" (4) और व्यापार के सिद्धांत तथा अभ्यास (10) दोनों विषय चुनने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

इस विषय में निम्नलिखित पांच शाखाओं में से प्रत्येक पर भिन्न भिन्न प्रश्न पत्र होंगे, अर्थात् :—(i) औद्योगिक सांख्यिकी, (सांख्यिकीय गुण नियंत्रण सहित) (ii) आर्थिक साख्यिकी (iii) शैक्षिक सांख्यिकी (iv) जनन सांख्यिकी तथा (v) जन्मविद्या और जन्म मरण सांख्यिकी । इनमें से उम्मीदवार को किन्हीं दो का चुनाव करना है । प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए अधिकतम अंक 100 होंगे ।

(ख) भारतीय सांख्यिकीय सेवा

(क) अनिवार्य विषय [ऊपर खण्ड–I के उप खण्ड (क) के उप खण्ड (I) को देखिये] ।

	पूर्णांक
(1) सामान्य अंग्रेजी	150
(2) सामान्य ज्ञान	150
(3) सांख्यिकी-1	200
(4) सांख्यिकी–2	200

(ख) ऐच्छिक विषय [ऊपर खण्ड I के उप खण्ड (i) (ii) को देखिये] ।

(1) उच्च संभाविता तथा यादृच्छिक प्रक्रिया	200
(2) सांख्यिकीय अनुमिति	200
(3) प्रयोग अभिकल्पना	200
*(4) नमूना सर्वेक्षण	200
(5) अर्थ शास्त्र–I	200
(6) अर्थशास्त्र–II	200
(7) गणितीय अर्थशास्त्र तथा अर्थमिति	200
(8) तुलनात्मक आर्थिक विकास	200
(9) शुद्ध गणित–I	200
(10) शुद्ध गणित–II	200
(11) शुद्ध गणित–III	200
(12) प्रयुक्त गणित	200

*इस विषय में निम्नलिखित पांच शाखाओं में से प्रत्येक पर भिन्न भिन्न प्रश्न पत्र होंगे, अर्थात् (i) औद्योगिक सांख्यिकीय (सांख्यिकीय गुण नियत्रण सहित (ii) आर्थिक साख्यिकीय (iii) शैक्षिक सांख्यिकी (iv) जनन साख्यिकी तथा (v) जन्मविद्या और जन्म मरण सांख्यिकी । इनमें से उम्मीदवार को किन्हीं दो का चुनाव करना है । प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिये अधिकतम 100 अंक होंगे ।

नोट :—इस खण्ड में दिये हुये विषयों का पाठ्य विवरण और स्तर इस परिशिष्ट अनुसूची के भाग (क) में किया गया है ।

खण्ड III

सामान्य

1. सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखने होंगे ।

2. सांख्यिकी–II को छोड़कर उपर्युक्त खण्ड II में दिये गये विषय के प्रश्न पत्र के लिए 3 घण्टे का समय दिया जायेगा । सांख्यिकीय–II में इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग (क) की मद (आइटम) 6 पर इस विषय के नीचे दिये गये नोट के अनुसार डेढ़-डेढ़ घण्टे के पांच प्रश्न पत्र होंगे ।

3. उम्मीदवारों को प्रश्नों का उत्तर अपने हाथ से लिखना होगा । उन्हें किसी भी हालत में उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

4. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक (क्वालिफाईंग मार्क्स) निर्धारित कर सकता है ।

5 भारतीय अर्थ सेवा के लिए केवल उन्हीं उम्मीदवारों के दो ऐच्छिक प्रश्न पत्रों तथा निम्नलिखित अनिवार्य विषयों, अर्थात सामान्य अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों को जांचा और अंकित किया जायेगा जो लिखित परीक्षा के अर्थशास्त्र-I और अर्थशास्त्र–II विषयों में एक निश्चित न्यूनतम स्तर प्राप्त करेंगे, जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जायेगा ।

भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिये केवल उन्हीं उम्मीदवारों के दो ऐच्छिक प्रश्न पत्रों तथा निम्नलिखित अनिवार्य विषयों, अर्थात् सामान्य अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों को जांचा और अंकित किया जायेगा जो लिखित परीक्षा के सांख्यिकीय-I और सांख्यिकीय-II विषयों में एक निश्चित न्यूनतम स्तर प्राप्त करेंगे जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जायेगा।

6. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढ़ने लायक नहीं होगी तो उसे अन्यथा मिलने वाले कुल नम्बरों में से कुछ नम्बर काट लिये जायेंगे।

7. केवल सनही ज्ञान के लिए नम्बर नहीं दिये जायेंगे।

8. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक ठीक की गई हो।

9. उम्मीदवारों से तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली की जानकारी की आशा की जाती है। प्रश्नों के उत्तर जहां कहीं ऐसा आवश्यक हो, तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली का ही उपयोग किया जाये।

अनुसूची

(भाग-क)

